सुप्रभात
रांची, शनिवार
09.11.2024
* * नगर संस्करण। पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantralive.com
khabarmantra.net
कार्तिक, शुक्ल पक्ष, अष्टमी, संवत् 2081
मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 117




06 भारत के अनमोल रतन का जाना... : पीएम मोदी



## हर वर्ग के कल्याण के संकल्प के साथ आजसू पार्टी का संकल्प पत्र जारी, सुदेश महतो ने कहा

# राज्य में अबकी बार रोजगार देने वाली सरकार




- प्रति परिवार, हर साल 1 लाख 21 हजार रुपये की आमदनी होगी सुनिश्चित
- सरना धर्म कोड के साथ दी गई है 30 गारंटी
- नौकरी के लिए अभ्यर्थियों से केवल 10 रुपये फीस लिये जायेंगे

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** एनडीए गठबंधन में शामिल आजसू पार्टी ने भी अपना घोषणा पत्र जारी कर दिया। आजसू अध्यक्ष सुदेश महतो, सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी सहित कई नेताओं की मौजूदगी में शुक्रवार को संकल्प पत्र जारी किया गया। संकल्प पत्र में आजसू ने युवाओं, महिलाओं व किसानों के विकास पर फोकस किया है। इस अवसर पर सुदेश महतो ने कहा कि राज्य में एनडीए की सरकार बनते ही संकल्प पत्र को लागू किया जाएगा। हम जनता से किए हर वादे पूरा करेंगे। उन्होंने कहा कि पिछले पांच सालों में झारखंड व झारखंडियों की अस्मिता के साथ सरकार ने खिलवाड़ किया है। युवा के साथ सरकार ने धोखा किया। कोई वादा पूरा नहीं किया। इस सरकार के खिलाफ सभी वर्गों में रोष है। बदलाव की लहर है। हमारी सरकार जिम्मेदारी के साथ काम करेगी। युवा, महिला, किसान, सामाजिक न्याय खेलकूद, जल, जंगल, जमीन की रक्षा हमारी प्राथमिकता होगी।

### झारखंड नवनिर्माण के 9 संकल्प

1. युवाओं को रोजगार, 2. महिलाओं को अधिकार, 3. किसानों की आय में सुधार, 4. सामाजिक न्याय, शिक्षा एवं स्वास्थ्य, 5. पर्यटन एवं खेलकूद विकास, 6. झारखंडी भाषा, संस्कृति एवं विरासत की रक्षा, 7. जल, जंगल, जमीन की रक्षा, 8. औद्योगिक विकास एवं निजी निवेश, 9. स्वराज से सुशासन

पार्टी ने एक साल के अंदर सभी सरकारी पदों को भरने, पेपर लीक मामले की गंभीरता से जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने, नौकरी के लिए अभ्यथियों से केवल 10 रुपये फीस लेने, नौकरी में महिलाओं को आरक्षण देने सहित कई वादे किए गए हैं। आजसू ने किसानों की दशा सुधारने, उनकी आमदनी बढ़ाने, खेलकूद को बढ़ावा देने, जल जंगल जमीन की रक्षा करने का भी संकल्प लिया है। आजसू पार्टी के हरमू स्थित कार्यालय में संकल्प पत्र जारी करने के दौरान विधायक लंबोदर महतो, पूर्व मंत्री रामचन्द्र सहिस और प्रमुख प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत भी उपस्थित थे।

करीब 20 पेज के आजसू के इस संकल्प पत्र के आवरण पृष्ठ पर सुदेश महतो की तस्वीर के साथ अबकी बार रोजगार देनेवाली सरकार का नारा लिखा है।

आजसू ने संकल्प पत्र के जरिए राज्य की जनता को 30 गारंटी दी है। जिसमें महिलाओं को 2500 रुपये प्रतिमाह नारी सम्मान योजना के तहत देने का वादा किया गया है।

### आजसू पार्टी की प्रमुख 30 गारंटी

- हर परिवार को हर साल न्यूनतम 1 लाख 21 हजार की आमदनी सुनिश्चित होगी।
- बीपीएल परिवार को 200 यूनिट मुफ्त बिजली।
- 6 हजार से लेकर 25 हजार तक की इंटर्नशिप राशि।
- निर्मल महतो युवा निर्माण योजना के तहत बेरोजगार स्नातक और स्नातकोत्तर छात्रों को 30 हजार रुपये सालाना।
- नारी सम्मान योजना के तहत महिलाओं को 2500 रुपये।
- हर खेत तक किसानों को मुफ्त पानी और बिजली उपलब्ध कराई जाएगी।
- वृद्ध, विधवा और दिव्यांग को 2500 रुपये पेंशन।
- झारखंड आंदोलन के वीर शहीदों के परिवार को 10 हजार रुपये प्रति माह।
- बिनोद बिहारी महतो जन सुरक्षा योजना के तहत हर नागरिक को 25 लाख का दुर्घटना बीमा।
- भूमिहीन खेतिहर परिवार को 25 हजार रुपये।
- कमजोर किसान परिवार को 12 हजार रुपये प्रति वर्ष।
- गरीब एवं कमजोर परिवार को 10 लाख रुपये का जीवन बीमा।
- प्रत्येक महिला संकुल संगठन को 20 लाख रुपये का पूंजी अंशदान।
- शिक्षक, सिपाही एवं पंचायत सेवकों की भर्ती में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण।
- दलितों के लिए अंबेडकर उदय योजना।
- अल्पसंख्यक समुदाय के युवाओं के लिए शेख भिखारी अल्पसंख्यक विकास योजना।
- झारखंडी कला, संस्कृति को प्रोत्साहित करने के लिए वाद्य यंत्रों का वितरण।
- विधानसभा सीटों की संख्या में वृद्धि एवं विधान परिषद का गठन।
- हर रैयत को लैंड पासबुक, अंतिम सर्वे खतियान आधारित स्थानीयता नीति बनायी जायेगी।
- झारखंड आंदोलनकारियों के परिवारों को सरकारी नौकरी में आरक्षण।
- आबादी के अनुसार पिछड़ों को आरक्षण।
- सभी भूमिहीनों को जमीन।
- हर विधानसभा क्षेत्र में उद्योग की स्थापना।
- पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्रालय का गठन।
- सरना धर्म कोड को मान्यता।
- अवैध खनन, जमीन लूट एवं परीक्षा पेपर लीक से जुड़ अपराधियों को 10 वर्ष की सजा।
- पेसा कानून सख्ती से लागू होगा

### रोजगार से लेकर स्वराज से सुशासन तक का संकल्प

आजसू ने संकल्प पत्र के जरिए राज्य की जनता से नौ प्रमुख बिन्दुओं पर वादा किया है। युवा सरकार, सबको रोजगार से लेकर स्वराज से सुशासन तक का संकल्प लेते हुए आजसू ने महिला अधिकार, खुशहाल परिवार, किसानों की आय में सुधार, खुशियां अपार, सामाजिक न्याय, आर्थिक समानता, शिक्षा एवं स्वास्थ्य, पर्यटन एवं खेलकूद विकास, झारखंडी भाषा, संस्कृति एवं विरासत की रक्षा, जल,जंगल,जमीन की रक्षा का वादा किया है।

## इस बार पोस्टल बैलेट से मतदान में वृद्धि संभावित : डॉ नेहा अरोड़ा

- अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा- शनिवार को चलेगा वोट देने चलो अभियान


**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ नेहा अरोड़ा ने शुक्रवार को कहा कि इस बार विधानसभा चुनाव के लिये पोस्टल बैलेट से मतदान में वृद्धि संभावित है। उन्होंने कहा कि कुल 2,60,814 आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। पोस्टल बैलेट से मतदान की प्रक्रिया जारी है। पोस्टल बैलेट के आवेदन पूर्व के किसी भी आम चुनाव से अधिक हैं। उन्होंने कहा कि मतदान के दिन सुबह 5.30 बजे से मॉक पोल की प्रक्रिया शुरू होगी। सभी पोलिंग एजेंटों से अपेक्षा की जाती है कि वे मॉक पोल के समय निश्चित रूप से अपने-अपने मतदान केंद्रों पर उपस्थित रहें। उन्होंने स्वीप से संबंधित प्रचार सामग्रियों को जारी किया।

उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग की ओर से एक साथ पूरे राज्य में शनिवार को शाम 5 से 7 बजे तक वोट देने चलो अभियान चलाया जायेगा। इसके तहत बीएलओ और बैग मतदान केंद्रों पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम करेंगे। कार्यक्रम के फोटो, वीडियो, आडियो आदि को वे अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर वोट देने चलो के साथ पोस्ट एवं शेयर करेंगे। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि इस अभियान में आमजन के साथ मीडिया के लोग भी अपने सोशल मीडिया एकाउंट से निर्वाचन संबंधी जागरूकता के कंटेंट इस हैशटैग के साथ पोस्ट एवं शेयर जरूर करें।

**आचार संहिता उल्लंघन के आरोप में कुल 47 प्राथमिकियां दर्ज :** उन्होंने बताया कि आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के आरोप में अभी तक कुल 47 प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की प्रक्रिया की जा रही है। आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के सर्वाधिक 24 मामले गढ़वा जिले से सामने आये हैं। रांची जिले में भी 5 मामलों में प्राथमिकी दर्ज की गयी है। उन्होंने कहा कि राज्य में आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक 163.20 करोड़ से अधिक के अवैध सामान और नकदी जब्त किये गये हैं। इसमें सर्वाधिक जब्ती राज्य पुलिस ने की है।



ANNEXURE - 27
(CHAPTER 3, PARA 3.5)
FORMATS C-1 TO C-5

This may be published in Newspapers and TV from the day following the last date for withdrawal of candidature and upto two days before the date of poll

Format C-1

(for candidate to publish in Newspapers, TV)

Declaration about criminal cases

(As per the judgment dated 25th September, 2018, of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India &Anr.)

Name and address of candidate: JAGRE ORAON
Name of political party: BHARAT ADIVASI PARTY
(Independent candidates should write "Independent" here)
Name of Election : JHARKHAND ASSEMBLY 2024
*Name of Constituency: 66 MANDAR

I JAGRE ORAON (name of candidate), a candidate for the abovementioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents:

(A) Pending criminal cases

| Sl. No. | Name of Court | Case No. and dated | Status of case(s) | Section(s) of Acts concerned and brief description of offence(s) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | JUDICIAL MAGISTRATE COURT | 14/24 | PENDING- | U/S 2716 373,34 IPC आदर्श आचार संहिता उल्लंघन |

(B) Details about cases of conviction for criminal offences

| Sl. No. | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed | Maximum Punishment Imposed |
|---|---|---|---|

*In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of name of constituency.

### शपथ पत्र

सिरीज नं. 23/24-01-28147

मैं ऐनुल अंसारी, पिता- हमीद अंसारी, ग्राम-पो.- पिस्कानगड़ी, थाना-नगड़ी, जिला- रांची झारखंड-835393 शपथ पूर्वक बयान देता हूं कि लिखित बातें मेरी जानकारी में सत्य एवं सही हैं :-

1- यह कि प्रदूषण के खिलाफ आवाज उठाने पर मेरे विरुद्ध इटकी थाना कांड संख्या-21/2018 जिसका जी.आर. वाद संख्या 27/2018 भारतीय दंड संहिता की धारा 386, 387, 435, 427 के तहत दर्ज किया गया है। जो न्यायायालय श्रीमान् सार्थक शर्मा न्यायिक दंडाधिकारी के न्यायालय में विचाराधीन है।

2- उपरोक्त सारी बातें मेरी जानकारी में सही एवं सत्य हैं।

यह शपथ पत्र आज दिनांक 5.11.2024 ई. रांची में किया गया है।

## Format C-7

Information regarding individuals with pending criminal cases, who have been selected as candidates, along with the reasons for such selection, as also as to why to her individuals without criminal antecedents could not be selected as candidates.
(As pet the commission's directions issued in pursuance of the Order dated 13.02.2020 of the Hon'ble supreme Court in contempt petition (C) No.. 2192 of 2018 in wp (C) No. 536 of 2011)

Name of the Political Party: **JHARKHAND MUKTI MORCHA**
Name of Election : **VIDHAN SABHA 2024**
Name of State /UT : **JHARKHAND**
(I) Name of the Constituency :- **69- Bishunpur Assembly (ST)**
Name of the Candidate : **SRI CHAMRA LINDA**

| Sl. No. | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | (1) Criminal attendants | | |
| | a. | Nature of the offences | Deter Public servant from discharging of his duty |
| | b. | Case No. | In the Court of M.P./M.L.A. Ranchi, Jagarnathpur P.S. No.- 115/2013 dated 21.05.2013 Gr-2611/2013 |
| | c. | Name of the Court | I/C, J.M M.P/M.L.A., Court Ranchi |
| | d. | Whether changes have been frame or not (yes/no) | No. |
| | e. | Date of conviction, if any | Not applicable |
| | f. | details of punishment undergone, if any | Not applicable |
| | g. | Any other information required to be given | Already on bail to cout. |
| 2. | The reasons for the selection of the candidate. Selection shall be with reference qualification, 10 the achievements andmetit of the candidate, and not mere "winnability" at the polls (not more than 100 words) | | Three times M.L.A. from Bishunour constancy and whip (sachetak) from SLA Jharkhand State |
| 3. | Reasons as to why other individuals without criminal antecedents could not be selected as candidates (not wore than 100 words) | | Sri Chamra Linda is law abiding citizen. He is very well experienced and sincere party worker that is why he has been selected party candidate from Bishunpur constituency. No other individual with such ezperience could be identified for the same. |

**Sd/.**
**SRI CHAMRA LINDA**
**JHARKHAND MUKTI MORCHA**
**VIDHAN SABHA JHARKHAND 2024**

## हेमंत सरकार को आदिवासी समाज कभी माफ नहीं करेगा : हिमंता

**खबर मन्त्र संवाददाता**

- असम के सीएम ने कहा कि युवाओं को 5 लाख नौकरी देने का झूठा कसम खाकर हेमंत सोरेन ने महापाप किया



**रांची/सिमडेगा।** असम के सीएम हिमंता बिस्व सरमा ने भाजपा प्रत्याशी श्रद्धानंद बेसरा और सुजान जोजो के लिये जनता का समर्थन मांगा। उन्होंने हेमंत सरकार पर जमकर निशाना साथा। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार आदिवासियों के अधिकार लूटने का काम कर रही है। हेमंत सोरेन को आदिवासी समाज कभी माफ नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार का परिवर्तन कर होना निश्चित है। राज्य में भाजपा के नेतृत्व में एनडीए की सरकार बननी तय है।

उन्होंने कहा कि 2019 में चुनाव के समय हेमंत सोरेन ने अपने पिता का कसम खाकर युवाओं को नौकरी देने का वादा किया था, वह झूठा साबित हुआ। हेमंत सोरेन ने यूजी और पीजी के युवाओं को नौकरी नहीं मिलने तक 5000 से 7000 रुपए भत्ता देने का वादा किया था, वह भी किसी को नहीं मिला। हेमंत सोरेन अपने पिता की झूठी कसम खाकर युवाओं को ठगा है। हेमंत सोरेन ने गरीबों को 72000 देने का वादा किया था। बेटियों की शादी में सोने का सिक्का देने की बात थी। लेकिन ये सोने का सिक्का और गरीब परिवारों का 51,000 रुपये आलमगीर आलम खा गये। सीबीआई ईडी ने आलमगीर आलम के घर से 35 करोड़ रुपये बरामद किये हैं। कांग्रेस नेता धीरज साहू के घर से 350 करोड़ रुपये बरामद हुये। झारखंड के गरीबों का पैसा आलमगीर आलम और धीरज साहू मिलकर खा गये। यहां के युवा आंदोलन करते हैं, तो पुलिस उनको पीटती है। उन्होंने कहा कि झामुमो कांग्रेस की सरकार ने झारखंड को बर्बाद कर दिया है। हेमंत सोरेन की सरकार ने मंईयां सम्मान योजना की राशि देने के लिये सास का पेंशन बंद कर दिया। भाजपा की सरकार बनने पर सभी परिवारों को मुफ्त में बालू दिया जायेगा। 21 लाख गरीब परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना दिया जायेगा। झारखंडवासियों को 500 रुपए में गैस सिलेंडर दिया जायेगा। इसमें साल में त्योहार के समय 2 सिलेंडर मुफ्त दिया जायेगा। उन्होंने लोगों से भाजपा की सरकार बनाने की अपील करते हुए कहा कि झारखंड में ये बंटी और बबली की सरकार का अंत होना चाहिये।

## हेमंत सोरेन सरकार में हिंदू होना मानो अपराध : बाबूलाल मरांडी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

- भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने हेमंत सरकार पर बड़ा निशाना साधा



**रांची।** बाबूलाल मरांडी ने कहा कि राज्य सरकार की सरपरस्ती में बांग्लादेशी घुसपैठियों को बसाया जा रहा है। बांग्लादेशी घुसपैठियों को बंगाल के माध्यम से झारखंड में बसाकर उन्हें वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है। लेकिन, अनगिनत शिकायत पत्रों और अन्य स्रोतों के माध्यम से यह पता चला है कि पिछले पांच सालों में हेमंत सोरेन की सरकार, विशेष रूप से उनके तीन-चार मंत्रियों ने राज्य में हिंदू आबादी के प्रति भेदभावपूर्ण रवैया अपना रखा है। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर ऐसे हजारों वीडियो हैं, जिनमें हिंदू समाज के वृद्धजनों और माताओं-बहनों का कहना है कि जब वे किसी भी प्रकार की सहायता के लिए हेमंत सोरेन के मंत्रियों के पास जाते हैं, तो उन्हें यह कहकर भगा दिया जाता है कि तुम हिंदू हो, तुम्हें सहायता नहीं मिलेगी। उन्होंने कहा कि पूरे राज्य में ऐसी समस्यायें फैली हुई हैं। चाहे वह अस्पताल में इलाज की बात हो या फिर आवास की। अबुआ आवास योजना के अंतर्गत चुनिंदा समुदाय के लोगों को ही दिया गया। इसमें काफी बड़ी संख्या बांग्लादेशी घुसपैठियों की है। उन्हें घर बनाकर पक्का वोटर कार्ड देने की साजिश लंबे समय से चल रही है। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स के माध्यम से जनता से अनुरोध किया कि झामुमो की इस घृणित मानसिकता वाली सरकार से मुक्ति पायें। उन्होंने राज्य में डबल इंजन की सरकार बनाने का आह्वान किया।

| सारणी | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (क) | संबद्ध पुलिस थाने के नाम और पते के साथ प्रथम इतिला रिपोर्ट सं. | 1. हुसैनाबाद थाना कांड संख्या 116/14<br>2. हरिहरगंज थाना कांड संख्या 102-15 | 3. हरिहरगंज थाना कांड सं. 15/22<br>4. लालपुर थाना कांड सं. 201/2021 | 5. अम्बा थाना कांड सं. 220/2022 |
| (ख) | न्यायालय के नाम के साथ मामला सं. | 1. जीआर 2658/21 एमपी-एमएलए कोर्ट<br>2. जीआर 1706/20 एसी जेएम डालटनगंज पलामू | 3. एफएफ चार्जशीट भी प्रत्याशा में<br>4. जीआर 2725/23 एमपी-एमएलए कोर्ट रांची | **विचारण हेतु चार्जशीट की प्रत्याशा में** |
| (ग) | अंतर्वलित संबद्ध अधिनियमों/ संहिताओं की धाराएं (धारा की सं. दें, अर्थात् भारतीय दंड संहिता, आदि की धारा) | 1. 143, 341, 353, 355, 290, 504, 5069 पीसी<br>2. 341, 342, 504, 506 / 349 पीसी | 3. 147, 341, 353, 355, 290, 504, 5069 पीसी<br>4. 147, 149, 145, 341 342, 353, 196, 188, 504, 506 पीसी | **147, 143, 149, 341, 342, 353, 186, 189, 504, 506** |
| (घ) | अपराध का संक्षिप्त विवरण | 1. विधि विरुद्ध जमाव के सदस्य सरकारी अधिकारी के आदेश का उल्लंघन<br>2. सूचक को गाली गलौज अपमानित करना | 3. परिवादी को गाली गलौज अपमानित करना<br>4. सरकारी कामकाज में बाधा | **सरकारी काम में बाधा** |
| (ङ) | क्या आरोप विरचित किये गये हैं (हां या नहीं का उल्लेख करें) | 1. हां<br>2. नहीं | 3. नहीं<br>4. नहीं | **नहीं** |
| (च) | यदि उपर्युक्त मद (ङ) के सामने उत्तर हां है तो वह तारीख दें, जिसको आरोप विरचित किये गये थे | 1. 9.9.18<br>2. शून्य | **शून्य** | **शून्य** |
| (छ) | क्या कार्यवाहियों के विरूद्ध कोई अपील/ पुनरीक्षण के लिए आवेदन फाइल किया गया है (हां या नहीं का उल्लेख करें) | **शून्य** | **शून्य** | **शून्य** |

**- कुशवाहा शिवपूजन मेहता**

## आरती कुजूर को डिजिटल अरेस्ट किया गया : भाजपा

भाजपा ने निर्वाचन आयोग को ज्ञापन सौंप कर राजनीतिक षडयंत्र की आशंका जतायी



**रांची।** भाजपा का एक प्रतिनिधिमंडल सुधीर श्रीवास्तव के नेतृत्व में चुनाव आयोग पहुंचकर आरती कुजूर के डिजीटल अरेस्ट के संबंध में ज्ञापन दिया। उन्होंने आशंका जताई कि राजनीतिक प्रतिद्वंदिता के चलते यह कार्य सरकार में शामिल पार्टियां करा सकती हैं। उन्होंने बताया कि गंगोत्री कुजूर के मोबाइल पर अज्ञात नंबर से कॉल आया और कहा गया कि वो मुंबई पुलिस से बोल रहा है और ये भी बताया कि एक प्राथमिकी भी दर्ज की गई है। साथ ही वाट्सअप कॉल करके गंगोत्री कुजूर की धमकी दी गयी। इस घटना से गंगोत्री कुजूर मानसिक रूप से अस्वस्थ हो गई हैं। इस बात की पूरी संभावना है कि चुनाव में असर डालने के लिये ऐसा प्रयास किया गया है। मामले में भाजपा का एक प्रतिनिधिमंडल के साथ आरती कुजूर भी अरगोड़ा थाना गई थी प्राथमिकी दर्ज कराने। लेकिन बड़ा बाबू नहीं हैं बोल कर थाना में आवेदन तो ले लिया गया।

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सुप्रभात

रांची, शनिवार
09.11.2024

नगर संस्करण। पेज : 12

khabarmantralive.com

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित

सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | कार्तिक, शुक्ल पक्ष, अष्टमी, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 117




12 भारत आर्थिक प्रगति में दुनिया का नेता बना : पुतिन







# छठ व्रतियों के उगते सूर्य भगवान को अर्घ्य के साथ ही महापर्व का समापन





खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** लोक आस्था के छठ महापर्व के चौथे दिन (शुक्रवार) की सुबह छठ व्रतियों के उगते सूर्य भगवान को अर्घ्य देने के साथ ही समापन हो गया। सुबह से ही श्रद्धालु भगवान सूर्य को सबसे पहले अर्घ्य देने के लिए आतुर नजर आये। इसे लेकर लोगों में बहुत उत्साह दिखाई दिया। लोग नये कपड़े पहनकर घाटों पर पहुंचे और पूरे विधि-विधान से पूजा की। वहीं महिलाओं ने छठ पूजा के दौरान लोकगीत की गाए।

छठ महापर्व का उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ समापन हुआ। इसके साथ ही 36 घंटे का निर्जला व्रत भी पूरा हुआ। श्रद्धालुओं ने घाटों पर जाकर उगते सूर्य को अर्घ्य दिया और छठ पूजा संपन्न की। सुबह 3 बजे से ही छठ घाटों पर लोगों की भीड़ उमड़ने लगी थी। सभी व्रती पूजा की सामग्री लेकर घाट पहुंच रहे थे। इससे पहले गुरुवार को अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया गया था।





**घर की छत पर 'जल कुंड' बना दिया अर्घ्य :** प्रदूषित होती नदियों को देखते हुए। कई व्रती अपने घर की छतों के ऊपर ही बने 'जल कुंड' में भगवान भाष्कर को अपना अर्घ्य अर्पण किया।

**एचडीएफसी बैंक ने विभिन्न छठ घाटों पर सफाई अभियान चलाया :** एचडीएफसी बैंक झारखण्ड जोन ने झारखण्ड के विभिन्न छठ घाटों पर सफाई अभियान चलाया। इस अभियान के दौरान एचडीएफसी बैंक शाखा टीम ने स्वच्छ घाट अभियान के लिए स्थानीय प्रशासन, नगर निगम और जिला स्तर पर गैर सरकारी संगठनों के सहयोग से समन्वय किया। इस अवसर पर एचडीएफसी झारखंड जोन जोनल हेड अभिषेक कुमार ने कहा कि छठ पूजा से पहले और बाद में घाट को साफ रखना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है, यह लोगों के बीच जागरूकता और पहल का मामला है और हमने यह अभियान शुरू किया है और जारी रखेंगे। सामुदायिक जुड़ाव को बढ़ावा देने और आध्यात्मिक अनुभव को बढ़ाने के लिए आने वाले वर्षों में यह अभियान चलाया जाएगा।

## झारखंड में परिवर्तन की लहर, बन रही एनडीए सरकार : सम्राट चौधरी



- बिहार के उप मुख्यमंत्री ने कहा कि राहुल गांधी को अपने पूर्वजों की गलती का पश्चाताप करना चाहिये

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने हरिहरगंज और सिमरिया में विशाल जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने आरजेडी पर निशाना साधते हुये कहा कि जब बिहार-झारखंड एक था तब लालू प्रसाद के मुख्यमंत्री रहते विकास की किरण हर गांव तक नहीं पहुंच पाई थी। पूरे बिहार में जब राजस्व की वसूली होती थी, उसका 87 प्रतिशत अकेले झारखंड देता था। लेकिन, आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को विकसित बनाने का संकल्प लिया है। प्रधानमंत्री मोदी मेक इन इंडिया के माध्यम से एक ऐसा शेर बनाया जा रहा है, जो दुनियाभर में दहाड़ने का काम करेगा। उन्होंने कहा कि साल 2029 में भारत अर्थव्यवस्था में नंबर वन पर आ जायेगा। हेमंत सरकार ने यहां विकास को ठप किया। उन्होंने कहा कि भाजपा ने दलितों और आदिवासियों को आरक्षण देने का काम किया था। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुये कहा कि राहुल गांधी को अपने पूर्वजों की गलती का पश्चाताप करना चाहिये। हेमंत सोरेन पर निशाना साधते हुये कहा कि जो लोग जेल से आये हैं, वो लोगों से झूठे वादे कर रहे हैं। इस बार चुनाव में मोदी जी ने सोलर पैनल लगाने और 200 यूनिट बिजली मुफ्त देने का वादा किया। मोदी जी अपने इस वादे को सरकार बनते ही पूरा करेंगे। इसके साथ ही सभी बहनों को हर महीना गोगो दीदी योजना के तहत 2100 रुपए दिये जायेंगे।

# भाजपा ने आदिवासी मुख्यमंत्री की छवि बिगाड़ने के लिए विज्ञापन पर करोड़ों फूंके : झामुमो

खबर मन्त्र संवाददाता




**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता विनोद कुमार पांडेय ने एक बयान जारी कर कहा है कि भाजपा के ऊपर से नीचे तक के नेताओं के भाषणों पर गौर करें तो यह समाज को तोड़ने के लिए सांप्रदायिक जहर से भरे हुए होते हैं। सार्वजनिक मंच पर लोगों के बीच भाजपा नेताओं के नफरती बोल और सोशल मीडिया पर भी यही घिनौनी हरकतों का सच सामने आने के बावजूद चुनाव आयोग की ओर से कोई भी कदम नहीं उठाया जाना गंभीर चिंता का विषय है।

केंद्रीय महासचिव ने दलित सॉलिडेरिटी फोरम, हिंदूज फॉर ह्यूमन राइट्स, इंडिया सिविल वॉच इंटरनेशनल, इंडियन अमेरिकन मुस्लिम काउंसिल और टेक जस्टिस लॉ प्रोजेक्ट द्वारा संयुक्त रूप से तैयार की गयी रिपोर्ट के हवाले से यह दावा किया है। विनोद पांडेय ने कहा कि भाजपा ने आदिवासी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की छवि को धूमिल करने और नफरत फैलाने के लिए करोड़ों रुपये खर्च किये।

झारखंड चुनाव से पहले सोशल मीडिया के माध्यम से झूठ और साम्प्रदायिकता फैलाने के लिए भाजपा ने छाया अकाउंट्स (शैडो एकाउंट्स) का उपयोग किया है। छाया अकाउंट के माध्यम से हेमंत सोरेन सरकार के खिलाफ सांप्रदायिक व विभाजनकारी सामग्री (कंटेंट) का युद्ध स्तर पर प्रसार किया गया। आदिवासी मुख्यमंत्री को अपमानित करने वाले पोस्ट डाले जा रहे हैं।

रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है कि चुनाव आयोग इस मामले में निष्क्रिय है, जबकि इस पर चुनावी नियमों को लागू करने की जिम्मेदारी है। विनोद पांडेय ने रिपोर्ट के हवाले से कहा कि मेटा प्लेटफॉर्म पर भाजपा ने तीन माह में राजनीतिक विज्ञापनों पर 2.25 करोड़ रुपये से अधिक खर्च किये हैं और छाया विज्ञापनों का एक जटिल नेटवर्क स्थापित किया है।

रिपोर्ट को लेकर कहा गया है कि इसे कई नागरिक अधिकार संगठनों ने तैयार किया,यह रिपोर्ट दलित सॉलिडेरिटी फोरम, हिंदूज फॉर ह्यून राइट्स, इंडिया सिविल वॉच इंटरनेशनल, इंडियन अमेरिकन मुस्लिम काउंसिल और टेक जस्टिस लॉ प्रोजेक्ट द्वारा संयुक्त रूप से तैयार की गयी है। रिपोर्ट में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ एक समन्वित अभियान और उनके आदिवासी पहचान को लक्षित करने की चर्चा भी की गयी है। झामुमो ने चुनाव आयोग से अपील की है कि वह भाजपा के इस कथित षड्यंत्र को रोकने के लिए कार्रवाई करे।

## श्री गुरुनानक सत्संग सभा की प्रभात फेरी में 600 से अधिक श्रद्धालु हुए शामिल

खबर मन्त्र संवाददाता



रांची। गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा द्वारा श्री गुरुनानक देव जी महाराज के 555वें प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में शुक्रवार को प्रभात फेरी गुरुद्वारा साहिब के पार्किंग गेट से सुबह 5:30 बजे आरंभ होकर दीनदयाल काठपालिया ,चरणजीत मुंजाल, हरविंदर सिंह बेदी,बसंत काठपाल,सरदार गुरमीत सिंह,मनोहर लाल जसूजा के घरों के सामने से होते हुए गुरु कृपा रेसीडेंसी एवं वैष्णवी अपार्टमेंट पहुंची और फिर वहां से दिलीप सिंह,गुरदीप सिंह मल्होत्रा और नरेश पपनेजा की गलियों से होते हुए वापस गुरुद्वारा साहब के पार्किंग गेट पहुंचकर सुबह 8:15 बजे समाप्त हो गई। फेरी में सत्संग सभा की कीर्तन मंडली के सुंदर दास मिढ़ा, जसपाल मुंजाल, इंदर मिढ़ा, रमेश पपनेजा,नवीन मिढ़ा, आशु मिढ़ा, बबली दुआ, गीता कटारिया,शीतल मुंजाल, इंदु पपनेजा, नीता मिढ़ा, रेशमा गिरधर, मनजीत कौर, बबीता पपनेजा ने थिरु घर बैसहु हर जन पिआरे सतगुर तुमरे काज सवारे....... शबद गायन कर माहौल को भक्तिमय कर दिया। प्रभात फेरी में अशोक बजाज, मुकेश बजाज, जितेंद्र मुंजाल, ललित गखड़, अनूप गिरधर, मनोहर लाल जसूजा, अशोक मुंजाल, प्रकाश गिरधर, सोनू खुराना, गुलशन मुंजाल, अनूप खत्री, शंटी मल्होत्रा, जीतू अरोड़ा, अश्विनी सुखीजा, रौनक ग्रोवर, पीयूष मिढ़ा, नवीन मिढ़ा, आशु मिढ़ा, रमेश तेहरी, कमल धमीजा, कुलदीप सिंह बेदी, सागर पपनेजा, रजत मुंजाल, आशीष ग्रोवर, सुदेश मिढ़ा, वेद प्रकाश मिढ़ा, भगवान दास मुंजाल, जगदीश मुंजाल, हरजीत बेदी, प्रवीण काठपाल, राजेंद्र कटारिया, प्रताप तलेजा, मनीष मल्होत्रा, राजेश मक्कड़, संदीप पपनेजा, दिनेश किंगर, वीनू बेदी, खुशबू मिढ़ा, राज काठपाल, दुर्गी देवी मिढ़ा, अंजू पपनेजा, रेणु चौधरी, कुसुम पपनेजा, श्वेता मुंजाल, ममता पपनेजा, रानी तलेजा, नितिका पपनेजा, अंजू काठपाल, अंकिता पपनेजा, बबली मल्होत्रा,मीना गाबा,शशि किंगर,गीता मुंजाल समेत अन्य शामिल थे।

# बिश्रामपुर और छतरपुर में झामुमो ने कांग्रेस को दिया समर्थन, अकेले पड़ा राजद

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव के पहले चरण में होनेवाले चुनाव की तिथि नजदीक आने के बावजूद इंडी गठबंधन में सीट शेयरिंग को लेकर उत्पन्न विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है।

इंडी गठबंधन में विधानसभा की तीन सीटों पर अभी तक आपस में सहमति नहीं बन पायी है। इस स्थिति में पलामू जिले की बिश्रामपुर व छतरपुर सीट पर इंडी गठबंधन के सहयोगी दल कांग्रेस व राजद के उम्मीदवार आपस में टकरा रहे हैं। जबकि धनवार में झामुमो व माले के उम्मीदवार मैदान में हैं। इधर, बिश्रामपुर व छतरपुर में पलामू जिला झामुमो ने राजद के बदले कांग्रेस उम्मीदवार को समर्थन देने का फैसला लिया है। जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा के निर्देश पर दोनों विधानसभा क्षेत्रों में झामुमो के नेता व कार्यकर्ता कांग्रेस प्रत्याशी के समर्थन पर प्रचार-प्रसार कर रहे हैं। झामुमो ने राजद का साथ छोड़ दिया है।

झारखंड प्रदेश कांग्रेस पहले से ही कहती रही है कि बिश्रामपुर व छतरपुर सीट गठबंधन के तहत कांग्रेस के खाते में है। लेकिन राजद ने इन दोनों सीटों पर जबरन उम्मीदवार दिया है।

राजद को गठबंधन के तहत सिर्फ पांच सीट मिली है। इसके बावजूद उसने सात सीटों पर उम्मीदवार दिया है। राजद को पलामू में केवल हुसैनाबाद की सीट मिली है।

इधर, बिश्रामपुर व छतरपुर में राजद उउम्मीदवार भी अपने को इंडी गठबंधन का प्रत्याशी बता वोटरों को लुभा रहे हैं। अब देखना है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेने या कल्पना सोरेन बिश्रामपुर व छतरपुर में कांग्रेस प्रत्याशियों के समर्थन में सभा करने जाते हैं या नहीं। सबकी नजरें इसी पर टिकी हैं।

## विस चुनाव से पहले भैरव सिंह समेत सात जिलाबदर

- पांच को थाना में हाजिरी लगाने का आदेश

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव से पहले रांची जिला प्रशासन ने भैरव सिंह समेत सात लोगों को जिला बदर किया है। वहीं पांच लोगों को हर दिन थाना में हाजिरी लगाने का निर्देश दिया है। सभी लोगों को 20 दिनों के लिए जिलाबदर किया गया है। इससे संबंधित आदेश रांची डीसी की ओर से जारी की गयी है। आदेश में बताया गया है कि एसएसपी रांची की रिपोर्ट के अनुसार, डीएसपी कोतवाली रांची ने प्रतिवेदन दिया है कि भैरव सिंह पेशेवर आसामाजिक तत्व है। उसका मुख्य पेशा लोगों को गुमराह कर क्षेत्र में अशांति फैलाना और सामाजिक सौहार्द बिगाड़ना है, जो समाज के लिए खतरनाक है।



**इन सात लोगों को किया गया जिलाबदर :** भैरव सिंह, सरताज अंसारी, बेबासिंह मुंडा, आनंद वर्मा, सनी सिंह, प्रकाश यादव, चंदन सिंह का नाम शामिल है।

**इनको हर दिन थाना में लगाना होगा हाजिरी :** आकाश सिंह उर्फ एलेक्स , मोबिन अंसारी, सकलदेव बड़ाइक, रोहित चौरसिया एवं कारो पाहन का नाम शामिल है।

## कमड़े आश्रम नदी छठ घाट पर व्रतियों ने उदीयमान सूर्य को दिया अर्घ्य



**रांची।** नव उज्जवल काली पूजा एवं छठ पूजा समिति के तत्वावधान में कमड़े नदी छठ घाट पर व्रतियों ने उदयीमान सूर्य को अर्घ्य दिया। हजारों की संख्या में व्रती छठ पूजा करने हर साल यहां पहुंचते हैं। समिति के अध्यक्ष कमल बरियार ने बताया कि यहां समिति वर्ष 2001 से छठव्रतियों की सेवा में तत्पर है। छठ व्रतियों के अर्घ्य देने के लिए समिति कमड़े आश्रम नदी के छठ घाट की साफ–सफाई, साउंड–लाइट, साज–सज्जा और मंच की व्यवस्था करते आया है। बरियार ने यह भी बताया कि समिति कमड़े आश्रम गली में भव्य काली पूजा का आयोजन करती है। छठ व्रतियों की सेवा में अध्यक्ष कमल बरियार, सचिव टोनी लोहरा, अमित लोहरा, पंकज महतो, डब्ल्यू मिश्रा, प्रेम रंजन आदि दिनरात एक कर लगे रहे।

## अंगिका समाज ने लगाया शिविर

रांची। महापर्व छठ के पर्व के मौके पर अंगिका समाज ने छठ व्रतियों एवं श्रद्धालुओं के लिये सेवा शिविर लगाया। शिविर के द्वारा दूध, फल सहित अन्य सामग्री का वितरण किया। इस सेवा कार्य में मुख्य रूप से अंगिका समाज की नेत्री नीतू सिंह सहित अन्य लोगो मौजूद थे।

## छठ व्रतियों के लिए लगा शिविर

**रांची।** सरना समिति मोराबादी एवं गीतांजलि क्लब मोराबादी ने संयुक्त रूप से छठ व्रतियों के लिए शिवर लगाया। इस मौके पर छठ व्रतियों के लिए निशुल्क पूजन सामग्री , दूध और फल का वितरण किया गया। साथ घाट पर विद्युत साज सज्जा किया गया। इस कार्य में मनोज गुप्ता,विनोद गोप,आशीष दानी, सतीश मुंडा चंदन मिर्धा, मनीष तिर्की, अमित मुंडा मुंडा, मुन्ना मुंडा, रंजीत उरांव वीरेंद्र कुमार राय, दयानंद राय अजय मुंडा का सहयोग रहा।

# कांग्रेस ने आरक्षण खत्म करने की घोषणा का किया समर्थन : गौरव वल्लभ

- भाजपा के प्रखर वक्ता ने कहा कि हेमंत सोरेन को इस बात का जवाब देना होगा कि उनकी एलाइंस कांग्रेस आरक्षण खत्म क्यों करना चाहती है

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** भाजपा के प्रखर वक्ता गौरव वल्लभ ने कहा कि कांग्रेस पार्टी आरक्षण खत्म करने का समर्थन किया है। श्री वल्लभ शुक्रवार को पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन और कांग्रेस को सीधा जवाब देना होगा कि वे धारा 370 और 35ए हटाने के पक्ष में हैं या विरोध में हैं। 5 अगस्त, 2019 को इसे जम्मू कश्मीर से हटाया गया। उसके बाद 5 सालों में जम्मू कश्मीर में विकास की यात्रा देखी है। वहां आतंकवाद की घटनाओं में 70 फीसदी की कमी आई है। नागरिकों की मृत्यु में 80 प्रतिशत की कमी आई। पर्यटकों में 300 प्रतिशत की वृद्धि हुई। जम्मू कश्मीर का बजट 17 फीसदी बढ़ गया। पत्थरबाजी की घटना बिल्कुल बंद हो गई। उन्होंने कहा कि नेशनल कांफ्रेंस ने अपने घोषणा पत्र में आरक्षण को समाप्त करने की बात कही थी और कांग्रेस ने उसका समर्थन किया था। राहुल गांधी अमेरिका में बोल ही चुके हैं कि वे आरक्षण को खत्म करने का प्लेन बनाना चाहते हैं। हेमंत सोरेन को इस बात का जवाब देना होगा कि उनकी पार्टी के बैनर में जिस नेता की तस्वीर लगी हुई है, वह आरक्षण को क्यों खत्म करना चाहते हैं। हेमंत सोरेन बतायें कि आरक्षण को खत्म करना चाहते हैं।

उन्होंने कहा कि झारखंड में पिछले 5 साल से घुसपैठिया स्वागत योजना चल रही है। इसमें घुसपैठियों का रेड कारपेट स्वागत होता है। यह योजना 23 नवंबर को बंद हो जायेगी। इस योजना के जो लाभार्थी अंदर घुस गये हैं, उन्हें चुन चुन कर चिन्हित करके वापस झारखंड के बाहर भेजा जायेगा। यह जल, जंगल, जमीन झारखंड के लोगों की है। वोट बैंक की खातिर हेमंत सोरेन और उनके प्रशासन ने उन्हें बसाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन कांग्रेस के भ्रष्टाचार के साथ खड़े रहे। जम्मू कश्मीर विधानसभा में जो प्रस्ताव पारित हुआ, उससे यह साबित होता है। उन्होंने कहा कि जम्मू-काश्मीर विधानसभा में जो भी कुछ हुआ, वह पाकिस्तान और देश विरोधी लोगों को खुश करने के लिये किया गया।

उन्होंने कहा कि जम्मू कश्मीर कांग्रेस विधायक दल के नेता और झारखंड के प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने कहा कि उनकी पार्टी कांग्रेस ने विशेष दर्जे को कम करने और विभाजन के खिलाफ लोगों की नाराजगी का समर्थन किया था और किया है। गुलाम अहमद मीर ने एक तरह से प्रस्ताव का समर्थन किया। कांग्रेस विधानसभा में इस प्रस्ताव के समर्थन में खड़ी नजर आई। राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी अनुच्छेद 370 को हटाने पर अपनी स्थिति स्पष्ट करे। कांग्रेस के एक और पुराने नेता सैफुद्दीन सोज ने प्रेस रिलीज करके इस प्रस्ताव का समर्थन किया है। इस अवसर पर प्रदेश प्रवक्ता प्रदीप सिन्हा, सह मीडिया प्रभारी अशोक बड़ाईक और तारिक इमरान भी मौजूद थे।

## अब्दुल रबनावाज ने डोरंडा क्षेत्र के मस्जिदों में चलाया जनसंपर्क अभियान



**रांची।** एनएसयूआई के जिला महासचिव अब्दुल रबनावाज ने शुक्रवार को अजय नाथ शहदेव के पक्ष मे डोरंडा क्षेत्र के कई मस्जिदों के बाहर जन संपर्क अभियान चलाया। मौके पर अब्दुल ने लोगो को कांग्रेस का पट्टा पहना कर सभी का अभिवादन किया और कहा कि पिछले 5 सालों की अगर बात करें तो हमारे झारखंड मे हेमंत सोरेन के कार्यकाल मेजिस तरह झारखंड मे आपसी भाईचारगी और अमन शांति कायम रहा है इसी तरफ हमें इसे आगे भी बनाए रखना है।हम हिन्दू मुस्लिम सब एक दूसरे के भाई है।आज कुछ पॉलिटिकल पार्टी आप को एक दूसरे से लड़ा रही है आपसी मुहब्बत को खत्म करवा रही है और तोड़ने की राजनीति कर रही है। मगर हमारी कांग्रेस पार्टी तोड़ने की राजनीति नहीं बल्कि लोगों को और समाज को आपस में जोड़ने की बात करती है जहां तक बात करे हटिया की तो हटिया मे पिछले 15 सालों में जो विकास होना चाहिए था वो अब तक नहीं हुआ है। इसलिए इस बार हमे हटिया के संपूर्ण विकास के लिए परिवर्तन करना होगा और हटिया से अजय नाथ शहदेव को भारी मतों से विजय बनाना है।

सुप्रभात
रांची, शनिवार
09.11.2024
नगर संस्करण। पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantralive.com
khabarmantra.net
कार्तिक, शुक्ल पक्ष, अष्टमी, संवत् 2081
मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 117




12 मोदी ने आडवाणी को जन्मदिन की बधाई दी




## न्यूज डायरी

### पीएम के दौरे को लेकर एसपीजी टीम रांची पहुंची

**रांची।** पीएम नरेंद्र मोदी 10 नवंबर को झारखंड आ रहे हैं। रांची में वे रोड शो करेंगे। रोड शो कार्यक्रम ओटीसी ग्राउंड से रातू रोड चौक तक होगा। इसको लेकर एसपीजी की टीम रांची पहुंच गयी है। इस रोड शो के दौरान सुरक्षा व्यवस्था में किसी प्रकार की चूक ना हो, इसको लेकर पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये जा रहे हैं।

### पीएम मोदी ने भी दिया नारा- 'एक हैं तो सेफ हैं'

**नासिक।** पीएम मोदी ने शुक्रवार कांग्रेस पर एक जाति को दूसरी जाति से लड़ाने का आरोप लगाया। उन्होंने लोगों को एकजुट रहने के लिए आगाह करते हुए कहा कि वे एक हैं तो सेफ हैं। कांग्रेस नेता नहीं चाहते कि एससी, एसटी और ओबीसी प्रगति करें और उन्हें उचित मान्यता मिले। दलितों, वाल्मीकि समुदाय को जो आरक्षण मिला था, उसे छीन लिया जाये। याद रखें, एक हैं तो सेफ हैं।

### दो बाइक की टक्कर में दो युवक की मौत, चार घायल

**सरायकेला।** कांड्रा–चौका मुख्य मार्ग पर रेलवे ओवर ब्रिज पर शुक्रवार को दो मोटरसाइकिल के बीच हुई आमने सामने टक्कर में दो युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि महिला, दो बच्चा समेत एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गये।

### अनियंत्रित बाइक के नहर में गिरने से दो की मौत

**पलामू।** हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के जपला–नबीनगर रोड पर एक सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गयी। बताया जाता है कि एक अनियंत्रित बाइक लोटनिया गांव के समीप नहर पुल से नीचे जा गिरी।

### हजारीबाग में 2.5 करोड़ की अफीम बरामद

**हजारीबाग।** पुलिस ने कार से 2.5 करोड़ रुपये की अफीम और 29 लाख रुपये नकदी के साथ तस्कर के एक आरोपित को गिरफ्तार किया है।

### सीजेआई डीवाई चंद्रचूड कल होंगे सेवानिवृत्त

**नई दिल्ली।** चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने 10 नवंबर को सेवानिवृत्त हो जायेंगे। शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन की ओर से आयोजित विदाई समारोह में कहा कि मैं सबसे अधिक ट्रोल किए जाने वाले जजों में से एक हूं। उन्होंने कहा कि सवाल तो अब उन ट्रोल करने वालों के लिए है, जो 11 नवंबर से क्या करेंगे।

पहले चरण के मतदान को लेकर चुनाव प्रचार तेज, एनडीए और इंडी गठबंधन के बीच आरोप-प्रत्यारोप जारी

# घुसपैठ, भ्रष्टाचार व आदिवासी मुद्दे हावी

**खबर मन्त्र टीम**

**रांची।** झारखंड में 13 नवंबर को होने वाले पहले चरण के मतदान को लेकर प्रत्याशियों ने चुनाव प्रचार तेज कर दिया है। चुनाव प्रचार के दौरान एनडीए और इंडी गठबंधन के नेता अपने-अपने चुनावी समीकरण के जरिए मतदाताओं को साधने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन इस चुनाव में जो मुख्य मुद्दे हैं वह बांग्लादेशी घुसपैठ, भ्रष्टाचार, आदिवासियों के साथ अन्याय और राज्य के विकास से जुड़े विषय प्रमुख हैं। एनडीए के नेता जहां झामुमो-कांग्रेस और राजद को राज्य के विकास को पीछे धकलने का आरोप लगा रहे हैं वहीं इंडी गठबंधन के नेता भाजपा पर सिर्फ पूंजिपतियों को लाभ पहुंचाने और केंद्रीय एजेंसियों का दुरूपयोग करने का आरोप लगा रहे हैं। इस चुनाव में इंडी गठबंधन मैया सम्मान योजना और 40 लाख लोगों को सर्वजन पेंशन देने के वादा के साथ दोबारा सत्ता में आने के प्रयास में जुटी है। वहीं एनडीए गो-गो दीदी योजना, 500 में एलपीजी सिलिंडर देने समेत कई लुभावने वादे के साथ इस बार झारखंड की सत्ता में काबिज होना चाहती है।

राहुल गांधी सिमडेगा और लोहरदगा में आयोजित सभा में गरजे

## आदिवासियों को उजाड़ना चाहते हैं भाजपायी, तोड़ देंगे 50 फीसदी रिजर्वेशन की दीवार : राहुल गांधी

**राहुल गांधी की आज हजारीबाग और बाधमारा में जनसभा, जमशेदपुर में करेंगे रोड शो**

**एजेंसी**

**सिमडेगा/लोहरदगा।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि बिरसा मुंडा ने आदिवासियों के जल, जंगल और जमीन को बचाने के लिए संघर्ष किया था लेकिन भाजपा आदिवासी को वनवासी कहती है, ऐसा इसलिए क्योंकि, भाजपा के लोग आपका जल, जंगल और जमीन छीनना चाहते हैं। आदिवासी का मतलब है, उस जगह का सबसे पहला मालिक। इसलिए कांग्रेस आपको आदिवासी कहती है। वनवासी का मतलब है कि आप जंगल में रहते हो। इसलिए आपका जल, जंगल और जमीन पर कोई अधिकार नहीं है। इसलिए भाजपा आदिवासी को



वनवासी कहती है। राहुल शुक्रवार को झारखंड के सिमडेगा में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन संविधान को बचाने में जुटी है जबकि भाजपा संविधान को खत्म करना चाहती है।

उधर लोहरदगा में राहुल गांधी ने कहा कि अगर वे सत्ता में आते हैं तो 50 प्रतिशत रिजर्वेशन की दीवार को गिरा देंगे। इसके साथ ही आदिवासियों को 26 प्रतिशत की जगह 28 प्रतिशत रिजर्वेशन देंगे।

राहुल गांधी ने कहा कि देश में आज दो विचारधाराओं की लड़ाई चल रही है। देश में आदिवासियों, दलित और पिछड़ा वर्ग की भागीदारी ना के बराबर है। राहुल ने कहा कि जब वे जातीय जनगणना की बात करते हैं तो उन्हें कहा जाता है कि वे बांटने वाली राजनीति कर रहे हैं, लेकिन इससे देश बंटेगा नहीं बल्कि मजबूत होगा।

### मोदी, शाह व अडानी पर साधा निशाना

राहुल ने कहा कि हम चाहते हैं कि इस देश को 90 प्रतिशत लोग मिलकर चलाएं लेकिन भाजपा चाहती है कि इस देश को दो तीन लोग ही चलाएं नरेन्द्र मोदी, अमित शाह, अंबानी और अडानी। उन्होंने कहा कि भाजपा के लोग जहां जाते हैं एक भाई को दूसरे भाई से लड़ाते हैं। एक धर्म को दूसरे धर्म से और एक जात को दूसरी जात से, एक भाषा को दूसरे भाषा से लड़ाते हैं और गुस्सा नफरत फैलाते हैं।

भाजपा चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने बहरागोड़ा, मनोहरपुर और जगन्नाथपुर में मांगा समर्थन, कहा

## एक बड़ा संकट बनकर आदिवासी संस्कृति पर छाये हुए हैं घुसपैठिये



- झारखंड में माटी, बेटी, रोटी बचाने के लिए संकल्पित
- तय है झामुमो की विदाई, होगा भाजपा का उदय
- आदिवासी संस्कृति को संरक्षित करेगी भाजपा
- अवैध घुसपैठ के खिलाफ कानून बनायेंगे

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को बहरागोड़ा विधानसभा से प्रत्याशी दिनेशानंद गोस्वामी, मनोहरपुर से उम्मीदवार दिनेश चंद्र बोयपाई और जगन्नाथपुर विधानसभा प्रत्याशी गीता कोड़ा के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने झामुमो-कांग्रेस गठबंधन की सरकार पर निशाना साधते हुये कहा कि इनके रहते जनता सुखी नहीं है। इन्होंने झारखंड को तबाह और बर्बाद कर दिया है। झारखंड में माटी, बेटी, रोटी बचाने के लिए जनता संकल्पित है। उन्होंने कहा कि राज्य में एनडीए की सरकार बनना तय है। उन्होंने कहा कि घुसपैठिये एक बड़ा संकट बनकर आदिवासी संस्कृति पर छाये हुये हैं। ये हमारा देश है, कोई धर्मशाला नहीं है लेकिन, यहां धड़ल्ले से घुपैठिये आ रहे हैं लेकिन, सोरेन सरकार चुप्पी साधे बैठी है। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार बनेगी तो जो घोषणा पत्र में वादे किये गये हैं भाजपा की सरकार उसे अवश्य पूरा करेगी।

## कांग्रेस–झामुमो–राजद ने रांची को बना दिया कराची : मोहन यादव

**वोट के लालच में घुसपैठियों को बसा रही हेमंत सरकार**



**रांची/पांकी।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने लातेहार के बालूमाथ और पलामू के पांकी में विशाल जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि झामुमो, कांग्रेस और राजद ने लोकतंत्र के अधिकारों की हत्या कर दी है। इन दलों ने रांची को कराची बना दिया। उन्होंने हेमंत सोरेन पर निशाना साधते हुए कहा कि हेमंत सोरेन अपने कर्मों से जेल गये लेकिन जेल से आने के बाद भी वोट मांग रहे हैं लेकिन इस बार प्रदेश की जनता हेमंत सरकार के सभी पुराने पापों का हिसाब चुकता करेगी।

आजसू ने जारी किया घोषणा पत्र

## युवा, महिला व किसान को प्राथमिकता : सुदेश

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** एनडीए गठबंधन में शामिल आजसू पार्टी ने शुक्रवार को अपना घोषणा पत्र जारी कर दिया। आजसू अध्यक्ष सुदेश महतो ने संकल्प पत्र में जारी करते हुए कहा कि उनकी पार्टी ने युवाओं, महिलाओं और किसानों के विकास पर सर्वाधिक फोकस किया है। सुदेश महतो ने कहा कि राज्य में एनडीए की सरकार बनते ही संकल्प पत्र को लागू किया जाएगा। हम जनता से किए हर वादे पूरा करेंगे। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार जिम्मेदारी के साथ काम करेगी। युवा, महिला, किसान, सामाजिक न्याय खेलकूद, जल, जंगल, जमीन की रक्षा हमारी प्राथमिकता होगी। पार्टी ने एक साल



के अंदर सभी सरकारी पदों को भरने, पेपर लीक की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई करने, नौकरी के लिए अभ्यर्थियों से 10 रुपये फीस लेने, नौकरी में महिलाओं को आरक्षण देने सहित कई वादे किए गए हैं। आजसू ने किसानों की दशा सुधारने, आमदनी बढ़ाने, खेलकूद को बढ़वा देने, जल जंगल जमीन की रक्षा करने को भी घोषणा पत्र में शामिल किया है। आजसू ने संकल्प पत्र के जरिए राज्य की जनता को 30 गारंटी दी है।

## बांग्लादेशी घुसपैठ मामले में सोरेन सरकार की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से मांगा जवाब

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार ने बांग्लादेशी घुसपैठियों की जांच के लिए दिए गए हाईकोर्ट के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। जिस पर अब सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से जवाब मांगा है। दरअसल 2 महीने पहले झारखंड हाईकोर्ट ने बांग्लादेशी घुसपैठियों की जांच के लिए केंद्र सरकार के अधिकारियों की एक समिति बनाने का आदेश दिया था। जिसको चुनौती देते हुए झारखंड सरकार ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है।

इस मामले में झारखंड सरकार का कहना है कि राज्य के छह जिलों- गोड्डा, जामताड़ा, पाकुड़, दुमका, साहिबगंज और देवघर के उपायुक्तों ने पहले ही अपनी रिपोर्ट में कहा है कि राज्य में कोई अवैध प्रवासी नहीं हैं। सिर्फ साहिबगंज जिले में दो मामले सामने आये थे, जिनसे राज्य सरकार निपट रही है। राज्य सरकार का यह भी कहना है कि अवैध प्रवासियों के कारण जनसांख्यिकीय बदलाव के दावे निराधार हैं।

### क्या हाईकोर्ट को ऐसा आदेश देने का अधिकार था



सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट के फैसले पर सवाल उठाते हुए कहा कि क्या हाईकोर्ट को ऐसा आदेश देने का अधिकार था? राज्य सरकार के वकील कपिल सिब्बल ने हाईकोर्ट के आदेश पर रोक लगाने की मांग करते हुए कहा कि झारखंड सीमावर्ती राज्य नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि इस महीने होने वाले विधानसभा चुनावों के मद्देनजर इस मुद्दे का इस्तेमाल भाषणों में किया जा रहा है। बता दें कि इस मामले की सुनवाई जस्टिस सुधांशु धूलिया और जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ कर रही है। पीठ ने केंद्र सरकार से 3 दिसंबर तक जवाब मांगा है। बता दें कि यह मामला झारखंड हाईकोर्ट में एक जनहित याचिका पर शुरू हुआ था। याचिकाकर्ता का आरोप है कि बांग्लादेशी मुसलमान जबरन धर्मांतरण करा रहे हैं और आदिवासियों को उन इलाकों को खाली करने के लिए विवश कर रहे हैं जहां उनकी आबादी ज्यादा है।

## झारखंड के संसाधनों पर भाजपा की है गंदी नजर : कल्पना सोरेन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झामुमो की स्टार प्रचारक कल्पना सोरेन ने शुक्रवार को केंद्र की भाजपा सरकार की नीतियों और कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाये। उन्होंने कहा कि झारखंड की अस्मिता, संस्कृति और संसाधनों पर भाजपा की गंदी नजर है। यह समय है कि झारखंड के लोग अपने राज्य और अधिकारों की रक्षा के लिए खड़े हों। उन्होंने कहा कि भाजपा केवल खोखले वादों और दिखावे की राजनीति में विश्वास करती है। कल्पना सोरेन भवनाथपुर, विशुनपुर, मंझगांव और ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्रों में आयोजित विशाल जनसभाओं में बोल रहीं थीं। उन्होंने झारखंड के विकास, सम्मान और संसाधनों की रक्षा के लिए झामुमो को समर्थन देने की अपील की, ताकि झारखंड के लोगों के हितों की रक्षा की जा सके।

### आदिवासियों का विकास नहीं चाहती भाजपा: हेमंत



**रांची।** मुक्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शुक्रवार को भाजपा पर जमकर प्रहार भी किया और उसे झारखंड विरोधी करार दिया। उन्होंने कहा, भाजपा यहां के आदिवासियों और दलितों का विकास होते नहीं देखना चाहती है। भाजपा के नेता अपने व्यापारी मित्रों को लाभ देने के लिए झारखंड राज्य में पिछले कई दिनों से गिद्ध और कौआ की तरह मंडरा रहे हैं। श्री सोरेन लातेहार विधानसभा क्षेत्र के कुंदरी में झामुमो प्रत्याशी बैद्यनाथ राम के समर्थन में चुनावी सभा में बोल रहे थे।

गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 72900 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 95000 रु./प्रति किलो |

तीसरी आंख




प्रसाद की गुणवत्ता की जांच की मांग वाली याचिका सुप्रीम कोर्ट से खारिज

## तिरुपति मंदिर के लड्डुओं में मिलावट मामले की नहीं होगी सीबीआई जांच

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने तिरुपति के मंदिर में लड्डुओं में कथित रूप से मिलावट की सीबीआई जांच की मांग करने वाली याचिका खारिज कर दी है। जस्टिस बीआर गवई की अध्यक्षता वाली बेंच ने याचिकाकर्ता से कहा कि अगर आपकी मांगों को देखें तो हमें सभी मंदिरों और गुरुद्वारों के लिए अलग-अलग राज्य बनाने होंगे। हम किसी धर्म के लिए अलग राज्य बनाने का आदेश नहीं दे सकते।

बता दें कि ग्लोबल पीस इनिशियेटिव के अध्यक्ष केए पॉल ने दायर याचिका में इस मामले की सीबीआई जांच कराने की मांग की थी। इससे पहले 30 सितंबर को इस मामले पर सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई की थी। सुप्रीम कोर्ट ने आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू के बयान पर सवाल उठाते हुए कहा था कि भगवान को राजनीति से दूर रखा जाना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि सार्वजनिक रिपोर्ट जुलाई की है लेकिन सीएम सितंबर में बयान दे रहे हैं।

### स्वामी की याचिका में मामले की जांच की मांग



सुप्रीम कोर्ट में भाजपा नेता सुब्रमण्यम स्वामी समेत दूसरे याचिकाकर्ताओं ने पहले से याचिका दायर कर रखी है। स्वामी की याचिका में इस मामले की जांच की मांग की गई है, क्योंकि उनके इस आरोप से भक्तों में अराजकता पैदा हो गई है। याचिका में भगवान श्री वेंकटेश्वर के निवास स्थान तिरुपति तिरुमाला में लड्डुओं में घटिया सामग्री और पशु की चर्बी के कथित आरोपों की जांच के लिए सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में एक कमेटी गठित करने की मांग की गई है। याचिका में कहा गया है कि मंदिर में प्रसाद की गुणवत्ता की आंतरिक रूप से जांच की जानी चाहिए।

केंद्रीय सतर्कता आयोग का सतर्कता जागरूकता सप्ताह

## भ्रष्टाचार एक बीमारी, इसको जड़ से खत्म करना जरूरी : राष्ट्रपति

**विश्वास समाज की नींव**

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने भ्रष्टाचार को एक बड़ी बीमारी करार देते हुए आज कहा कि इसे जड़ से खत्म किया जाना चाहिए। श्रीमती मुर्मू ने शुक्रवार को यहां केंद्रीय सतर्कता आयोग के सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अवसर पर अपने संबोधन में यह बात कही ।

राष्ट्रपति ने कहा कि सरकार ने भ्रष्टाचार से निपटने के लिए अनेक पहल की है। इस संदर्भ में उन्होंने प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण योजना, ई



मार्केटप्लेस और आर्थिक अपराधी अधिनियम जैसी पहलों का उल्लेख किया। राष्ट्रपति ने कहा कि सतर्कता जागरूकता सप्ताह सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर आयोजित किया जाता है।

उन्होंने कहा कि विश्वास किसी भी समाज की नींव होता है जबकि भ्रष्टाचार समाज में विश्वास को कम करता है।

केंद्रीय सतर्कता आयुक्त पी के श्रीवास्तव ने इस अवसर पर कहा कि सरकार की भ्रष्टाचार को कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति है। उन्होंने कहा कि शिकायतों के शीघ्र निपटारे के लिए कई उपाय किये गये हैं। उन्होंने कहा कि केंद्रीय सतर्कता आयोग ने कर्मचारियों की क्षमता निर्माण पर भी जोर दिया है। उन्होंने कहा कि प्रक्रियाओं को भी सरल बनाया जा रहा है।

# कृषि का डिजिटलीकरण

कृषि में डिजिटलीकरण और एआई के प्रयोग तेजी से अपनाया जा रहा है। केंद्र और राज्य सरकारें डिजिटलीकरण को बढ़ावा देने के लिए खास योजनाएं लाई हैं और किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) तथा विभिन्न प्रकार के स्टार्टअप जैसी निजी संस्थाओं ने तकनीक एवं ज्ञान प्रदान करने का काम किया है। वे किसानों को जरूरी सेवाएं भी उपलब्ध करा रहे हैं ताकि किसान कृषि तथा उससे जुड़ी गतिविधियों से अपनी शुद्ध आय बढ़ाने मे डिजिटलीकरण तथा एआई का सार्थक इस्तेमाल कर सकें। सरकार ने कृषि के विकास के लिए आईसीटी के इस्तेमाल की दिशा में पहला अहम कदम 2016 में उठाया था, जब किसान सुविधा ऐप शुरू की गई थी। यह किसानों को पांच महत्त्वपूर्ण क्षेत्रों मौसम, बाजार मूल्य, पौधों के संरक्षण के उपाय, इनपुट सामग्री के विक्रेता और विशेषज्ञ सलाह से जुड़ी जानकारी देती थी। साथ ही यह उन्हें किसान कॉल सेंटर से भी जोड़ती थी, जहां तकनीकी विशेषज्ञ उनके सवालों के जवाब स्थानीय भाषा में ही देते थे। इसके बाद दूसरी कई पहल की गईं, जैसे किसान ई-मित्र चैटबॉट की शुरूआत, ड्रोन से कीटों और बीमारियों पर नजर रखना, उपग्रह से मिली तस्वीरों के जरिये फसल उत्पादन का आकलन करना और मंडी के भावों की जानकारी देना, मौसम के हिसाब से खेती की सलाह देना, एसएमएस के जरिये किसी खास इलाके में फसल खरीद तथा मार्केटिंग की जानकारी देना। फसल की सेहत और मिट्टी में नमी पर नजर रखने के लिए अब उपग्रह से तस्वीर लेने का चलन बहुत बढ़ गया है, जिससे किसानों को सिंचाई, उर्वरक डालने और कीटनाशक के छिड़काव का समय तय करने में मदद की जा सकती है।ये डिजिटल सुविधाएं तैयार करने के लिए 19 राज्यों के साथ समझौते किए हैं। निश्चित ही यह एक बेहतर संकेत है।

## कार्टून वर्ल्ड



## आज का राशिफल

मेष : जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। योग्यताएं सम्मान दिलायेगी। शुभांक-3-5-7

वृष : श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। विद्यार्थियों को लाभ। शुभांक-3-5-6

मिथुन : समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। महत्वपूर्ण कार्यों को आज ही निपटा लें उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। शुभांक-2-4-6

कर्क : परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। संतान की उन्नति के योग हैं। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। शुभांक-3-6-7

सिंह : जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। महत्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। स्वास्थ्य नरम होगा। शुभांक-3-6-8

कन्या : व्यापार में वृद्धि होगी। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रहें। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। पुराने मित्र से मिलन होगा। शुभांक-6-7-8

तुला : पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। माता पक्ष से विशेष लाभ होगा। रुपये पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। शुभांक-1-4-6

वृश्चिक : महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। सफलता मिलेगी। पुराने मित्र के कारण कार्य बाधा हटेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। कर्ज देने से बचें। शुभांक-4-7-9

धनु : स्वास्थ्य का पाया कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ? के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। एकाकी वृत्ति त्यागें। शुभांक-5-7-9

मकर : अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ? के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। आध्यात्मिक रुचि बनेगी। धार्मिक यात्रा का योग। शुभांक-4-7-9

कुंभ : कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। यार दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। किसी कार्य विशेष के लिए यात्रा आवश्यक होगी। शुभांक-4-6-9

मीन : शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते हैं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। आलस्य का त्याग करें। काम पर पैनी नजर रखिए। सब्र का फल मीठा होता है। धैर्य रखें व अच्छे समय इन्तजार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। आध्यात्मिक रुचि बनेगी। शुभांक-2-5-7

# भारत के अनमोल रतन का जाना...



**आज** रतन टाटा जी के निधन को एक महीना हो रहा है। पिछले महीने आज के ही दिन जब मुझे उनके गुजरने की खबर मिली, तो मैं उस समय आसियान समिट के लिए निकलने की तैयारी में था। रतन टाटा जी के हमसे दूर चले की जाने की वेदना अब भी मन में है। इस पीड़ा को भुला पाना आसान नहीं है। रतन टाटा जी के तौर पर भारत ने अपने एक महान सपूत को खो दिया है...एक अमूल्य रत्न को खो दिया है।

आज भी शहरों, कस्बों से लेकर गांवों तक, लोग उनकी कमी को गहराई से महसूस कर रहे हैं। हम सबका ये दुख साझा है। चाहे कोई उद्योगपति हो, उभरता हुआ उद्यमी हो या कोई प्रोफेशनल हो, हर किसी को उनके निधन से दुख हुआ है। पर्यावरण रक्षा से जुड़े लोग...समाज सेवा से जुड़े लोग भी उनके निधन से उतने ही दुखी हैं। और ये दुख हम सिर्फ भारत में ही नहीं बल्कि दुनिया भर में महसूस कर रहे हैं।

युवाओं के लिए, श्री रतन टाटा एक प्रेरणास्रोत थे। उनका जीवन, उनका व्यक्तित्व हमें याद दिलाता है कि कोई सपना ऐसा नहीं जिसे पूरा ना किया जा सके, कोई लक्ष्य ऐसा नहीं जिसे प्राप्त नहीं किया जा सके। रतन टाटा जी ने सबको सिखाया है कि विनम्र स्वभाव के साथ, दूसरों की मदद करते हुए भी सफलता पायी जा सकती है। रतन टाटा जी, भारतीय उद्यमशीलता की बेहतरीन परंपराओं के प्रतीक थे। वो विश्वसनीयता, उत्कृष्टता और बेहतरीन सेवा जैसे मूल्यों के अडिग प्रतिनिधि थे। उनके नेतृत्व में, टाटा समूह दुनिया भर में सम्मान, ईमानदारी और विश्वसनीयता का प्रतीक बनकर नई ऊंचाइयों पर पहुंचा। इसके बावजूद, उन्होंने अपनी उपलब्धियों को पूरी विनम्रता और सहजता के साथ स्वीकार किया। दूसरों के सपनों का खुलकर समर्थन करना, दूसरों के सपने पूरा करने में सहयोग करना, ये श्री रतन टाटा के सबसे शानदार गुणों में से एक था। हाल के वर्षों में, वो भारत के स्टार्टअप इकोसिस्टम का मार्गदर्शन करने और भविष्य की संभावनाओं से भरे उद्यमों में निवेश करने के लिए जाने गए। उन्होंने युवा आंत्रप्रेन्योर की आशाओं और आकांक्षाओं को समझा, साथ ही भारत के भविष्य को आकार देने की उनकी क्षमता को पहचाना।

भारत के युवाओं के प्रयासों का समर्थन करके, उन्होंने नए सपने देखने वाली नई पीढ़ी को जोखिम लेने और सीमाओं से परे जाने का हौसला दिया। उनके इस कदम ने भारत में इनोवेशन और आंत्रप्रेन्योरशिप की संस्कृति विकसित करने में बड़ी मदद की है। आने वाले दशकों में हम भारत पर इसका सकारात्मक प्रभाव जरूर देखेंगे।



- नरेंद्र मोदी

> मुझे याद है, जब रतन टाटा जी को लोग आखिरी विदाई देने के लिए उमड़ रहे थे... तो उनका डॉग गोवा भी वहां नम आंखों के साथ पहुंचा था। रतन टाटा जी का जीवन इस बात की याद दिलाता है कि लीडरशिप का आकलन केवल उपलब्धियों से ही नहीं किया जाता है, बल्कि सबसे कमजोर लोगों की देखभाल करने की उसकी क्षमता से भी किया जाता है।

रतन टाटा जी ने हमेशा बेहतरीन क्वालिटी के प्रॉडक्ट...बेहतरीन क्वालिटी की सर्विस पर जोर दिया और भारतीय उद्यमों को ग्लोबल बेंचमार्क स्थापित करने का रास्ता दिखाया। आज जब भारत 2047 तक विकसित होने के लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है, तो हम ग्लोबल बेंचमार्क स्थापित करते हुए ही दुनिया में अपना परचम लहरा सकते हैं। मुझे आशा है कि उनका ये विजन हमारे देश की भावी पीढ़ियों को प्रेरित करेगा और भारत वर्ल्ड क्लास क्वालिटी के लिए अपनी पहचान मजबूत करेगा।

रतन टाटा जी की महानता बोर्डरूम या सहयोगियों की मदद करने तक ही सीमित नहीं थी। सभी जीव-जंतुओं के प्रति उनके मन में करुणा थी। जानवरों के प्रति उनका गहरा प्रेम जगजाहिर था और वे पशुओं के कल्याण पर केन्द्रित हर प्रयास को बढ़ावा देते थे। वो अक्सर अपने डॉग्स की तस्वीरें साझा करते थे, जो उनके जीवन का अभिन्न हिस्सा थे। मुझे याद है, जब रतन टाटा जी को लोग आखिरी विदाई देने के लिए उमड़ रहे थे... तो उनका डॉग गोवा भी वहां नम आंखों के साथ पहुंचा था। रतन टाटा जी का जीवन इस बात की याद दिलाता है कि लीडरशिप का आकलन केवल उपलब्धियों से ही नहीं किया जाता है, बल्कि सबसे कमजोर लोगों की देखभाल करने की उसकी क्षमता से भी किया जाता है।

रतन टाटा जी ने हमेशा, नेशन फर्स्ट की भावना को सर्वोपरि रखा। 26/11 के आतंकवादी हमलों के बाद उनके द्वारा मुंबई के प्रतिष्ठित ताज होटल को पूरी तत्परता के साथ फिर से खोलना, इस राष्ट्र के एकजुट होकर उठ खड़े होने का प्रतीक था। उनके इस कदम ने बड़ा संदेश दिया कि झ भारत रुकेगा नहीं...भारत निडर है और आतंकवाद के सामने झुकने से इनकार करता है।

व्यक्तिगत तौर पर, मुझे पिछले कुछ दशकों में उन्हें बेहद करीब से जानने का सौभाग्य मिला। हमने गुजरात में साथ मिलकर काम किया। वहां उनकी कंपनियों द्वारा बड़े पैमाने पर निवेश किया गया। इनमें कई ऐसी परियोजनाएं भी शामिल थीं, जिसे लेकर वे बेहद भावुक थे।

जब मैं केन्द्र सरकार में आया, तो हमारी घनिष्ठ बातचीत जारी रही और वो हमारे राष्ट्र-निर्माण के प्रयासों में एक प्रतिबद्ध भागीदार बने रहे। स्वच्छ भारत मिशन के प्रति श्री रतन टाटा का उत्साह विशेष रूप से मेरे दिल को छू गया था। वह इस जन आंदोलन के मुखर समर्थक थे। वह इस बात को समझते थे कि स्वच्छता और स्वस्थ आदतें भारत की प्रगति की दृष्टि से कितनी महत्वपूर्ण हैं। अक्टूबर की शुरूआत में स्वच्छ भारत मिशन की दसवीं वर्षगांठ के लिए उनका वीडियो संदेश मुझे अभी भी याद है। यह वीडियो संदेश एक तरह से उनकी अंतिम सार्वजनिक उपस्थितियों में से एक रहा है।

कैंसर के खिलाफ लड़ाई एक और ऐसा लक्ष्य था, जो उनके दिल के करीब था। मुझे दो साल पहले असम का वो कार्यक्रम याद आता है, जहां हमने संयुक्त रूप से राज्य में विभिन्न कैंसर अस्पतालों का उद्घाटन किया था। उस अवसर पर अपने संबोधन में, उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा था कि वो अपने जीवन के आखिरी वर्षों को हेल्थ सेक्टर को समर्पित करना चाहते हैं। स्वास्थ्य सेवा एवं कैंसर संबंधी देखभाल को सुलभ और किफायती बनाने के उनके प्रयास इस बात के प्रमाण हैं कि वो बीमारियों से जूझ रहे लोगों के प्रति कितनी गहरी संवेदना रखते थे।

मैं रतन टाटा जी को एक विद्वान व्यक्ति के रूप में भी याद करता हूं - वह अक्सर मुझे विभिन्न मुद्दों पर लिखा करते थे, चाहे वह शासन से जुड़े मामले हों, किसी काम की सराहना करना हो या फिर चुनाव में जीत के बाद बधाई संदेश भेजना हो। अभी कुछ सप्ताह पहले, मैं स्पेन सरकार के राष्ट्रपति श्री पेड्रो सान्चेज के साथ वडोदरा में था और हमने संयुक्त रूप से एक विमान फैक्ट्री का उद्घाटन किया। इस फैक्ट्री में सी-295 विमान भारत में बनाये जायेंगे।

## लेटर टू एडिटर

### मानवता के दुश्मन

**यह** समय जरूरतमंदों की मदद का है ताकि वे बीमारी और संकटकालीन स्थिति से उबर सकें और हम अपने मानवीय होने का प्रमाण दे सकें। मगर, लोग आज जिस तरह हालातों का फायदा उठा रहे हैं, उससे यह महामारी और भयावह हो गई है। कोरोना कुछ लोगों को धंधे करने का एक बड़ा अवसर बन गया है जो समूची मानवता के नाम पर कलंक है।

-अमृतलाल, हजारीबाग

### सोच बदलें

**आज** 21वीं सदी में भी दुनिया में लैंगिक असमानता है। देश की लड़कियां हर क्षेत्र में लड़कों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रही हैं। वहीं दूसरी तरफ अभी भी भारत के कुछे रूढ़िवादी विचारधारा लड़कियों के प्रति संकीर्ण सोच रखे हुए हैं। भारत का सशक्तीकरण तब तक नहीं हो सकता, लड़का-लड़की के बीच भेदभाव की संकीर्ण मानसिकता नहीं त्याग देते।

-विजय सिंह, जमशेदपुर

## एक्स - ट्वीट

**यह** 12 करोड़ गरीब परिवारों से संबंधित है। देशवासियों के 1.25 लाख करोड़ से अधिक के खर्चों में बचत और 7.37 करोड़ मुफ्त अस्पताल प्रवेश से संबंधित हैं। निजी क्षेत्र से अधिक हो गया सरकारी व्यय इस बात को समझें।

-गौरव वल्लव, अर्थशास्त्री

कैबिनेट द्वारा मेधावी-छात्रों को वित्तीय-सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से मंजूर की गई विद्यालक्ष्मी योजना की विशेषताएं: कुल व्यय 3600 करोड़

शीर्ष 860 उच्च शिक्षा संस्थानों में प्रवेश पाने वाले मेधावी-छात्रों को वित्तीय-सहायता हर साल 22 लाख से अधिक नए छात्रों को लाभ।

-अन्नपूर्णा देवी, केन्द्रीय मंत्री

# अधिक बच्चों को जन्म देने का आग्रह करते दक्षिण भारत के मुख्यमंत्रीगण

**एनके मुरलीधर**

समस्या

**भारत** दुनिया का पहला देश है जिसने 70 के दशक में परिवार नियोजन की योजनओं को लागू किया। यह क्रम लंबे समय तक चला भी। लेकिन विगत दिनों दक्षिण भारत के राज्यों में जिस प्रकार जनसंख्या में कमी आई और इसको लेकर तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री ने अपना ब्यान दिया उससे यह बहस तेज हो गयी कि आज भारत जिस जनसंख्या को बोझ समझ रहा था वह देश के विकास में बाधक बन सकता है। एक अनुमान के अनुसार 2050 तक भारत की वृद्ध आबादी 25 प्रतिशत तक बढ़ सकती है और युवाओं की संख्या में कमी आ सकती है।

दक्षिण भारत के राज्यों के दो मुख्यमंत्री आंध्र प्रदेश के एन चंद्रबाबू नायडू और तमिलनाडु के एम के स्टालिन ने अपने-अपने राज्य के लोगों से आग्रह किया है कि वे और बच्चे पैदा करें। नायडू ने जापान, चीन और यूरोप में उम्रदराज होती आबादी के कारण सामने आ रही दिक्कतों के बारे में बताया।

उन्होंने अपने मंत्रिमंडल पर दबाव डाला कि वह स्थानीय निकायों के लिए चुनाव में दो बच्चों की सीमा को समाप्त करे। इसके बाद स्टालिन ने यह सुझाव दिया कि उनके राज्य के लोगों को 16-16 बच्चे पैदा करने चाहिए। अन्य मुख्यमंत्री भी देरसबेर उनके साथ आएंगे। कुल मिलाकर देखें तो इसमें आश्चर्य की कोई बात नहीं है कि राजनीतिक रुझानों में जमीनी हकीकत नजर आ रही है।

जैसा कि नायडू ने संकेत किया, दक्षिण भारत के राज्यों में औसत प्रजनन दर पहले ही केवल 1.6 रह गई है और इसमें और गिरावट आ सकती है। इससे देश की आबादी का बड़ा हिस्सा ऐसे जनांकिकीय जाल में फंस जाएगा जिसमें अभी रूस और कोरिया जैसे देश फंसे हैं।

बहरहाल, यह बात भी ध्यान देने लायक है कि दुनिया भर में इसे लेकर कुछ ही नीतियां कामयाब रही हैं। नायडू ने संकेत दिया है कि और बच्चे पैदा करने संबंधी नीतियों को विचारार्थ पेश किया जाएगा। हालांकि दुनिया के कई देशों ने ऐसे प्रयास किए हैं लेकिन इनका प्रजनन दर पर टिकाऊ असर नहीं हुआ है। इनमें से कई रुझान ऐसे उपायों से संचालित हैं जो महिलाओं को अधिकार संपन्न बनाते हैं। इनमें शिक्षा और बाद में विवाह शामिल हैं।

बिना सामाजिक रूप से पिछड़ी नीतियों को अपनाए इन कारकों को उलट पाना संभव नहीं है। ऐसे में यह समझना आवश्यक है कि दोनों मुख्यमंत्रियों द्वारा जताई गई चिंता की वजह क्या है और क्या वे किसी अन्य विकल्प पर विचार कर सकते हैं?

एक बड़ी चिंता राजनीतिक है। इसे स्पष्ट रूप से सामने भी रखा गया है। देश में संसदीय क्षेत्रों का नया परिसीमन लंबित है और इसे आबादी के ताजा आंकड़ों के आधार पर किया जाएगा। अब तक देश का राजनीतिक संतुलन 1971 की जनगणना पर आधारित है जब उत्तर भारत और देश के बाकी हिस्सों के बीच अपेक्षाकृत अधिक संतुलन था। परंतु तब से उत्तरी भारत के राज्यों का जनांकिकीय बदलाव धीमी गति से हुआ है जबकि देश के बाकी हिस्सों में तेजी से। अब राजनीतिक मानचित्र की स्थिति कुछ ऐसी है कि जिन राज्यों ने एक विवादित मुद्दे पर बेहतर प्रदर्शन किया है उन्हें स्थायी नुकसान हो रहा है।

इस बात का उल्लेख करना भी जरूरी है कि पूरा देश अब अपनी कुल प्रजनन क्षमता में 2.1 की प्रतिस्थापन दर पर पहुंच रहा है। परंतु यह बात क्षेत्रीय अंतरों को छिपा लेती है जबकि दक्षिण के राज्य उसी को लेकर चिंतित हैं। उनकी चिंता पश्चिम बंगाल,कश्मीर और पंजाब जैसे राज्यों में साझा की जाएगी क्योंकि इन सभी राज्यों की प्रजनन दर आंध्र प्रदेश से भी कम है।

परंतु समग्र स्तर पर भी देखें तो यह गिरावट गलत समय पर आ रही है। इस बात की पूरी संभावना है कि भारत अमीर होने के पहले ही गरीब हो जाएगा। कोरिया की प्रजनन दर भले ही अब बहुत कम हो लेकिन जब उसकी आबादी अधिक थी तो उसने उसका इस्तेमाल तेज गति से वृद्धि और विकास हासिल करने में किया। बहरहाल संभावना यही है कि भारत शायद यह अवसर गंवा बैठे। जनांकिकीय दबावों का केवल एक ही हल तैयार किया गया है और वह है इक्कीसवीं सदी में अमेरिकी प्रभाव और उसके दबदबे का कायम रहना। अमेरिका पराभव से बच जाएगा और आगामी सदी में उसकी आबादी में इजाफा भी हो सकता है। ज्यादातर अनुमान इसी तरफ संकेत कर रहे हैं। इसकी एक वजह यह भी है कि वहां निरंतर प्रवासियों का आना जारी है। सवाल यह है कि क्या दक्षिण भारत के नेता अपने प्रदेश की जनांकिकीय चिंता का एक ऐसा हल स्वीकार करेंगे जो उत्तर भारत से लोगों के दक्षिण भारत आने के रूप में तैयार किया गया हो। समाजिक बदलाव एक स्वतः चलने वाली प्रकिया है जो इन दिनों जारी है।

# देश की लोक गायिकी की समृद्ध कड़ी में लोक गायिका शारदा सिन्हा का चला जाना

**डॉ. रमेश ठाकुर**

स्मृति शेष

पहिले-पहिल हम कइनी छठी मईया व्रत तोहार, करिहा क्षमा छठी मईया भूल-चूक गलती हमार..। संपूर्ण मैथिली व भोजपुरी समाज के साथ-साथ देश की लोक गायिकी की समृद्ध कड़ी में लोक गायिका शारदा सिन्हा का निधन, गहरा आघात है। छठ गीतों का स्वर रहीं शारदा सिन्हा का न रहना, उन करोड़ों छठ व्रतियों व श्रद्धालुओं के लिए अपना स्वर खो देने जैसा अनुभव है, जो वर्षों से उनके छठ गीतों के अलावा किसी दूसरे गायक को नहीं सुना। बिहार, उत्तर प्रदेश, दिल्ली से लेकर मुंबई, मॉरिशस, अमेरिका, लंदन और जहां-जहां बिहार व पूर्वांचल समुदाय के लोग पहुंचे, उन छठ घाटों पर शारदा सिन्हा के गीत गूंजते हैं।

शारदा सिन्हा न सिर्फ मैथिली व भोजपुरी बल्कि समूची संगीत बिरादरी की अमूल्य धरोहर थीं। उनका गायन सुन कर लगता था जैसे साक्षात सरस्वती कंठ में विराजमान हों। दुनिया से जाते वक्त भी उन्होंने अपने भीतर दैवीय शक्ति होने का एहसास करा गईं। छठ में उनका जाना इसका संकेत मान सकते हैं। अब वे सशरीर उपस्थित नहीं हैं लेकिन हर साल जब-जब छठ का त्योहार आएगा, शारदा सिन्हा के गीत उनकी मौजूदगी का अहसास कराएंगे। देशी और पांरपरिक लोक संस्कृति की मूर्ति शारदा सिन्हा सदैव लोगों के दिलों में रची-बसी रहेंगी। निश्चित रूप से स्वर कोकिला शारदा का यूं चले जाना गीत-संगीत की सुमधुर दुनिया को बड़ा आघात है।

संगीत की दुनिया में शारदा का न रहना, 'कोयल बिना न सोभे बगिया', जैसा माना जाएगा। उनका इस धरती पर अवतरण भी दैवीय चमत्कार जैसा रहा। आठ भाइयों के बाद वह जन्मीं। घर में सबकी लाडली-दुलारी थीं। माता-पिता ने बड़ी मन्नतें की थी कि उनके घर में लक्ष्मी का आगमन हो। शारदा सिन्हा के रूप में उनकी इच्छा पूरी हुई। 1 अक्टूबर 1952 को शारदा सिन्हा का जन्म हुआ। दो वर्षों के भीतर गायन के प्रति उनके रुझान का पता चलने लगा था। 15 वर्ष की उम्र पहुंचते-पहुंचते उनकी आवाज व्यापक स्तर पर लोगों ने पसंद करना शुरू कर दिया। हालांकि जब उनकी शादी हुई



तो सास को यह कतई पसंद नहीं था कि उनकी बहू गाना-बाना गाएं। हालांकि भारी विरोध के बाद भी उन्होंने गायन यथावत रखा। जब देश-विदेश से प्रशंसाएं मिलने लगी, तो सास ने भी कह दिया- बहू, तुम अच्छा गाती हो, गाती रहो। शारदा सिन्हा के दो बच्चे हैं, जिनमें एक बेटा अंशुमन सिन्हा और एक बेटी वंदना। शारदा के पति ब्रज किशोर सिन्हा का निधन भी इसी वर्ष सितंबर में हुआ। उनके जाने के बाद से वह पूरी तरह टूट गई थीं।

शारदा सिन्हा का जन्म बिहार के जले सुपौल के हुलास गांव में हुआ था। विवाह बेगुसराय में हुआ। वह गायिका के साथ-साथ प्रोफेसर भी रहीं। बीएड की पढ़ाई के अलावा उन्होंने म्यूजिक स्ट्रीम में पीएचडी करके समस्तीपुर के एक कॉलेज में प्रोफेसर बनीं। पर, उनकी रुचि सदैव गायिकी में ही रही। कॉलेज से रिटायर होने के बाद उन्होंने संगीत की फ्री शिक्षा देना जारी रखा।

नई दिल्ली स्थित एम्स अस्पताल में मंगलवार देर रात जब उनके न रहने की खबर टीवी के जरिए उनके असंख्य प्रशंसकों ने सुनी, तो उनकी आंखें नम हो गईं। निधन के एक दिन पहले ही खुद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उनके बेटे अंशुमान सिन्हा को फोन करके स्वास्थ्य जानकारी ली। उनके निधन की खबर ने प्रधानमंत्री मोदी को दुखी कर दिया। राष्ट्रपति से लेकर विपक्षी नेता राहुल गांधी, अखिलेश यादव, उद्धव ठाकरे समेत देशभर के तमाम नेताओं ने दुख प्रकट किया। इससे उनके गायन की स्वीकार्यता का अंदाजा मिलता है कि हर खास-ओ-आम में उनकी आवाज पसंद की जाती है।

अस्सी-नब्बे के दशक का वह दौर, जब उनके भजन और फिल्मी गानों का बोलबाला था। सलमान खान और भाग्यश्री अभिनीत फिल्म ह्यमैंने प्यार कियाह्न में गाया गाना ....ह्यकहे तोसे ये तोहरी सजनियाह्न ....इतना फेमस हुआ कि उन्हें रातोंरात बड़ा फिल्मी सिंगर बना दिया। उनके फिल्मी गानों की डिमांड बढ़ गई। शारदा सिन्हा को राजनीति के ऑफर भी बहुतेरे मिले। लेकिन शारदा सभी ऑफरों को विनम्रता से ठुकराती गईं। कई मर्तबा उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा भी कि उन्हें राजनीति बिल्कुल पसंद नहीं। समाज ने उन्हें छठ कोकिला की उपाधि दे रखी थी जिसे वह ताउम्र सबसे बड़ा सम्मान मानती रहीं।

छठ गीतों के अलावा भी उन्होंने विभिन्न भाषाओं में एक से एक हिट गाने दिए। देश के सर्वोच्च सम्मान से भी उन्हें केंद्र सरकार ने नवाजा। उनके न रहने से एक युग का अंत हुआ है। उनकी जगह कोई नहीं ले सकता। उनकी मीठी, मधुर, सुरीली आवाज श्रोताओं के कानों में सदा गूंजेगी।

## अमित शाह आज फिर झारखंड में

**रांची।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह एक फिर से झारखंड आ रहे हैं। शनिवार को वह पलामू के छतरपुर में जनसभा को संबोधित करेंगे और भाजपा प्रत्याशी पुष्पा देवी के लिए जनता से वोट मांगेंगे। उनके आगमन को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं।

## झारखंड में रोटी, बेटी और माटी खतरे में : धर्मेंद्र प्रधान

**रांची।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि झारखंड में रोटी, बेटी और माटी खतरे में है। इस बार राज्य में परिवर्तन की लहर है। शुक्रवार को पश्चिमी सिंहभूम के बंदगांव में आयोजित चुनावी सभा में उन्होंने कहा, यहां खनिज संपदा की लूट हो रही है। हेमंत सोरेन ही नहीं उनके तमाम मंत्री अपनी संपत्ति बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा, जब तक हेमंत सरकार रहेगी, तब तक झारखंड का विकास संभव नहीं है।

### 501 ब्राम्हण शंखनाद कर पीएम के विजय संकल्प को देंगे आशीष

# रातू रोड में कल पीएम मोदी का रोड शो ऐतिहासिक होगा : सेठ

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 10 नवंबर को रातू रोड में भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में रोड शो करेंगे। श्री सेठ शुक्रवार को अरगोड़ा स्थित अपने कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का विशेष स्नेह झारखंड को हमेशा से मिलता रहा है। योजनाओं की सौगात के माध्यम से और झारखंड में विभिन्न अवसरों पर खुद आकर प्रधानमंत्री ने हमेशा स्नेह दिया है। उन्होंने कहा कि रविवार को अपराह्न 4 बजे से यह



रोड शो ओटीसी ग्राउंड से शुरू होगा और पिस्का मोड़, मेट्रो गली, दुर्गा मंदिर होते हुये न्यू मार्केट, रातू रोड चौक पर समाप्त होगा।

प्रधानमंत्री के स्वागत में रांची के आसपास के क्षेत्र से 20 हजार से अधिक बाइक सवार रांची आयेंगे। उन्होंने कहा कि रांची से बाहर से आने वाले वाहनों के लिए पार्किंग की व्यवस्था हेहल, पंडरा और आईटीआई के समीप की गई है। इसके अतिरिक्त पारंपरिक छऊ नृत्य से कलाकार प्रधानमंत्री का स्वागत करेंगे। 501 ब्राम्हण शंख घड़ियाल बजाकर प्रधानमंत्री के विजय संकल्प को अपना आशीर्वाद देंगे। सिख समाज भी पीएम के अभूतपूर्व स्वागत को तैयार है। भाजपा कार्यकर्ता प्रधानमंत्री के स्वागत को लेकर उत्सुक हैं। उन्होंने कहा कि रातू रोड के नागरिक स्वतः अपने घरों को सजा रहे हैं। कई स्थानों पर प्रधानमंत्री पर पुष्प वर्षा की व्यवस्था हो रही है। उन्होंने घरों के सामने रंगोली बनाने की अपील की। इस अवसर पर वरुण साहू, अजय मारू, राकेश भास्कर और हरविंदर सिंह बेदी मौजूद थे।

# पीएम मोदी के रांची दौरे को लेकर नगर आयुक्त ने की समीक्षा बैठक, दिये निर्देश

## पदाधिकारियों को खुली नालियों को ढंकने और असुरक्षित होर्डिंग्स हटाने सहित कई निर्देश दिये

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगामी 10 नवंबर को झारखंड दौरे पर आ रहे हैं। यहां राजधानी रांची के ओटीसी ग्राउंड से रातू रोड चौक तक वो रोड शो करेंगे। इसको लेकर शुक्रवार को नगर आयुक्त संदीप सिंह ने समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने निगम के पदाधिकारियों को शहर की साफ-सफाई और सुरक्षा की दृष्टिकोण से कई निर्देश दिये। नगर आयुक्त ने स्वच्छता शाखा की टीम को 24 घंटो के अंदर रोड शो के लिए तय रूट ओटीसी ग्राउंड, पिस्का मोड़ से न्यू मार्केट चौक तक अच्छी तरह से साफ-सफाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही उक्त रूट में ड्रेन क्लीनिंग और सड़क के दोनों ओर ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव करने के साथ-साथ पानी का छिड़काव करवाने को भी कहा है।

नगर आयुक्त संदीप सिंह ने अभियंत्रण शाखा को खुले नालियों का आकलन करते हुए उन्हें ढकने का निर्देश दिया है। साथ ही नगर निवेशक शाखा के पदाधिकारियों को रूट के जर्जर भवनों को चिन्हित करते हुए उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। उन्होंने बाजार शाखा के पदाधिकारियों को सभी असुरक्षित होर्डिंग्स को चिन्हित कर हटवाने को कहा है। साथ ही इन्फोर्समेंट शाखा को नो वेंडिंग जोन में खड़े ठेला-खोमचा, दुकानों को हटवाने और सड़क किनारे अतिक्रमण करने वालों पर कार्रवाई करने के साथ पथों पर निर्माण सामग्रियों को हटवाने का निर्देश दिया। समीक्षा बैठक के दौरान विद्युत शाखा के पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि सभी लाइट ठीक तरह से कार्य कर रहे हैं, यह सुनिश्चित करें। नगर आयुक्त ने सड़कों से लगे वृक्षों की सही प्रकार से ट्रिमिंग करने का भी निर्देश दिया।

मौके पर अपर प्रशासक फिलवियुस बारला, अपर प्रशासक संजय कुमार, उप प्रशासक रविंद्र कुमार, सभी सहायक प्रशासक, सभी नगर प्रबंधक, नगर अभियान प्रबंधक और अन्य कर्मी मौजूद रहे।

## खबर एक नजर में

### कोडरमा से राजद प्रत्याशी सुभाष यादव को मिली जमानत

**रांची।** कोडरमा विधानसभा क्षेत्र से जेल में बंद राजद प्रत्याशी सुभाष यादव को शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिल गई। जमानत मिलने के बाद अब वह क्षेत्र में चुनाव प्रचार कर सकेंगे। प्रचार करने के लिए उन्हें चार दिनों का समय मिलेगा। सुभाष यादव ईडी के केस में पटना जेल में हैं। कोर्ट से इजाजत मिले के बाद उन्होंने नामांकन किया था। उनकी अनुपस्थिति में उनके परिवार के लोग व समर्थक प्रचार कर रहे हैं। चुनाव प्रचार के लिए उन्होंने सुप्रीम कोर्ट से जमानत दिए जाने की गुहार लगाई थी।

### आरोपी को मिली सशर्त जमानत

**रांची।** अपर न्यायायुक्त की अदालत ने आपराधिक साजिश रचने एवं धोखाधड़ी कर जमीन लीज देने के नाम पर मोटी रकम ऐठने के मामले में जेल में बंद लोहरदगा के कुडू निवासी इरशाद अंसारी को पैसा लौटाने को राजी होने की शर्त पर जमानत की सुविधा प्रदान की है। उक्त आरोप में वह 19 अक्टूबर से जेल में बंद था। ठगी को लेकर काठीटांड निवासी अरविंद कुमार ने 3 अप्रैल 2023 को रातू थाने में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

### तीन आरोपियों को मिली सशर्त जमानत

**रांची।** न्यायायुक्त की अदालत ने मादक पदार्थ तस्करी के तीन अलग-अलग मामलों में जेल में बंद तीन आरोपियों को सशर्त जमानत की सुविधा प्रदान की है। मामले के आरोपी राहुल चटर्जी को पुलिस ने 1.2 किलो गांजा के साथ 23 अक्टूबर को गिरफ्तार किया था। वहीं गौतम कुमार सिंह को 4.14 किलो गांजा के साथ 29 जुलाई गिरफ्तार किया था। जबकि दीपक कुमार उर्फ बुद्र को 450 ग्राम अफीम के साथ 9 अक्टूबर को गिरफ्तार किया गया था। तीनों आरोपी गिरफ्तारी के बाद से ही जेल में था। अदालत ने तीनों को 20-20 हजार रुपये निजी मुचलके पर जमानत की सुविधा प्रदान की है।

### महिला से छेड़छाड़ के दोषी को मामूली राहत

**रांची।** रेलवे यात्रा के दौरान महिला सहयात्री के स्तन छूने के मामले में सजायाफ्ता अजित कुमार साहा को न्यायायुक्त की अदालत ने मामूली राहत प्रदान की है। अदालत ने तीन साल की सजा को कम करते हुए एक साल में तब्दील कर दिया है। वहीं, जुर्माने की राशि 10 हजार रुपये को बरकरार रखी है। कोलकाता के एमबी रोड निवासी अजित कुमार साहा को न्यायिक दंडाधिकारी रेलवे बिजय कुमार यादव की अदालत ने बीते 28 सितंबर को दोषी पाकर तीन साल कैद की सजा सुनाई थी। साथ ही, 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया था। मामूल हो कि पीड़िता अपने सहयात्री के साथ 3 नवंबर 2019 को कोलकाता से रांची की यात्रा स्लीपर क्लास में कर रही थी। जब वह सो रही थी, तभी सहयात्री ने उसके स्तन को छुआ। पीड़िता ने इसकी जानकारी अपने पिता को फोन पर दी। इसके पिता ने रांची पुलिस को इसकी जानकारी दी। रांची रेलवे स्टेशन पर आरोपी को पुलिस ने पकड़ा था।

### कांग्रेस प्रत्याशी अजय नाथ शाहदेव पहुंचे छठ घाट, दिया अर्घ्य



**रांची।** कांग्रेस प्रत्याशी अजय नाथ शाहदेव शुक्रवार को प्रातः छठ घाट पहुंचे और भगवान भुवन भास्कर को अर्घ्य देकर सभी की खुशहाली की कामना की। इसके बाद उन्होंने पूरे दिन विधानसभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार किया। इस क्रम में वे आज डीपाटोली, सरना टोली, होंडा, हेरा, बिजुरिया, चंदाघासी, हरमू सहित अनेक इलाकों में बैठक व पदयात्रा कर लोगों से कांग्रेस के पक्ष में वोट करने की अपील की। उन्होंने लोगों से हटिया में एक मौका देने की अपील की।

## राज्यपाल रघुवर दास से मिले लोजपा (आर) के प्रदेश अध्यक्ष बिरेन्द्र प्रधान

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के राज्य प्रमुख बिरेन्द्र प्रधान शुक्रवार को जमशेदपुर में ओड़िशा के राज्यपाल रघुवर दास एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री सह झारखण्ड के पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा से मुलाकात की। छठ महापर्व को लेकर राज्यपाल रघुवर दास जमशेदपुर प्रवास पर हैं। झारखण्ड विधानसभा चुनाव को लेकर यह मुलाकात काफी महत्वपूर्ण मानी जा रही है। लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास एनडीए की प्रमुख घटक दल के रूप में शामिल है।



राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्र सरकार में मंत्री चिराग पासवान के निर्देशानुसार झारखण्ड में एनडीए की सरकार बनाने को लेकर लोजपा रामविलास संकल्पित है। एनडीए प्रत्याशीओं की जीत सुनिश्चित करने को लेकर पार्टी के बिहार के सांसद लगातार प्रदेश के विधानसभा क्षेत्रों का दौरा कर रहे हैं। शुक्रवार को पार्टी के राज्य प्रमुख बिरेन्द्र प्रधान ने जमशेदपुर पूर्वी से एनडीए प्रत्याशी पूर्णिमा साहू, पोटका से एनडीए प्रत्याशी मीरा मुंडा, जमशेदपुर पश्चिमी से एनडीए गठबंधन से जदयू के प्रत्याशी सरयू राय एवं भाजपा के नेता अमरप्रीत सिंह काले एवं समाजसेवी विकास सिंह से मुलाकात की। मुलाकात के बाद प्रदेश अध्यक्ष बिरेन्द्र प्रधान ने बताया कि इस बार प्रदेश में एनडीए गठबंधन की सरकार बनती तय है। कांग्रेस झामुमो की यह सरकार चंद दिनों की मेहमान है।

## नवीन जयसवाल ने किया जनसंपर्क

**रांची।** भाजपा से हटिया प्रत्याशी नवीन जयसवाल ने रातू में सी.एन.राज स्कूल मैदान से काठीटांड चौक होते हुए काली मंदिर तक, कुम्बा टोली, बड़का टोली, चप्पी, आम टॉड, एतवार बाजार, सिंह मोड़ रातु, संगम रेस्टोरेंट, आर के बूट हाउस, काठी टांड, चेक नाका, नारो उराव चौक, नारो महतो टोली, नगडी महतो टोली, केसरी मोहल्ला, नागडी चौक आदि विभिन्न मुहल्लों मे पदयात्रा व जनसंपर्क कर जनता जनार्दन का आशीर्वाद लिया। हटिया प्रत्याशी नवीन जयसवाल ने कहा कि वहां के स्थानीय लोगों से मिले स्नेह और प्यार से अभिभूत हूं। इस बार जनता ने जैसे ये तय कर लिया है की, रोटी, बेटी, माटी की पुकार..झारखंड में भाजपा सरकार। उन्होंने कहा कि इस बार हेमंत सरकार की विदाई तय है।

| | सारणी | | | |
|---|---|---|---|---|
| (क) | संबद्ध पुलिस थाने के नाम और पते के साथ प्रथम इतिला रिपोर्ट सं. | **1.** पांकी 149/ 2019 **2.** डालटनगंज टाउन 98/ 2016 | **शून्य** | **शून्य** |
| (ख) | न्यायालय के नाम के साथ मामला सं. | **स्पेशल कोर्ट एमपी-एमएलए** | **शून्य** | **शून्य** |
| (ग) | अंतर्वलित संबद्ध अधिनियमों/ संहिताओं की धाराएं (धारा की सं. दें, अर्थात् भारतीय दंड संहिता, आदि की धारा) | **1.** ओ/ एस 188, 171 **2.** ओ/ एस 188 | **शून्य** | **शून्य** |
| (घ) | अपराध का संक्षिप्त विवरण | **आचार संहिता** | **शून्य** | **शून्य** |
| (ङ) | क्या आरोप विरचित किये गये हैं (हां या नहीं का उल्लेख करें) | हां | **शून्य** | **शून्य** |
| (च) | यदि उपर्युक्त मद (ङ) के सामने उत्तर हां है तो वह तारीख दें, जिसको आरोप विरचित किये गये थे | **1.** 07.07.2022 **2.** 25.07.2023 | **शून्य** | **शून्य** |
| (छ) | क्या कार्यवाहियों के विरूद्ध कोई अपील/ पुनरीक्षण के लिए आवेदन फाइल किया गया है (हां या नहीं का उल्लेख करें) | **नहीं** | **शून्य** | **शून्य** |

**- देवेंद्र कुमार सिंह**

## रांची व खूंटी में पीएलएफआई ने झारखंड विस चुनाव का बहिष्कार करने का लगाया पोस्टर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची/खूंटी।** झारखंड में प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीएलएफआई ने रांची और खूंटी में पोस्टर लगाकर विधानसभा चुनाव का बहिष्कार करने की अपील की है। रांची के बेड़ो थाना क्षेत्र के रांची गुमला मार्ग पर कुछ जगहों पर लाल रंग के पोस्टर लगे होने की सूचना मिलने पर बेड़ो पुलिस तुरंत हरकत में आयी। पुलिस जब मौके पर पहुंची तो देखा कि यूको बैंक के पास लाल कपड़े पर लाल रंग से चुनाव बहिष्कार के पोस्टर लगा है।

**क्या है पोस्टर में :** पीएलएफआई की केंद्रीय कमेटी की ओर से जारी पोस्टर में लिखा है कि सरकार जनता के लिए किसी भी तरह का काम नहीं कर रही है, इसलिए पुलिस प्रशासन के राज को ध्वस्त करें। झारखंड में होने वाले विधानसभा चुनाव का बहिष्कार करें। पोस्टर में यह भी लिखा गया था कि झारखंड के सभी किसान, मजदूर, आदिवासी-मूलवासी, छात्र, युवा महिलाएं जल, जंगल और जमीन की रक्षा के लिए चुनाव बहिष्कार का आह्वान कर रहे हैं। झारखंड में स्थानीय नीति बनाने, एसपीटी में बदलाव के लिए वोट का बहिष्कार करें।

**पुलिस जांच में जुटी :** बेड़ो बाजार में पोस्टरबाजी की सूचना मिलने के बाद आनन-फानन में पुलिस टीम मौके पर पहुंची और पोस्टर को हटाया। बेड़ो डीएसपी अशोक राम ने बताया कि इस बात की जांच की जा रही है कि पोस्टरबाजी संगठन द्वारा की गई है या किसी शरारती तत्वों द्वारा। बैंक के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को भी खंगाला जा रहा है।

रांची के अलावा खूंटी जिले में भी पीएलएफआई नक्सलियों ने शहर में पोस्टर चिपका कर दहशत फैला दी है। पुलिस को खुली चुनौती देते हुए संगठन के कुछ लोगों ने रात करीब दो बजे खूंटी थाना से चंद कदम की दूरी पर कर्रा रोड स्थित जैन मंदिर के सामने पोस्टर लगाकर चुनाव बहिष्कार का एलान किया है।

**खूंटी में भी चिपकाए गए पोस्टर :** पोस्टर चिपकाए जाने की सूचना पुलिस को सुबह मिली। जिसके बाद त्वरित कार्रवाई करते हुए पोस्टर हटा दिए गए और मामले की जांच शुरू कर दी गई है। डीएसपी वरुण रजक ने पोस्टरबाजी की घटना की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि जांच के बाद शहर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कुछ संदिग्धों की तस्वीर कैद हुई है।

सीसीटीवी फुटेज के अनुसार पुलिस कार्रवाई में जुट गई है। डीएसपी वरुण रजक ने कहा कि इस घटना से शहरवासियों को घबराने की जरूरत नहीं है। पुलिस जल्द ही इस घटना को अंजाम देने वाले लोगों को गिरफ्तार कर लेगी।

## प्रारूप C-2

**पार्टी द्वारा खड़े दिए गए अभ्यर्थीयों के आपराधिक पूर्ववृत्त के बारे में घोषणा**

(2011 की रिट याचिका (सिविल) नं0 536 में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के 25 सितम्बर 2018 के निर्णय के अनुसार
(पब्लिक इंटरेस्ट फाउडेशन और ऑर्स बनाम भारत संघ एवं एएनआर)

नाम और राजनीतिक दल :- **शिव कुमार भगत, निर्दलीय प्रत्याशी**
निर्वाचन का नाम :- **झारखण्ड विधानसभा 2024, (69- विशुनपुर (अ.ज.जा)**
राज्य / केन्द्र शासित प्रदेश का नाम :- **झारखण्ड**

| 1. | 2. | 3. | 4. | | 5. | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क्र. सं. | निर्वाचन क्षेत्र का नाम | अभ्यार्थी का नाम | (A) लंबित अपराधिक प्रकरण | | (B) दंडनीय अपराधों का दोषासिद्ध प्रकरणों के संबंध में विवरण | | |
| | | | न्यायलय का नाम प्रकरण संख्या एवं प्रकरण (नों) की स्थिाति | संबधित अधिनियामों के अनुभाग और अपराध (ओं) का संक्षिप्त विवरण | संबधित अधिनियामों के अनुभाग और अपराध (ओं) का संक्षिप्त विवरण | न्यायलय का नाम आदेशों की तिथि (यों) | अधिकतम लगाया गया दंड |
| 1. | 69- विशुनपुर (अ.ज.जा | शिव कुमार भगत | श्री प्रतीक राज JM 1st गुमला घाघरा थाना कांड - 115 2009 G.R N o. 933/2009 | 171 (H) | शून्य | शून्य | शून्य |
| 2. | 69- विशुनपुर (अ.ज.जा | शिव कुमार भगत | श्री प्रतीक राज JM 1st गुमला घाघरा थाना कांड - 92 2010 G.R No. 198/ 2022 | 143, 341, 323, 448, 353, I.P.C | शून्य | शून्य | शून्य |
| 3. | 69- विशुनपुर (अ.ज.जा | शिव कुमार भगत | श्री प्रतीक राज JM 1st गुमला घाघरा थाना कांड - 60 2012 G.R No. 131/ 2022 | 341, 342, 323, 354, 325, 504, 506, I.P.C | शून्य | शून्य | शून्य |
| 4. | 69- विशुनपुर (अ.ज.जा | शिव कुमार भगत | श्री प्रतीक राज JM 1st गुमला घाघरा थाना कांड - 71 2014 G.R No. 984/ 2014 | 341, 323, 354, 504,506 I.P.C | शून्य | शून्य | शून्य |

राज्य परिषद के निर्वाचन या विधायकों द्वारा विधान परिषद के निर्वाचन की स्थिति में निर्वाचन क्षेत्र के नाम के स्थान पर संबंधित निर्वाचन का उल्लेख करें

ह0/-
**शिव कुमार भगत, निर्दलीय प्रत्याशी**
**झारखण्ड विधानसभा 2024, (69- विशुनपुर (अ.ज.जा)**
**झारखण्ड**

## प्रारूप C-1

**आपराधिक पूर्ववृत्त के बारे में घोषणा**

(2011 की रिट याचिका (सिविल) नं0 536 में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के 25 सितम्बर 2018 के निर्णय के अनुसार
(पब्लिक इंटरेस्ट फाउडेशन और ऑर्स बनाम भारत संघ एवं एएनआर)

अभ्यर्थी का नाम :- **शिव कुमार भगत**
राजनीतिक दल का नाम :- **निर्दलीय प्रत्याशी**
निर्वाचन का नाम :- **झारखण्ड विधानसभा 2024**
निर्वाचन क्षेत्र का नाम :- **69, विशुनपुर (अ.ज.जा)**

मैं **शिव कुमार भगत** (अभ्यर्थी का नाम) उपर्युक्त निर्वाचन के लिए एक अभ्यर्थी, सार्वजनिक जानकारी के लिए अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के संबंध में निम्नलिखित विवरण घोषित करता हूं:-

(A) लंबित अपराधिक प्रकरण

| क्र. सं. | न्यायालय का नाम | प्रकरण संख्या एवं तारीख | प्रकरण की स्थिति | संबंधित अधिनियमों की धारा (ओं) और अपराध (अपराधों) का संक्षिप्त विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री प्रतीक राज JM 1st गुमला | घाघरा थाना कांड - 115 2009 G.R N o. 933/2009 | बहस के लिए निर्धारित | 171 (H) |
| 2. | श्री प्रतीक राज JM 1st गुमला | घाघरा थाना कांड - 92 2010 G.R No. 198/ 2022 | गवाही के लिए निर्धारित | 143, 341, 323, 448, 353, I.P.C |
| 3. | श्री प्रतीक राज JM 1st गुमला | घाघरा थाना कांड - 60 2012 G.R No. 131/ 2022 | गवाही के लिए निर्धारित | 341, 342, 323, 354, 325, 504, 506, I.P.C |
| 4. | श्री प्रतीक राज JM 1st गुमला | घाघरा थाना कांड - 71 2014 G.R No. 984/ 2014 | न्यायलय मे उपस्थिती हेतु | 341, 323, 354, 504, 506 I.P.C |

(B) दंडनीय अपराधों के लिए सजा के प्रकरणों का विवरण

| क्र. सं. | न्यायालय का नाम और आदेश (आदेशों) की तिथि (तिथियों) | कार्यालय (यों) और लगायी गयी सजा का विवरण | लगाया गया अधिकतम दंड |
|---|---|---|---|
| | शून्य | शून्य | शून्य |
| | शून्य | शून्य | शून्य |
| | शून्य | शून्य | शून्य |

ह0/-
**शिव कुमार भगत**

# केंद्रीय सरना समिति का मतदाता जागरुकता कार्यक्रम कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान को सौंपा मांग पत्र

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** केंद्रीय सरना समिति ने शुक्रवार को हातमा में मतदाता जागरुकता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान शामिल हुए। सरना समिति के अध्यक्ष बबलू मुंडा और मुख्य पहान जगलाल पहान के नेतृत्व में आयोजन हुआ। मंच संचालन संदीप उरांव ने किया। आदिवासी पारंपरिक तरीके से मुख्य अतिथि का स्वागत किया गया। मुख्य पहान जगलाल ने सरना स्थल में पूजा अर्चना करायी।

**आदिवासियों की झारखंड में स्थिति आज भी नहीं सुधरी :** इस अवसर पर केंद्रीय अध्यक्ष बबलू मुंडा ने कहा कि झारखंड



अलग प्रदेश बने 24 वर्ष हो गये। लेकिन आदिवासियों की झारखंड में स्थिति आज भी नहीं सुधरी है। वर्तमान सरकार ने पांच वर्षों में आदिवासियों के लिए कुछ नहीं किया। कहा कि आदिवासियों का लगातार धर्मांतरण हो रहा है, आदिवासी महिलाएं सुरक्षित नहीं है। आदिवासियों की जमीन लूटी जा रही है। इस अवसर पर केंद्रीय सरना समिति ने आदिवासी हित में 9 सूत्री मांग पत्र केंद्रीय कृषि मंत्री सौंपा।

मौके पर शोभा कच्छप, विश्वास उरांव, अशोक उरांव, सीमा उरांव, जगन्नाथ तिर्की, मेघा उरांव, सीमा मुंडा, रवि मुंडा, दीपक पहान, सुरेश पहान, कुलदीप पहान, राजू पहान, डॉ बुटन महली, सनी उरांव, राजू उरांव, बंधन मुंडा, साजन मुंडा, मनोज भगत, निशा उरांव, सुषमा उरांव, मंजू देवी, करमा तिग्गा, जादो उरांव, अजय भोक्ता, शिवलाल पहान, साइनाथ बेदिया, अशोक मुंडा, मुकेश मुंडा समेत अन्य उपस्थित थे।

**क्या है मांग पत्र**

1. झारखंड के आदिवासियों के धार्मिक एवं सामाजिक स्थलों जैसे देवी स्थल, बूढ़ा महादेव, सरना, मसना,हड़गड़ी, अखरा,गांव देवती, द्वरह देशवाली, डालीकतारी, पाहनाई, गयाडाड़, जतरा स्थलों को चिन्हित कर अतिक्रमण मुक्त कराकर आदिवासी समाज को सौंपा जाये।
2. अपने धार्मिक रीति रिवाज को छोड़ चुके आदिवासी समाज के वैसे लोगों को आदिवासी आरक्षण एवं सामाजिक लाभ से वंचित किया जाये।
3. आदिवासी महिलाएं गैर आदिवासी से विवाह करने पर वैसी महिलाओं को कानून बनाकर आदिवासी आरक्षण से वंचित किया जाये।
4. गैर आदिवासियों द्वारा आदिवासी समाज के लोगों का धर्म परिवर्तन किया जा रहा है। कानून बनाकर उस पर रोक लगायी जाये।
5. झारखंड में आदिवासियों के हित के लिए पांचवी अनुसूची के आधार पर पेशा कानून लागू किया जाये।
6. झारखंड प्रदेश के आदिवासियों और मूल वासियो के हित में स्थानीय नीति विस्थापन नीति एवं नियोजन नीति बने।
7. आदिवासियों एवं मूलवासियों की अंचल संपत्ति पर बैंकों द्वारा होम ऋण (होम-लोन) शिक्षा ऋण एवं व्यक्तिगत ऋण देने की कानून बनाया जाये।
8. सीएनटी और एसपीटी एक्ट को सख्ती से लागू किया जाये।

## स्पीड न्यूज

### श्री श्री छठ पूजा महासमिति ने बिहार कोकिला शारदा सिन्हा को दी श्रद्धांजलि



**रामगढ़।** श्री श्री छठ पूजा समिति झंडा चौक के सदस्यों ने स्वर कोकिला शारदा सिन्हा के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की। समिति के सदस्यों ने स्वर कोकिला शारदा सिन्हा के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजली अर्पित किया और उनके योगदानों की चर्चा की। समिति के सदस्यों ने कहा कि स्वर कोकिला शारदा सिन्हा प्रसिद्ध लोक गोयिका थीं। जिन्होंने छठ महापर्व के कई गीतों को अपनी मधुर आवाज दी। कहा कि उनके गाये छठ गीत आज भी काफी प्रसिद्ध हैं। शोक संवेदना व्यक्त करने वालों में बलजीत सिंह बेदी, अमित कुमार सिन्हा, अजय गुप्ता, रवि मिश्रा, विजय सिंह, सन्नी सिन्हा, पिंटू अग्रवाल, मनोज पांडे, रॉकी, पंकज जायसवाल, बीजू गोयनका, बादल कुमार, जय गिरि आदि शामिल थे।

### भुरकुंडा में हेमंत सोरेन की सभा कल

भुरकुंडा (रामगढ़)। बड़कागांव विधानसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन की कांग्रेस प्रत्याशी अंबा प्रसाद की जीत सुनिश्चित करने और 10 नवंबर को थाना मैदान में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कार्यक्रम की तैयारी को ले गुरूवार को भुरकुंडा पार्टी कार्यालय में झारखंड मुक्ति मोर्चा पतरातु प्रखंड कमेटी की बैठक हुई। झामुमो के केंद्रीय सचिव सह झारखंड परिवहन प्राधिकार संयुक्त सदस्य संजीव बेदिया मौजूद थे। बैठक में अंबा प्रसाद को जीत दिलाने के लिए प्रचार-प्रसार में तेजी लाने और भुरकुंडा थाना मैदान में 10 को होने वाले मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कार्यक्रम की तैयारियों पर विचार-विमर्श किया गया।बेदिया ने अंबा प्रसाद के पक्ष में समर्थन मांगते हुए कहा कि भुरकुंडा में 10 को आहुत सीएम हेमंत सोरेन का कार्यक्रम कई मायनों में ऐतिहासिक होगा। संजीव बेदिया ने कहा कि झारखंड प्रदेश में हेमंत सोरेन की लहर चल रही है।

### भुरकुंडा में हिमंता विश्व सरमा की सभा आज

भुरकुंडा (रामगढ़)। असम के मुख्यमंत्री हिमंता विश्व सरमा का शनिवार का भुरकुंडा थाना मैदान में आगमन होगा। इसकी तैयारी लगभग पूरी कर ली गई है। उक्त जानकारी देजे हुए भाजपा भुरकुंडा मंडल अध्यक्ष सतीश मोहन मिश्रा ने बताया कि भुरकुंडा थाना मैदान में 9 नवंबर शनिवार को सुबह 11 बजे असम के मुख्यमंत्री हिमंता विश्व सरमा चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। उन्होंने कहा कि यह सभा कई मायनों में ऐतिहासिक होगा। मिश्रा ने बड़कागांव विधानसभा के सभी मंडल के पदाधिकारी, मंडल के अध्यक्ष, मोर्चा के अध्यक्ष, सभी सम्मानित बूथ अध्यक्ष, जिला व प्रदेश के पदाधिकारी, मोर्चा के सभी पदाधिकारी, एनडीए के सभी कार्यकर्ता और क्षेत्रवासियों से उक्त कार्यक्रम में भारी संख्या में शामिल होने की अपील की है।

### भदानीनगर में भाजपा का ऑफिस खुला



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भदानीनगर के मतकमा चौक में शनिवार को भारतीय जनता पार्टी (एनडीए) कार्यालय का शुक्रवार को उद्घाटन हुआ। इसका उद्घाटन बड़कागांव विधानसभा चुनाव संयोजक राधेश्याम अग्रवाल ने विधिवत फीता काटकर किया। इसके पूर्व पूरे विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। मौके पर राधे श्याम अग्रवाल ने कहा कि कार्यालय खुल जाने से एनडीए कार्यकताओं को बैठक व चुनाव से संबंधित कार्य करने में सहुलियत मिलेगी। उद्घाटन के मौके पर कुमेल उरांव, योगेश दांगी, सोनू कुशवाहा, जुगल नायक, भाजपा भदानीनगर मंडल अध्यक्ष सागर दांगी, अनुप कुमार ठाकुर, मोती नारायण सिंह, राजेंद्र मुंडा, परमेश्र चंद चौधरी, अनिल खरवार, राजेश महतो, हरिशंकर करमाली, लक्ष्मी नारायण कुशवाहा, आशीष शर्मा, पंचम महतो, बिरेंद्र गुप्ता, भरत महतो, फागु महतो, गणेश करमाली, सुभाष बेदिया, बाबूलाल बेदिया, समीर बेदिया, नारायण करमाली, हीरालाल महतो सहित दर्जनो लोग मौजूद थे।

### 700 किलो जावा महुआ बरामद

रामगढ़। रामगढ़ थाना क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम-रांची रोड जंगल से करीब 700 किलो, पतरातू थाना अन्तर्गत ग्राम-जनता नगर से करीब 100 कि०ग्रा०, गोला थाना अन्तर्गत ग्राम-कामता से करीब 400 कि०ग्रा० एवं बरलंगा थाना क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम-स्वर्णरेखा नदी किनारे से करीब 200 कि0ग्रा0 अवैध जावा महुआ कुल-1400 कि०ग्रा० अवैध जावा महुआ बरामद हुआ, जो संग्रहण के दौरान विनष्ट हो गया। जिसका अनुमानित मूल्य करीब 98,000/- रूपया है। बरलंगा थाना क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम-स्वर्णरेखा नदी किनारे से 08 लीटर अवैध देशी शराब जब्त किया गया। जिसका अनुमानित मुल्य 560/- रूपया है। अवैध रूप से देशी शराब निर्माण में संचालित विभिन्न भट्ठियों को ध्वस्त किया गया। इस संदर्भ में रामगढ़ / पतरातू / गोला एवं बरलंगा थाना में सन्हा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। उल्लेखनीय है कि पुलिस अधीक्षक द्वारा नशे के अवैध कारोबारियों के विरूद्ध लगातार छापामारी अभियान चलाया जा रहा है और यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

### कुजू में धूमधाम से छठ संपन्न



कुजू। कुजू के आस-पास के क्षेत्रों में चार दिवसीय छठ महापर्व शुक्रवार को भगवान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ धूमधाम से संपन्न हो गया। इस दौरान क्षेत्र के कुजू छठ बड़ा तालाब, मुरपा, आरा, सारूबेड़ा, ओरला, तोपा, सांडी, दिगवार, बोंगावार, करमा, रतवे, छोटकी डुंडी आदि स्थानों में छठ पूजा धूमधाम से मनाया गया। छठव्रतियों ने गुरुवार की संध्या अस्ताचलगामी व शुक्रवार की सुबह उदयीमान सूर्य को अर्घ्य दिया गया। इधर कुजू छठ तालाब के ऊपर भगवान सूर्य की प्रतिमा स्थापित की गई। जहां पर छठव्रतियों ने पूजा किया। छठ पूजा को लेकर तालाब के चारो ओर विद्युत व्यवस्था के साथ तालाब को आकर्षक तरीके से सजाया गया। जो श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र बना रहा। इससे पूर्व छठव्रतियों को आने-जाने में सुविधा हो इसके लिए तालाब के चारो ओर रास्तो पर मिट्टी मोरम गिरा कर समतल किया गया। वही कुजू पुलिस के पदाधिकारी व जवान मुस्तैद दिखे।

सांसद मनीष जायसवाल व भाजपा प्रत्याशी प्रदीप प्रसाद ने जारी किया संकल्प पत्र, कहा

# हजारीबाग में बनेगा रिंग रोड

**सदर विधानसभा को झारखंड का विकसित क्षेत्र बनायेंगे : प्रसाद**



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** सांसद मनीष जायसवाल व सदर विधान सभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी प्रदीप प्रसाद ने चुनावी घोषणा संकल्प पत्र जारी किया है। मौके पर भाजपा प्रत्याशी प्रदीप प्रसाद ने जन कल्याण योजना चलाने की घोषणा की है। उन्होंने घोषणा पत्र जारी करते मतदाताओं से समर्थन मांगा। उन्होंने कहा कि वह बरसों से सदर विधानसभा क्षेत्र की तस्वीर बदलने का सपना देखते रहे हैं। मतदाताओं ने आशीर्वाद दिया तो सदर विधानसभा को झारखंड का सबसे विकसित विधानसभा क्षेत्र बनाएंगे। मीडिया से मुखातिब होते भाजपा प्रत्याशी प्रदीप प्रसाद ने कहा कि सदर विधानसभा क्षेत्र में पंचायत स्तर पर जन कल्याण केंद्र की स्थापना की जाएगी। ताकि सभी सरकारी योजनाओं का लाभ नागरिकों को एक ही स्थान पर मिल सके। मासिक जन कल्याण शिविर के साथ 247 घंटे हेल्पलाइन के माध्यम से नागरिकों की समस्याओं का समाधान करने की पहल की जाएगी। स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। प्रदीप प्रसाद ने कहा कि हजारीबाग मेडिकल कॉलेज अस्पताल को राज्य का उत्कृष्ट मेडिकल कॉलेज बनाया जाएगा। सदर और प्रखंड स्तर के अस्पताल के आधुनिकीकरण करते हुए सुपर स्पेशलिटी मेडिकल सेंटर में तब्दील किया जाएगा। गरीब तबके के लोगों के लिए मोबाइल क्लीनिक सेवा प्रारंभ की जाएंगी। जीवनरक्षक दवाओं की 24 गुणा 7 घंटे उपलब्धता रहेगी। जिला से लेकर प्रखंड अस्पतालों में विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित की जाएगी। क्षेत्र मे स्वास्थ्य सेवा के लिए उनकी टीम जनता के लिए काम करेगी। नगर निगम के सहयोग से मशीनीकृत सफाई प्रणाली और वैज्ञानिक कूड़ा प्रबंधन के माध्यम से नगर की नियमित सफाई की जाएगी। इसके अलावा शहर के बाजारों और मुख्य चौराहों पर सार्वजनिक शौचालयों की स्थापना की जाएगी। शहर से लेकर गांव की नालियों का सुदृढ़ीकरण करने का काम चलेगा। कोनार डेभ परियोजना को पूर्ण करके शहर में हर घर में नल के जरिए शुद्ध पेयजल पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा। ग्रामीण क्षेत्रों में नए चापाकल लगेंगे। वर्षा जल संचयन के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। सदर विधानसभा क्षेत्र में 24 घंटे निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। बिजली संबंधी समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए उनकी टीम 24 घंटा काम करते रहेगी। बुनियादी ढांचे का विकास उनकी प्राथमिकता होगी। सदर विधानसभा क्षेत्र के के जर्जर और पुराने सड़क का नवीनीकरण किया जाएगा। रिंग रोड का निर्माण प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा पूरा किया जाएगा। इसके साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों को शहर से जोड़ने के लिए सड़क का जाल बिछाया जाएगा। युवाओं और महिलाओं के विकास के लिए विशेष पहल की जाएगी। पंचायत स्तर पर युवाओं के विकास के लिए आधुनिक पुस्तकालय, ई-लर्निंग सेंटर और कैरियर मार्गदर्शन केंद्र खोले जाएंगे। महिलाएं सशक्तिकरण के लिए बालिकाओं में शिक्षा को बढ़ावा दिया जाएगा। स्वयं सहायता समूह का गठन करने के साथ प्रशिक्षण देकर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। प्रदीप प्रसाद ने कहा कि विधायक मद की पारदर्शिता होगी। विधायक मद का उपयोग पारदर्शिता के आधार पर किया जाएगा। पंचायत जनप्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी से विकास कार्यों की निगरानी की जाएगी। मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता उदयभान नारायण सिंह, नगर पश्चिम मंडल अध्यक्ष विवेक वरियार, मनोज श्रीवास्तव और भाजपा नेता उपस्थित थे।

निर्दलीय प्रत्याशी हर्ष अजमेरा ने जारी किया घोषणा पत्र, कहा

# शिक्षा में सुधार, स्थानीय मुद्दा प्राथमिकता



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** हजारीबाग की जनता के समर्थन से सदर विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय उम्मीदवार हर्ष अजमेरा ने शुक्रवार को आधुनिक हजारीबाग का संकल्प पत्र जारी किया। संकल्प पत्र में उन्होंने हजारीबाग के विकास और प्रगति के लिए 10 प्रमुख मुद्दों को प्राथमिकता दी है। अजमेरा का मानना है कि राजनीति में उनका प्रवेश केवल समाजसेवा और सर्वांगीण विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से हुआ है, न कि केवल राजनीति करने के लिए। उनके संकल्प पत्र का मुख्य उद्देश्य एक न्यायपूर्ण, भयमुक्त, और सर्वांगीण विकास वाला हजारीबाग बनाना है। रोजगार के अवसर हजारीबाग के युवाओं के लिए स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर सृजित करना। शिक्षा का सुधार, स्थानीय मुद्दों का समाधान,पेयजल संकट ग्राम वार्ड में आधुनिक जल संचयन तकनीक का उपयोग कर वर्षा जल संग्रहण को बढ़ावा देना। बिजली संकट हेतु 24 घंटे बिजली की उपलब्धता सुनिश्चित करना। सौर ऊर्जा योजना को बढ़ावा देना। सड़के एवं परिवहन प्रत्येक गांव को शहर से जोडने के लिए गुणवत्तापूर्ण सड़कों का निर्माण करना करना। ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में सार्वजनिक सुविधा उपलब्ध कराना। महिलाओं की सुरक्षा के लिए हेल्पलाइन और मोबाइल एप्लीकेशन 24 घंटे सातों दिन हेल्पलाइन शुरू होगा। सीसीटीवी निगरानी व्यवस्था सार्वजनिक स्थलों बाजारों, पार्कों और बस स्टैंड पर सीसीटीवी कैमरे लगवाए जाएंगे ताकि किसी भी असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर नजर रखी जा सके और कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाया जा सके। सैल्फ डिफेंस ट्रेनिंग कैंप लड़कियों की आत्मरक्षा के लिए प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन किया जाएगा। किसानों का सशक्तिकरण,स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर करना, युवाओं के लिए योजनाएं, भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन और पारदर्शिता सरकारी योजनाओं और फंड वितरण में पारदर्शिता के लिए डिजिटल ट्रैकिंग सिस्टम लागू करना,पर्यावरण संरक्षण जलवायु और पर्यावरण की सुरक्षा के लिए प्रभावी कदम उठाना। हरियाली मिशन हर गांव में 1000 पेड़ लगाने का अभियान। जंगलों की कटाई पर सख्त कार्रवाई और ग्रामीण स्तर पर वृक्षारोपण को बढ़ावा देना। जल संरक्षण जल स्त्रोतों का पुनरुद्धार और तालाब, झीलों की सफाई। वर्षा जल संचयन को अनिवार्य बनाना। सांस्कृतिक और धार्मिक धरोहरों का संरक्षण करना, स्थानीय त्योहार और परंपराओं का सम्मान स्थानीय सांस्कृतिक कार्यक्रमों और त्योहारों को बढ़ावा देकर सामुदायिक सौहार्द्र को बनाए रखना। उन्होंने जनता से आग्रह किया है कि 13 नवंबर को ईवीएम के क्रमांक संख्या 23 पर बटन दबाकर अपना आशीर्वाद अवश्य दें।

### नामांकन रद होने से नहीं हूं निराश : किशोरी राणा



**हजारीबाग।** नव झारखंड फाउंडेशन के अध्यक्ष किशोरी राणा ने शुक्रवार को अपने कार्यालय में एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया।उन्होंने कहा कि मैं विधानसभा के चुनाव में अपना नामांकन रद्द होने से निराश नहीं हूं।मैं अपने समर्थकों से भी अपील करता हूं कि वे भी निराश न हों बल्कि,अगली बार आप सबों के सहयोग से दुगुने उत्साह के साथ पुनः चुनावी समर में अपना दम खम दिखाएंगे।श्री राणा ने आगे कहा कि समाज सेवा का उनका काम अनवरत चलता रहा है और आगे भी चलता रहेगा। कहा कि जो अफवाहे बाजार में फैलाई जा रही है वो सत्यता से परे है। इन सब बातो पर ध्यान न देकर मेरे समर्थक अपने जनसेवा के कार्य में लग जाए। टाइगर मरा नहीं है, टाइगर अभी जिंदा है। समय पर शिकार करेगा। इस बार चुके जरूर है अगली बार और उत्साह और दम खम के साथ चुनावी मैदान में उतरेंगे।

# हजारीबाग में 2.5 करोड़ रुपये के अफीम के साथ तस्कर गिरफ्तार

**तस्कर की निशानदेही पर रांची के सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के जानकी नगर रोड छापामारी में 29 लाख रुपये बरामद**




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** पुलिस ने कार से 2.5 करोड़ रुपये की अफीम और 29 लाख रुपये नकदी के साथ तस्कर को गिरफ्तार किया। पकड़ा गया तस्कर चतरा जिले के लावालौंग थाना क्षेत्र के लमटा गांव का विजय कुमार है। एसपी अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि एक कार से भारी मात्रा में अफीम लेकर तस्कर दिल्ली-कोलकाता हाइवे से बिहार की ओर जा रहा है।

इसके आधार पर बरही एसडीपीओ अजीत कुमार विमल के नेतृतव में चौपारण थाना क्षेत्र के केंदुआ मोड़ के समीप सभी वाहनों की सघन जांच की जाने लगी। इसी क्रम में कार (पीबी-11 डीसी-8302) को पुलिस ने पीछा कर रुकवाया। कार की सीट के नीचे पांच पैकेट, चेसिस की दोनों ओर बनाए गए स्पेशल बॉक्स से 16 पैकेट अफीम जब्त की गयी। वाहन चला रहे चालक को पुलिस ने पकड़ लिया। जब्त अफीम की पुलिस ने डीडी कीट से जांच करायी। गिरफ्तार तस्कर की निशानदेही पर रांची में छापेमारी की गयी। सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के जानकी नगर रोड नंबर-06 स्थित आवास में छापामारी के दौरान 29 लाख तीन हजार एक सौ 80 रुपये, एक क्रेटा कार और एक बुलेट जब्त की गयी है। एसपी ने बताया कि तस्कर ने बताया कि उसने अफीम का उठाव खूंटी जिले से किया था। अफीम को हरियाणा और पंजाब में सप्लाई करना था। छापामारी में अनुपम प्रकाश, थाना प्रभारी, तकनीकी शाखा समेत सशस्त्र बल एवं तकनीकी शाखा के कर्मी शामिल थे।

### रामगढ़ में घाटों पर उमड़ी भीड़



रामगढ़। उदयीमान सूर्य को शुक्रवार की सुबह अर्घ्य देने के साथ छठ महापर्व संपन्न हो गया। जिले के अन्य घाटों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। छठ व्रती अपने परिवार के सदस्यों के साथ छठ घाटों पर पहुंचे। जहां वे सूर्यदेव के उदय होने का इंतजार करते रहे। जैसे ही सूर्यदेव नजर आए व्रतियों ने अपने परिवार के सदस्यों के साथ उन्हें अर्घ्य अर्पित कर खुशहाली की कामना की। वहीं, कई व्रतियों ने अपने घर के छतों पर सूर्यदेव को अर्घ्य अर्पित कर कुशलता की कामना की। इससे पूर्व गुरूवार की शाम व्रतियों ने अपने परिजनों के साथ रामगढ़ सहित जिलाक के अन्य घाटों पर पहुंचकर अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया था। **सांसद ने किया पूजा पंडाल का उद्घाटन :** झंडा चौक में श्री श्री छठ पूजा समिति द्वारा भगवान सूर्यदेव की प्रतिमा का निर्माण किया गया। वहां के पूजा पंडाल का उदघाटन गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने फीता काटकर करते हुए छठी मईया और सूर्यदेव से क्षेत्र की खुशहाली की कामना की।

# भुरकुंडा में छठ घाटों पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



भुरकुंडा (रामगढ़)। भुरकुंडा कोयलांचल, भदानीनगर, बासल, सयाल-उरीमारी, पतरातु सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में भक्ति व श्रद्धाभाव से आस्था का महापर्व कार्तिक छठ विधि-विधान व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर गुरूवार की शाम अस्ताचलगामी भगवान सूर्य को प्रथम अर्घ्य एवं शुक्रवार की तड़के सुबह उदीयमान भगवान भास्कर को द्वितीय अर्घ्य देने के लिए कोयलांचल के विभिन्न छठ घाटों पर छठव्रतियों एवं भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। भुरकुंडा नलकारी नदी छठ घाट, सौंदा डी नलकारी नदी छठ घाट, सेंट्रल सौंदा नलकारी नदी छठ घाट, सीसीएल सौंदा दुमुहानी छठ घाट, रिभर साइड दामोदर नदी छठ घाट, भदानीनगर आईएजी ग्लास फैक्ट्री डैम, चिकोर पारगढा नदी, सौंदा बस्ती छठ घाट, सयाल-उरीमारी, पतरातू डैम सहित अन्य छठ घाटों पर भक्तों का जनसैलाब देखा गया। छठ घाटों पर दोनों ही समय अर्घ्य देने से पहले छठव्रतियों ने आधे शरीर पानी में रहकर छठ माता, भगवान सूर्य की पूजा आराधना कर अपने परिवार व क्षेत्र की हरियाली खुशहाली की कामना की। उदयीमान भगवान सूर्य को अर्घ्य देने के बाद आरती हवन पश्चात छठ पूजा का प्रसाद ग्रहण कर छठव्रतियों ने पारण किया। इधर भुरकुंडा नलकारी नदी छठ घाट स्थित छठमाता मंदिर, भगवान सूर्य मंदिर, गंगा मां मंदिर में पूजा अर्चना के लिए भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी।

## एक नजर में

### बटेश्वर मेहता के पक्ष में गोलबंद होने लगे मतदाता



**इचाक।** बरकट्ठा विधानसभा से निर्दलीय प्रत्याशी बटेश्वर प्रसाद मेहता के पक्ष में मतदाता गोलबंद होने लगे हैं। मतदाता खुद उनके लिए प्रचार अभियान की कमान संभाल लिए हैं। हर दिन दो दर्जन से अधिक ग्रुप में महिला और पुरुष जुट कर प्रचार कर रहे हैं। कई समाज के लोग अब बैठक कर समर्थन की घोषणा भी कर रहे हैं। शुक्रवार को इचाक के बड़ी मस्जिद के पास अल्पसंख्यक समाज के सैकड़ों लोगों ने एक स्वर में निर्दलीय प्रत्याशी बटेश्वर प्रसाद मेहता को समर्थन देने का घोषणा किया। उसके बाद सैकड़ों लोग बड़ी मस्जिद से निकल इचाक बाजार तक पहुंचे और जम कर बटेश्वर मेहता के पक्ष में जिंदाबाद का नारा लगाया। साथ ही कई अन्य समाज के लोगों ने भी बैठक पर समर्थन का घोषणा किया। इसके अलावा निर्दलीय प्रत्याशी ने सुबह कई छठ घाट पहुंच प्रसाद ग्रहण किया। कहा कि इस बार बरकट्ठा विधानसभा की जनता ने मन बना लिया है कि 13 तारीख को ईवीएम के 14 नंबर पर टेंपो छाप पर वोट डालेंगे। कहा इस बार मैं एक चेहरा मात्र हूं, चुनाव विधानसभा की जनता लड़ रही है, और जब चुनाव जनता लड़ती तो हर शक्ति उसके मदद में लग जाती है।

### रोशन लाल के लिए जायसवाल ने मांगा वोट



**बड़कागांव।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने मौजूदा विधानसभा चुनाव को लेकर शुक्रवार को बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के एनडीए समर्थित भाजपा प्रत्याशी रोशन लाल चौधरी के समर्थन में बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के बड़कागांव और केरेडारी प्रखंड क्षेत्र के छह पंचायतों का तूफानी दौरा कर भाजपा प्रत्याशी रोशन लाल चौधरी के समर्थन में आगामी 13 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव में ईवीएम के क्रम संख्या 03 बटन दबाकर बड़कागांव के स्वर्णिम भविष्य के साथ झारखंड में सत्ता परिवर्तन करते हुए डबल इंजन की सरकार बनाने के लिए कमल निशान पर मतदान करें। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने बड़कागांव प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत पंकरी बरवाडीह और केरेडारी प्रखंड क्षेत्र के बरियातू, कंडाबेर, बेलतू, पचड़ा और केरेडारी पंचायत का दौरा किया। इस दौरान स्थानीय लोगों ने उत्साहित होकर नारे- जयकारे लगाते हुए सांसद मनीष जायसवाल का फूल माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। लोगों ने सांसद मनीष जायसवाल को बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस राज की कई समस्याओं से भी अवगत कराया और कहा कि इस क्षेत्र के लोग खुद बदलाव के मूड में हैं। सांसद मनीष जायसवाल अपने इस चुनावी डर के क्रम में जब केरेडारी प्रखंड के कंडाबेर पहुंचे तो यहां मां अष्टभुजी की मंदिर में माथा टेककर आशीर्वाद प्राप्त किया और क्षेत्र की जनता की सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना माता रानी से किया ।मौके पर सांसद मनीष जायसवाल के मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

### जायसवाल और प्रदीप प्रसाद ने दिया अर्घ्य

हजारीबाग। लोक आस्था और सूर्य उपासना का महापर्व के अवसर पर गुरुवार को गाड़ियों व काफिले के कारण छठ व्रतियों व सहयोगियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो इस कारण हजारीबाग की जनता के जनभावना का ख़्याल रखते हुए हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी के संग बाइक पर सवार होकर निकले और शहर के विभिन्न छठ समितियां का हौसलावर्धन करने के साथ ही प्रशासन से समन्वय बैठाकर छठ महाव्रतियों को कोई असुविधा ना हो इसके लिए शुक्रवार की सुबह छठ महापर्व के समापन तक नजर बनाए रखा। सांसद मनीष जायसवाल ने नगर निगम क्षेत्र के वार्ड संख्या 36 स्थित प्रमोद विहार कॉलोनी और मासीपीढ़ी छठ घाट पर हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र के बीजेपी प्रत्याशी प्रदीप प्रसाद ,स्थानीय भाजपा कार्यकताओं और अपने समर्थकों के साथ अस्तलचलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया एवं सभी को छठ महापर्व की बधाई दी साथ ही भगवान भास्कर से उन्होंने सभी के जीवन में आरोग्य, समृद्धि और सुख- शांति का प्रकाश सदैव बना रहें ऐसी कामना की। इससे पहले शहर के अन्नदा चौक समिति और हुडहुडू जोड़ा तालाब परिसर में स्थानीय छठ पूजा समिति द्वारा आयोजित सूप, दूध और पूजन सामग्री वितरण कार्यक्रम में शामिल हुए और महावृतियों के बीच पूजन सामग्री का वितरण किया। सांसद मनीष जायसवाल ने छठ महापर्व 2024 के सफल संपन्न कराने में जुटे प्रशासनिक अधिकारी, पुलिस अधिकारी, समाजसेवी, विभिन्न सरकारी और गैर सरकारी संगठन, विभिन्न धार्मिक, राजनीतिक, समाजिक और शैक्षणिक संस्थानों को ढेरों बधाई और शुभकामनाएं भी दी।

### टाटीझरिया में छठ धूमधाम से संपन्न

**टाटीझरिया ।** प्रखंड के झरपो भरीजो खैरा डहरभंगा डूमर धरमपुर बेड़म टाटीझरिया आठों पंचायत में हरेक वर्ष की भांति इस वर्ष भी बहुत ही हर्षोल्लास के साथ श्रद्धापूर्वक क्षेत्रीय नदी तालाबों में भगवान सूर्य नारायण और माता षष्ठी को संध्या एवं प्रातःकाल में विभिन्न प्रकार के सूप में भरे फलों,दूध ,जल से अर्घ्य देकर विधिवत वैदिक मंत्रोच्चारन कर पूजा को शांति पूर्ण सम्पन्न मनाया गया। क्षेत्र के चारों ओर छठ घाट नदी तालाबों में भक्तों का हुजूम देखा जा रहा था वहीं बता दे कि खैरा पंचायत के नारायणपुर में गांव में छठ पूजा समिति के ओर से छठ घाट में लाइट साउंड की व्यवस्था किया गया। तथा झरपो मे आजाद हिंद संस्था के ओर से नारियल ,फल का वितरण ,लाइट साउंड की व्यवस्था,सरजू प्रसाद साहू के ओर से सूप से भरा फल,निगरानी समिति झरपों के ओर से लाइट साउंड की व्यवस्था अन्य कई भक्तों द्वारा दूध समेत अन्य सामग्रियों का वितरण किया गया।

### विष्णुगढ़ में व्रतियों ने सुख-शांति की कामना की

**विष्णुगढ़।** चार दिवसीय लोकआस्था का महापर्व पूरे प्रखंड में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ।छठ पर्व के अंतिम दिन उगते सूरज को अर्घ्य देने के लिए छठ व्रतियों और उनके परिजन अपने घरों से पूजा सामग्रियों के साथ घाटों पर पहुंचे पानी में खड़े होकर व्रतधारियों ने सूप,ईख,नारियल,मिट्टी के दिया बर्तन ,फल, फुल बेलपत्र,ठकुवा बांस की डलिया में पूजन सामग्री सहित गाय के दूध से भगवान सूर्य को अर्घ दिया । पूरे क्षेत्र के सुख- शांति एवं समृद्धि की कामना की गई। इस वर्ष भी विहिप एवं बजरंगदल जिला सह संयोजक वरुण कुमार के द्वारा जमुनिया नदी छठ घाट पर भक्ति जागरण का अयोजन किया गया।गुरुवार व सोमवार को क्रमशः संध्याकालीन एवं प्रातःकालीन अर्घ्य के दौरान प्रस्तुति दी गई ।

### चरही में उगते सूर्य को व्रतियों ने दिया अर्घ्य

**चरही।** चरही तथा कोयलांचल क्षेत्र में लोक आस्था का चार दिवसीय पर्व छठ विधिवत धुमधाम के साथ संपन्न हो गया।चरही,चनारो,कजरी,इंद्रा, जरबा,चुरचू ,बहेरा,तापीन,सहित कई क्षेत्रों में छठ घाट बनाए गए थे।घाटों पर समाज सेवियों के द्वारा फल का वितरण किया गया।वहीं जरबा के छठ घाट पर मांडू विधानसभा के निर्दलीय प्रत्याशी आंनद सोरेन ने छठ व्रतियों के बीच नारियल का वितरण किया।यह पर्व नहाय खाय के साथ शुरू हुआ था।इसके बाद खरना कार्यक्रम को संपन किया गया।छठ व्रतियों ने गुरुवार शाम को सूपों और दौरों को फलों तथा ठेकुओ से सजाकर दंडवत देते हुए विभिन्न छठ घाट पहुंचे।जहां पर विभिन्न नदियों में भगवान भास्कर का अर्ध्यदान किया गया।सभी व्रती पुनः शुक्रवार अहले सुबह दौरों और सूपों में फलों और ठेकुओ को सजाकर छठ घाट पहुंचे।जहां पर स्नान-ध्यान कर भगवान भास्कर को उदय होने के इंतजार में ठंढे पानी में खड़े रहे।भगवान भास्कर को उदीयमान होते ही व्रतियों ने दुध से अर्ध्यदान किया।

स्पीड न्यूज

### रातू : झिरी से अज्ञात महिला का शव बरामद

रातू। थाना क्षेत्र के झिरी आनंद नगर स्थित डंपिंग यार्ड से एक अज्ञात महिला का शव बरामद किया गया है। पुलिस ने पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिये रिम्स भेज दिया है। स्थानीय लोगों ने बताया कि वह कचरे चुनती थी। आज सुबह उसकी मौत हो गयी। उसकी उम्र करीब 45 वर्ष थी। मामले को लेकर रातू थाने में यूडी केस दर्ज किया गया है। समाचार लिखे जाने तक उसकी शिनाख्त नहीं हो पायी थी।

### रातू : पुलिस ने क्षेत्र में किया फ्लैग मार्च

रातू। सीनियर एसपी ने निर्देश पर 13 नवंबर को होने वाले चुनाव के मद्देनजर थानेदार आरएन सिंह की अगुआई में असामाजिक तत्वों में भय पैदा करने के उद्देश्य से पुलिस ने क्षेत्र के विभिन्न स्थानों में फ्लैग मार्च किया। इसमें विभाग के पदाधिकारी और जवान शामिल थे।

### कांग्रेस ने नगड़ी और रातू प्रखंड के गांवों का किया दौरा

पिस्कानगड़ी। कांग्रेस के हटिया विधानसभा प्रभारी शैलेन्द्र प्रताप सिंह सहित कई प्रभारियों ने नगड़ी प्रखंड व रातू प्रखंड के विभिन्न गांवों का दौरा कर कांग्रेस प्रत्याशी को वोट देने की अपील की। साथ ही कांग्रेस के नीतियों से लोगों को अवगत कराया। दौरे में जिला कांग्रेस कमिटी अध्यक्ष डॉ राकेश किरण, उपाध्यक्ष शहीद अहमद, पूर्व जिला परिषद सुनील उरांव, महासचिव करजीवन महतो, प्रखंड अध्यक्ष कुशल उरांव, शाहबीर लोहरा, आदिवासी नेता अमर उरांव, यूथ प्रभारी विष्णु देव शामिल थे।

### बघमरी चेकनाका से 2.7 लाख जब्त

खलारी। मैक्लुस्कीगंज थाना क्षेत्र के बघमरी पिकेट चेकनाका पर 2 लाख 7 हजार कैस जब्त किया गया। पिकेट चेकनाका पर एसएसटी टीम (स्टैटिक निगरानी दल) के द्वारा बालूमाथ की ओर से आ रही सभी वाहनों का जांच पड़ताल किया जा रहा था। इस दौरान बालूमाथ की ओर से आ रही इनोवा कार जेएच 03 एक्स 4141 में चालक के पास से 2 लाख 7 हजार रुपये बरामद किया गया। एसएसटी दल के चेकनाका मजस्ट्रेट (प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी) विकास रंजन तिर्की ने बताया कि एक कार बालूमाथ की तरफ से राँची ओर जा रहा था। चेंजिंग के दौरान अचार संहिता का मद्देनजर अधिक मात्रा में पैसा पाए जाने पर जब्त किया गया।

### बरहे निवासी समाजसेवी के निधन पर शोक



चान्हो। थाना क्षेत्र के बरहे निवासी पचास वर्षीय समाजसेवी तपेश्वर गोप की शुक्रवार शाम इलाज के दौरान रिम्स में मौत हो गई। वे गोप समाज के रांची ग्रामीण जिला अध्यक्ष भी थे। बताया जाता है कि छठ पूजा में खरना के दिन एकाएक उनकी तबीयत खराब हो गई थी जिसके बाद इन्हें इलाज के लिए रिम्स ले जाया गया था। शुक्रवार को उनकी तबीयत और ज्यादा खराब हो गई और देर शाम उनकी मौत हो गई। उनके दो छोटे-छोटे बच्चे भी हैं। उनकी मौत से शोक की लहर है।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिन- -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## रांची के ग्रामीण क्षेत्रों में छठ महापर्व को लेकर उत्साह का माहौल, घाटों पर उमड़ा जन सैलाब

# उगते सूर्य को अर्घ्य देकर मांगी सुख-समृद्धि

### ओरमांझी में विशेष गंगा आरती का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

ओरमांझी। छठ पूजा समिति ओरमांझी द्वारा प्रखंड के प्रमुख छठ घाट डोमा नदी जलाशय में छठ पूजा के अवसर पर विशेष गंगा आरती का आयोजन किया गया। गुरुवार शाम को बनारस से विशेष गंगा आरती के लिए पहुंचे चार पंडितों द्वारा गंगा आरती की गई। गंगा आरती में छठ घाट पहुंचे सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। वहीं भक्ति गीतों के साथ हुई गंगा आरती व शंखनाद के दौरान छठव्रतियों के साथ आरती में शामिल श्रद्धालु छठ मईया के भक्ति में लीन दिखें। वहीं गंगा आरती का शुभारंभ राज्यसभा सदस्य आदित्य साहू ने आरती कर किया। गंगा आरती का आयोजन करने पर उन्होंने समिति को बधाई दी, कहा सनातन धर्म की पूजा में प्रकृति की भी पूजा समाहित है। इसमें जल में खड़े हो सूर्य की आराधना, कंद-मूल, हल्दी, आदि जैसे विभिन्न प्रकार की सामग्री से पूजा करना, छठ पूजा में हमें प्रकृति पूजा की साक्षत्य उदाहरण देखने को मिलती है। छठ पूजा व गंगा आरती के दौरान पहुंचे विधायक सह कांग्रेस के खिजरी विधानसभा प्रत्यासी राजेश कच्छप ने भी छठ पूजा का प्रकृति का महापर्व बताया। गंगा आरती के दौरान उपप्रमुख रिजवान अंसारी, पूर्व प्रमुख जयगोविंद उर्फ लालू साहु, शंकर गुप्ता सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, समिति के सदस्यों के साथ काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।



ओरमांझी के गंगा आरती करते भक्तगण व शामिल लोग।

### भुवन भास्कर को अर्घ्य देने उमड़ा आस्था का जन-सैलाब

राहे/सोनाहातू। चार दिवसीय लोक आस्था का महापर्व छठ शुक्रवार को सम्पन्न हुआ। व्रतियों ने उगते हुए सूर्य को अर्घ्य दिया और छठी मैया का नमन किया। सूर्य उपासना का महापर्व छठ का चार दिवसीय अनुष्ठान संपन्न हुआ। छठ पर्व पर हवन करके व्रती 36 घंटे के निराहार निर्जला व्रत का समापन किया। व्रतियों के साथ श्रद्धालुओं ने सूर्य को अर्घ्य दिया। महिलाओं ने एक-दूसरे की मांग में सिंदूर भरकर परिवार समाज व देश में सुख शांति समृद्धि कल्याण की कामना किये। परम्परागत गीतों की गूंज से पूरा माहौल को भक्तिमय बन गया था। हर घाट में श्रद्धा का रंग देखने को मिला।

### छठ के गीतों से गूंजे ओरमांझी के घाट

ओरमांझी। शुक्रवार को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ छठ महापर्व संपन्न हो गया। प्रखंड क्षेत्र के डोमा नदी जलाशय, रुक्का डैम, शंकर घाट सहित विभिन्न छठ घाट व जलाशयों को आयोजन समितियों द्वारा साफ सफाई कर सजाया गया था। वहीं छठ मईया के गीतों से पूरा क्षेत्र गुंजयमान व भक्तिमय हो गया था। गुरुवार शाम को अस्ताचलगामी व शुक्रवार को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य दिया गया। इससे पूर्व बुधवार को छठव्रतियों के घरों में जाकर खरना का प्रसाद ग्रहण किया। छठ पूजा के अवसर पर पहुंचे विधायक सह खिजरी विधानसभा के कांग्रेस प्रत्यासी राजेश कच्छप ने छठ पूजा का प्रकृति का महापर्व बताया और लोगों को बधाई दी। इसके अलावा राज्यसभा सदस्य आदित्य साहू, पूर्व सांसद रामटहल चौधरी, पूर्व विधायक रामकुमार पहन, पूर्व प्रमुख जयगोविंद उर्फ लालू साहू आदि ने भी लोगों को छठ पूजा की बधाई दी। छठ घाटों में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस कर्मी तैनात थे।

### इटकी में उमड़ा आस्था का सैलाब

इटकी। प्रखंड के विभिन्न छठ घाटों में छठ व्रती महिलाओं ने उदयीमान सूर्य को अर्घ्य दिया। प्रातः से ही इटकी क्षेत्र के छठ घाटों पर व्रती महिलाओं का अपने परिवार के साथ पहुंचना शुरू हो गया था। घाटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी थी इस दौरान श्रद्धालुओं ने घाटों पर आस्था की डुबकी लगाई। श्री शक्ति संघ द्वारा नया तालाब छठ घाट का साफ सफाई, रौशनी, साज सज्जा, आम की लकड़ी, दुग्ध सहित कई अन्य व्यवस्था की गई थी। इससे पूर्व गुरुवार की शाम अस्ताचलगामी सूर्य को छठ व्रतियों ने अर्घ्य दिया। प्रखंड के इटकी नया तालाब, बाहरी तालाब, कुंदी, बारीडीह, भंडरा, गड़गांव, सेमरा, हरही गंगा जल, मोरो, मकुन्दा, बेड़ेया, नारी, पंडरा नदी सहित अन्य छठ घाटों में सैकड़ों की संख्या में लोग अर्घ्य देने पहुंचे थे।



इटकी में भुवन भास्कर को अर्घ्य देते छठ व्रती।

### महाराजा तालाब में उमड़ा व्रतियों का सैलाब

रातू। प्रखंड के विभिन्न भागों में उदयीमान भगवान भास्कर को अर्घ देने के साथ ही लोक आस्था का महापर्व छठ महोत्सव धार्मिक उल्लास से समाप्त हो गया। गुरुवार की शाम अस्ताचलगामी सूर्य को पहला अर्घ देने के लिये महाराजा तालाब में व्रतियों का सैलाब उमड़ पड़ा। यहां छठ पूजा समिति के संरक्षक और फन फैशल पार्क निदेशक नितेश नाथ शाहदेव की ओर से लाइटिंग और व्रती परिवारों के लिये सुविधा केंद्र स्थापित किये गये थे। वहीं, श्री साईं स्वयंसेवी संस्था ने नियंत्रण कक्ष के जरिये लोगों की मदद की। कांग्रेस नेता अजय नाथ शाहदेव ने घाट में व्रती परिवार मिलकर छठ की शुभकामनाएं दी और उनका कुशलक्षेम भी जाना। सीएचसी ने चिकित्सा शिविर लगाया। लोगों ने ब्लड प्रेशर व शुगर आदि की जांच करायी। छठ घाट में सुरक्षा के कड़े प्रबंध थे। थानेदार आरएन सिंह ने इसकी कमान संभाली। किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं है।

### उदीयमान सूर्य को अर्घ्य के साथ अनगड़ा में छठ महापर्व संपन्न

अनगड़ा। उगते सूर्य को अर्घ्य दान के साथ लोक अस्था का महा पर्व छठ पूरे अनगड़ा प्रखंड के विभिन्न इलाकों में श्रद्धापूर्ण वातावरण में संपन्न हो गया। शुक्रवार की शाम विभिन्न नदी और तालाब के किनारे पर डूबते सूर्य को पूरे श्रद्धा के साथ अर्घ्य दिया गया। जबकि शनिवार की सुबह श्रद्धालुओं ने उदयमान सूर्य को अर्घ्य दिया। इस मौके पर विभिन्न तालाबों नदी घाटों और गेतल सूद डैम के छठ घाटों को आकर्षक ढंग सजाया गया था और लाईटिंग की व्यवस्था की गई थी। सड़कों को भी टेंकर से धो कर पाक साफ किया गया था। गेतलसूद छठ पूजा समिति की ओर से गेतलसूद डैम छठ घाट में भगवान भास्कर की प्रमिता स्थापित कर उनकी श्रद्धा भाव से पूजा-अर्चना की गयी।

## भाजपा प्रत्याशी ने समर्थकों संग की पदयात्रा

- उत्साहित दिखे पार्टी कार्यकर्ता
- ग्रामीणों से की वोट की अपील

खबर मन्त्र संवाददाता

रातू। हटिया विधान सभा के भाजपा प्रत्याशी और विधायक नवीन जयसवाल ने शुक्रवार को दोपहर सैकड़ों कार्यकर्ता और समर्थकों के साथ क्षेत्र में पदयात्रा कर लोगों से पार्टी के पक्ष में वोट करने की अपील की। इसकी शुरूआत सीएन राज हाई स्कूल मैदान से की गयी। कार्यकर्ता बेहद उत्साहित नजर आये। विभिन्न स्थानों में जायसवाल का स्वागत किया गया। उन्होंने ग्रामीणों को अपने 13 साल के कार्यकाल की उपलब्धियां गिनायी।




### कार्यक्रम में लिया हिस्सा

कामेश्वर महतो, कुशवाहा शिवबरण मेहता, सुबोध साहू, नीरज कुमार, राजेंद्र पांडेय, परमेश्वर गोप, आशीष गोप, संजीव तिवारी, केशव साहू, मुन्नी कुमारी, कृष्णा भगत, संगीता तिर्की, ममता देवी, अजय तिवारी, मोहन साहू, रानी देवी, प्रदीप टोप्पो, अमित तिवारी, जेम्स खलखो, रामानंद तिवारी, बिमल उरांव, इमरान खान, संजय साहू, संजय महतो, निर्मल साहू, रूपेश महतो, संजय राय, रमेश साहू व पंकज राय आदि शामिल थे।

### बेड़ो में पीएलएफआई ने चुनाव बहिष्कार को लेकर लगाया बैनर

रांची। बेड़ो प्रखंड मुख्यालय बेड़ो में लंबे समय के बाद पीएलएफआई संगठन ने अपनी मौजूदगी का अहसास कराया है। संगठन ने रांची गुमला मुख्य मार्ग पर यूको बैंक के ठीक सामने फल दुकान के पास बैनर लगाकर चुनाव बहिष्कार करने की अपील की है। इस पोस्टरबाजी के बाद से पुलिस की पेट्रोलिंग पर सवाल उठ रहे है। संगठन ने पुलिस प्रशासन को खुली चुनौती देते हुए बैनर में लिखा है कि 24 साल बाद भी झारखंड की आम अवाम जनता अपनी आवश्यकता से वंचित हैं।

## मणिपुर हिंसा से सबक लें आदिवासी : सोमनाथ

- अब नहीं चलेगी मोदी मैजिक
- अधिकांश सीट हारेगी भाजपा

खबर मन्त्र संवाददाता

रातू। सरना नेता सोमनाथ उरांव ने कहा कि मणिपुर हिंसा से झारखंड के आदिवासियों को सबक लेने की जरूरत है। वहां भाजपा सरकार के अगुआ बिरेन सिंह ने केंद्रीय नेताओं के निर्देश पर उपद्रवियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की। महिलाओं को नग्न कर घुमाया गया। हिंसक भीड़ ने रेप कर उनकी निर्मम हत्या कर डाली। इतना ही नहीं भाजपाइयों ने सैकड़ों घर फूंक डाले। किंतु, श्री सिंह को इसकी कोई परवाह नहीं रही। प्रधानमंत्री और गृह मंत्री ने नैतिकता के आधार पर कांड की निंदा तक नहीं की। बल्कि, उनके शह पर आरोपित खुलेआम घुम रहे हैं। इससे देश भर के आदिवासियों में आक्रोश है। उन्होंने जोर देकर कहा कि भाजपा को हटिया समेत झारखंड के अधिकांश सीटों में पराजय का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि अब मोदी मैजिक नहीं चलने वाली है। वह खबर मंत्र से खास बातचीत कर रहे थे।

### छत्तीसगढ़ में भी हुई बर्बरता



छत्तीसगढ़ में वन कटाई के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे आदिवासियों पर पुलिस लाठी चार्ज की तीव्र आलोचना करते हुये सोमनाथ ने कहा कि इस बर्बरता के लिये राज्य की भाजपा सरकार को दोषी है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को बिना वजह जेल भेजे जाने को लेकर उन्होंने कहा कि अगर हम नहीं संभले, तो भविष्य में सभी के साथ यही होने वाला है। उन्होंने समाज के लोगों से विधानसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान कर भाजपा को परास्त करने की अपील की है।

## जेएलकेएम प्रत्याशी फुलेश्वर बैठा का बूटी गांव में स्वागत



खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। जेएलकेएम कांके प्रत्याशी फुलेश्वर बैठा ने सुकुरहुटू गांव एवं देर शाम बूटी गांव, खिजुरटोला बूटी में जनसंपर्क अभियान चलाकर वोट मांगे। मौके पर उन्होंने रामवि बूटी को उवि में उत्क्रमित कराने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि यदि हमारी पार्टी जीती तो सबसे पहले स्थानीय नीति बनाने का काम होगा। इस मौके पर हजारों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित हुए और उन्हें जिताने का आश्वासन दिया।

### मौके पर थे मौजूद

मौके पर जेएलकेएमके केंद्रीय महामंत्री जितेंद्र महतो, केंद्रीय संगठन महामंत्री मोहनलाल महतो, जन जागृति मंच के कार्यकारी अध्यक्ष महावीर मुंडा, उपाध्यक्ष कर्मदेव बैठा, सहसचिव महेंद्र महतो, कुणाल कुमार, शिवम ओहदार, झाली देवी, फूलो देवी, मंजीता देवी, बिंदेश्वरी देवी, सुनिता देवी, विनीता ओहदार, रेखा देवी, प्रीति ओहदार, ममता कुमारी, मनीष कुमार, योगेश कुमार, श्रवण कुमार महतो, लिखेश्वर ओहदार, मनोज महतो, पवन कुमार आदि मौजूद थे।

## झारखंड में एनडीए सरकार बनी तो घुसपैठियों को बाहर करेंगे : हिमंता

### भांटबोड़या मैदान में भाजपा की चुनावी सभा का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

ठाकुरगांव। झारखंड में एनडीए की सरकार बनते ही बंगलादेशी घुसपैठियों को बाहर निकाला जाएगा। झारखंड सरकार बुजुर्गों के पेंशन को बंद करके मंईयां योजना का ढोंग कर रही है। राज्य में भाजपा सरकार बनते ही सीजीएल परीक्षा को रद्द करते हुए 3.50 लाख रिक्त पदों में बहाली करेंगी। उक्त बातें असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिश्व सरमा ने शुक्रवार को कांके विधानसभा के भाजपा प्रत्याशी डॉ जितुचरण राम के पक्ष में भांटबोड़या मैदान में आयोजित चुनावी सभा में कही। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार बनते ही राज्यवासियों को मुफ्त बालू दिया जाएगा। साथ ही श्री सरमा ने कहा कि राज्य की हेमंत सरकार भ्रष्टाचार में सभी रिकार्ड तोड़ चुकी है। उन्होंने जोर देकर कहा कि राज्य सरकार के सह से बंगलादेशी घुसपैठि, आदिवासियों की जमीन लूटने के साथ राज्य की कानून व्यवस्था भी खराब कर रहे हैं।



### सभा में ये लोग थे मौजूद

सभा को केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ, विधायक समरीलाल, भाजपा प्रत्याशी डॉ जितुचरण राम, आजसू के जिलाध्यक्ष संजय महतो, पूर्व जिप उपाध्यक्ष पार्वती देवी, भाजपा नेता कमलेश राम ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में ठाकुरगांव, पिठोरिया, बुढ़मू, खलारी, कांके, मेसरा भाजपा मंडल के हजारों कार्यकर्ता शामिल हुए। सभा के आयोजन में उतपल शाहदेव, गोपाल महतो, श्रवण गोप, अभिषेक कुमार, रामकुमार दुबे, बिंटू शाहदेव, अमृत महतो, कमल मोदी, गौरव कुमार, शिवशंकर महतो, परिबा साहू आदि की सराहनीय भूमिका रही।

## विकास मुंडा को वोट देने का मतलब हेमंत को वोट दे रहे हैं : मुख्यमंत्री

खबर मन्त्र संवाददाता



तमाड़। झारखंड के सीएम और झामुमो के स्टार प्रचारक हेमंत सोरेन ने शुक्रवार को तमाड़ विधानसभा क्षेत्र के अड़की के चूकलु मैदान में पार्टी प्रत्याशी विकास कुमार मुंडा के पक्ष में चुनावी सभा की। जनसभा को संबोधित करते हुए हेमंत सोरेन ने जेएमएम प्रत्याशी विकास कुमार मुंडा के लिए मतदान करने को अपील किये। हेमंत सोरेन ने कहा कि विकास कुमार मुंडा को वोट देना मतलब हेमंत सोरेन को आप वोट दे रहे हैं। चुनाव का समय है तो यूपी, बिहार, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश सभी क्षेत्र के बाहरी नेता दिखाई पड़ रहे है। लेकिन चुनाव खत्म होते ही एक भी नेता आपके बीच दिखाई नहीं देंगे। उन्होंने आगे कहा कि आदिवासी-मूलवासियों के अधिकार के लिए वे संघर्ष कर रहे हैं। इनके लिए उन्होंने कई कार्य किए हैं। इसलिए वे आज आशीर्वाद मांगने आए हैं. विरोधियों ने साजिश कर उन्हें जेल में डाल दिया। उनका उद्देश्य हेमंत सोरेन सरकार को गिराना था और झामुमो को खत्म करना था, लेकिन उन्हें पता नहीं है कि जेएमएम इस राज्य की चीन की दीवार है। कोई इसको लांघ कर नहीं जा सकता, जो इस दीवार पर चढ़ेगा वो खत्म हो जाएगा।

## निर्दलीय प्रत्याशी की सुंडील से निकली बाइक रैली

### भरत कांशी ने विरोधियों को कराया ताकत का एहसास

खबर मन्त्र संवाददाता

रातू। हटिया विधानसभा में पूरे दमखम से निर्दलीय चुनाव लड़ रहे भरत कांशी ने पैतृक गांव सुंडील से विशाल बाइक रैली निकाल विरोधियों के दांत खट्टे कर दिये और ताकत का भी एहसास कराया। रैली में आठ हजार मोटर साइकिलें थी। सभी में दो-दो युवक सवार थे। प्रचार गाड़ी में भरत के अलावा सरना रत्न स्व बीरेंद्र भगत और जिला परिषद अध्यक्ष निर्मला भगत की तस्वीर लगी थी। समर्थकों ने कांशी के पक्ष में नारे लगाये और वोट मांगा। विभिन्न स्थानों में आयोजित नुक्कड़ सभा के दौरान भरत व निर्मला खूब गरजे और सरकार और विपक्षी नेताओं को जमकर धोया।



### विकास विरोधी हैं विधायक : कांशी

भरत कांशी ने भाजपा विधायक पर जाति और धर्म पूछ लोगों का काम करने और एक वर्ग विशेष की आबादी वाले गांव की समस्याओं को नजर अंदाज किये जाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि 12 साल पहले बनी क्षेत्र की आरईओ सड़कें जर्जर हो गयी है। लेकिन, इस पर उनका कोई ध्यान नहीं है। अल्वता, चुनाव पूर्व उन्होंने जनता को मूर्ख बनाने के उद्देश्य से शिलान्यास जरूर कर दिया।

### सिर चढ़ बोल रहा भ्रष्टाचार

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को कटघरे में खड़ा करते हुये कांशी ने कहा कि प्रखंड व अंचल कार्यालयों में भ्रष्टाचार सिर चढ़ कर बोल रहा है। उन्होंने कहा कि बगैर नजराने के कोई काम नहीं होते हैं। भरत ने व्यवस्था परिवर्तन के लिये क्रमांक-26 पर बक्सा चुनाव चिन्ह में बटन दबाकर भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की। वहीं निर्मला भगत ने चुनाव में पंचायत प्रतिनिधियों को सावधान रहने की सलाह दी है। पूर्व की रघुवर दास और वर्तमान हेमंत सोरेन की सरकार पर छलने का आरोप लगाते हुये भगत ने पंचायत राज व्यवस्था की धज्जियां उड़ाने का आरोप लगाया।

## 195 पेटी अंग्रेजी शराब के साथ दो धराये

### पानी की बोतल की आड़ में होता है शराब का अवैध धंधा

खबर मन्त्र संवाददाता

ओरमांझी। पानी की बोतल की आड़ में अंग्रेजी शराब की अवैध धंध किया जाता है। ओरमांझी थाना पुलिस द्वारा एक पिकप वेन में लदा 195 पेटी अंग्रेजी शराब को जब्त करने कके बाद इसका पदार्फास हुआ। पुलिस द्वारा यह कार्रवाई गुप्त सूचना के अधार पर की गई है। बताया गया कि मेसरा थाना क्षेत्र के नेवरी निवासी संजय साहू पानी बोतल की आड़ में काफी दिनों से अंग्रेजी शराब का अवैध धंधा करता था। वह पिकअप वैन में अंग्रेजी शराब के ऊपर पानी बोतल की पेटी लोड कर शराब भेजा करता था। बुधवार को भी एसे एक पिकअप वैन में 195 पेटी अंग्रेजी शराब व छुपाने के लिए उपर से 40 पेटी बोतल पानी लोड कर नेवरी से हजारीबाग ले जा रहा था। रात 11 बजे के करीब थाना प्रभारी अनिल कुमार तिवारी पुलिस पदाधिकारी व क्यूआरटी टीम के साथ उक्त वाहन को पकड़ा गया। वहीं संजय साहू के साथ हजारीबाग जिला के जमुबारी कटकमदाग के मनोज गंझू को जेल भेज दिया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि अवैध शराब लदे वाहन को बाइक से स्कॉट कर पार कराया जाता है। पकड़े गए ब्लॉक टाइगर के 135 पेटी व रॉयल ब्लू के 60 पेटी के साथ स्कॉट करने में उपयोग हीरो स्प्लेंडर बाइक को भी जब्त कर लिया गया है। पुलिस को आशंका है कि पकड़ी गयी शराब नकली हो सकती है।



# पड़े हो किसके चक्कर में, कोई नहीं है कांग्रेस के टक्कर में : बन्ना गुप्ता

■ मानगो में बन रहे फ्लाई ओवर और भव्य दोमुहानी घाट से कांग्रेस के पक्ष में है मतदाता
■ छठ में बन्ना गुप्ता ने सपत्नीक अस्ताचलगामी और उदीयमान सूर्य को दिया अर्घ्य

खबर मन्त्र ब्यूरो



दोमुहानी घाट पर पत्नी सुधा जी संग भगवान भास्कर को अर्घ्य देते कांग्रेस प्रत्याशी बन्ना गुप्ता और सोनारी में जन संपर्क करते बन्ना।

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पश्चिमी से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी बन्ना गुप्ता ने अपनी धर्मपत्नी सुधा गुप्ता के साथ छठ के पावन अवसर पर सोनारी दोमुहानी संगम घाट पर अस्ताचलगामी और उदीयमान सूर्य अर्घ्य दिया। उन्होंने छठी मईया से झारखंडवासियों के सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। बन्ना गुप्ता कदमा, सोनारी और मानगो के विभिन्न घाटों पर गए और छठ व्रतधारियों से मिल कर उन्हें पर्व की बधाइयां दी।

मीडिया से बातचीत के क्रम में उन्होंने कहा कि इस चुनाव में बड़ी हास्यास्पद स्थिति है। जो लोग पिछले चुनाव में सिलिंडर की आग से कमल को जलाने में लगे थे, वे लोग ही आज कहते हैं कि सिलिंडर ही कमल है। पर अब मतदाता जागरूक हो चुके हैं, वे दिग्भ्रमित नहीं होने वाले हैं। उन्हें सोनारी में भव्य छठ भी दिख रहा है। साथ ही जनता को मानगो में बनता हुआ फ्लाइ ओवर भी दिख रहा है। जमशेदपुर पश्चिमी की समझदार जनता इवीएम के क्रमांक एक पर इतनी जोर से बटन दबाएगी कि उसकी गूंज दिल्ली दरबार तक जाएगी। इस बार मतों का अंतर ही यह बात साबित कर देगा कि जमशेदपुर की जनता विकास करने वाले बन्ना गुप्ता के साथ है। जमशेदपुर की जनता मीनमेख निकालने वाले और दूसरों में दोष ढूंढने वालों को करारा जवाब देगी। अंत में उन्होंने कहा, जरा विरोध करने वाले को बता दीजिएगा, पड़े हो किसके चक्कर में, पंजा छाप वाले बन्ना के खिलाफ कोई नहीं है टक्कर में। मौके पर बन्ना गुप्ता ने गुजराती समाज को जलाराम जयंती की शुभकामनाएं भी दी।

# 23 को चुनाव जीते तो 24 को बुल्डोजर से कदमा की सड़क खुलवायेंगे : सरयू राय

■ प्रशासन अगर निष्पक्ष चुनाव नहीं कराएगा तो चुनाव आयोग से शिकायत करेंगे सरयू राय

खबर मन्त्र ब्यूरो


कदमा गणेशपूजा मैदान में रैली के दौरान एनडीए प्रत्याशी सरयू राय का अभिनंदन करते समर्थक। साथ में वरिष्ठ भाजपा नेता अभय सिंह व अन्य।

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पश्चिमी विधानसभा क्षेत्र से एनडीए के प्रत्याशी श्री सरयू राय ने शुक्रवार को दो टूक घोषणा की कि अगर 23 नवंबर को वह चुनाव में विजयी होते हैं तो 24 नवंबर को वह बुल्डोजर से कदम की बंद सड़क को खुलवा देंगे। उन्होंने यह भी कहा कि अगर प्रसासन निष्पक्ष चुनाव नहीं कराएगा तो चुनाव आयोग से शिकायत करेंगे।

यहां गणेश पूजा मैदान में आयोजित रैली में सरयू राय ने कहा कि कदमा, सोनारी, मानगो, बिष्टुपुर और साकची से अगर हम लोग ज्यादा से ज्यादा वोटों की बढ़त बना लेते हैं तो विजयश्री हमारी होगी। ऐसा पहले भी होता रहा है।

श्री राय ने कहा कि आज सुबह जब इस मैदान में स्टेज बनाने के लिए हमारे लोग आये तो पता चला कि यह मैदान कांग्रेस ने बुक करा रखा है। दूसरा, तीसरा, चौथा....हर मैदान कांग्रेस ने बुक करा रखी थी। यह बदमाशी है। उन्होंने पूर्वी सिंहभूम के उपायुक्त से फोन पर बात की और उनसे कहा कि चुनाव आयोग ने निष्पक्ष चुनाव कराने का निर्देश दिया है। क्या इसे ही निष्पक्ष चुनाव करवाना कहते हैं?

श्री राय ने कहा कि बन्ना गुप्ता अपराधियों का सहारा ले रहे हैं। अपराधी उनकी सभाओं में जा रहे हैं। कई चित्र भी हैं जो मीडिया में छप चुके हैं। ये लोग बन्ना गुप्ता का प्रचार कर रहे हैं। एसएसपी को उन्होंने दो बार इस संबंध में बताया लेकिन किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई। अगर ऐसा ही चलता रहा तो आम जन को प्रशासन के सामने खड़ा होना होगा।

श्री राय ने कहा कि आम बागान में पहले सुभाष चंद्र बोस की मूर्ति लगी हुई थी। उसे यहां से हटा दिया गया है। कहां है, पता नहीं। वह अगर चुनाव जीते तो सुभाष बाबू की प्रतिमा आम बागान में लगायेंगे।

## स्पीड न्यूज

### उदीयमान सूय के अर्घ्य के साथ लोक आस्था का महापर्व छठ संपन्न

**सतबरवा पलामू।** लोक आस्था का महापर्व छठ उगते सूर्य के अर्घ्य के साथ शुक्रवार को संपन्न हो गया। इस दौरान प्रखंड क्षेत्र के सतबरवा सूर्य-मंदिर और रामघाट,लोहरा पोखरी, पोंची, हलुमाड़, धावाडीह, बोहिता, बारी, लहलहे, पोलपोल समेत कई गांवों में छठ व्रतियों ने छठव्रत किया। मान्यता है कि छठ महापर्व पूरे शुद्धता के साथ मनाया जाता है। छठ मईया सभी भक्तों का मनोकामना पूर्ण करती है।

### रामगढ़ में रात भर घाट पर जमे रहे छठव्रती

**रामगढ़ पलामू।** प्रखंड क्षेत्र में छठ व्रतियों ने शुक्रवार सुबह साढ़े छह बजे उगते सूर्य को अर्घ्य दिया। इसके साथ ही चार दिवसीय छठ महापर्व का समापन हो गया। गुरुवार शाम डूबते सूर्य को अर्घ्य देने के बाद करीब करीब श्रद्धालु रात भर छठ घाट पर रहे। सुबह होने पर परिवार और क्षेत्र की सलामती के लिए उगते सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया। इस दौरान मेला जैसा दृश्य नजर आया। बड़े-बूढ़े और बच्चे सभी छठी मैया और भगवान भास्कर की आस्था में डूबे रहे। इस क्रम में कई सामाजिक संगठनों की ओर से पूजा सामग्री का वितरण किया गया। इसके लिए स्टॉल लगाये गये थे।

### सनातन धर्म रक्षक अर्जुन के सहयोग से बनेगा सुर्य मंदिर

**चैनपुर पलामू।** लोक आस्था के महापर्व के पावन अवसर पर सनातन धर्म रक्षक अर्जुन पाण्डेय के सहयोग से एक बर्ष के अंदर चैनपुर के महुगावां गांव के शिवपुर डेम छठ घाट के किनारे सूर्य मंदिर का निर्माण कराया जायेगा। श्री पांडेय मंदिर निर्माण कराने के लिए संकल्पित हैं। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित सम्मानित ग्रामीणों से कहा कि आप से जितना बने कीजिएगा बाद बाकी सभी खर्च मेरे माध्यम से किए जाएंगे। आप सभी ग्रामीण का सहयोग मिने से सभी लोग पुण्य का भागी बनेंगे और मंदिर निर्माण देखरेख को भी बल मिलेगा।

### हरिहरगंज में छठ पर दिखा लोगों में उल्लास

**हरिहरगंज पलामू।** उदयीमान सूर्य को अर्ध्यदान के साथ ही हरिहरगंज तथा पीपरा प्रखंड में लोक आस्था का महापर्व छठ व्रत पूरे उल्लास के साथ संपन्न हो गया। निराहार छठ व्रतियों ने गुरुवार को अस्ताचलगामी व शुक्रवार को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य प्रदान किया। छठ अनुष्ठान के तैयारी में विभिन्न पूजा कमेटियों के सदस्यों ने भागीदारी निभाई।

### राधाकृष्ण किशोर के पक्ष में किया जनसंपर्क

**पाटन पलामू।** प्रखंड झारखंड मुक्ति मोर्चा पार्टी के सचिव कमेश पाण्डेय ने झारखंड मुक्ति मोर्चा के सैकड़ों कार्यकताओं के साथ इंडिया गठबंधन कांग्रेस के प्रत्याशी राधा कृष्ण किशोर के पक्ष में मतदान करने को लेकर क्षेत्र का दौरा किया। झामुमो कार्यकताओं ने बाइक रैली निकाल कर पाटन के दर्जनों गांवों में वोट मांगे।


# राहुल गांधी बन्ना गुप्ता के क्षेत्र में गांधी मैदान में दोपहर 1.30 बजे करेंगे सभा

■ टाटा में आज राहुल गांधी बनाम अमित शाह
■ जनसभा से पूर्व बड़ा हनुमान मंदिर में बजरंग बली की पूजा कर मांगेंगे जीत का आशीर्वाद

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** शनिवार को जमशेदपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस प्रत्याशी बन्ना गुप्ता के पक्ष में जहां संसद में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी मानगो गांधी मैदान में जन सभा को संबोधित करेंगे। जनसभा से पूर्व राहुल गांधी दाईगुटटु बड़ा हनुमान मंदिर में बजरंग बली की पूजा अर्चना कर कांग्रेस प्रत्याशियों की जीत के लिए आर्शीवाद मांगेंगे।

इसके पूर्व राहुल गांधी दोपहर एक बजे सोनारी एयरपोर्ट पर लैंड करेंगे और सीधे मानगो बड़ा हनुमान मंदिर जाकर वहां बजरंग बली की पूजा करेंगे। दोपहर 1.30 बजे से मंदिर के कुछ कदम आगे स्थित गांधी मैदान में विशाल जन सभा को राहुल संबोधित करेंगे। राहुल गांधी लंबे अंतराल के बाद जमशेदपुर आ रहे हैं, और भारत जोड़ो यात्रा से जनमानस में उनके प्रति असीम स्नेह है। राहुल गांधी मानगो मैदान से जमशेदपुर पूर्व के प्रत्याशी डा अजय कुमार के लिए भी वोट मांगेंगे। आज कांग्रेस



प्रत्याशी सह झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने गांधी मैदान पहुंच कर टेंट झंडा इत्यादि का जायजा लिया। दूसरी ओर, पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में जिला स्तरीय तैयारी समिति की बैठक कांग्रेस कार्यालय तिलक पुस्तकालय विष्णुपुर में जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे के अध्यक्षता में आयोजित की गई तैयारी समिति की बैठक में प्रदेश प्रभारी श्री गुलाम अहमद मीर ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गाँधी जी का आगमन 9 नवंबर 2024 को दोपहर 1:30 बजे से जमशेदपुर के गांधी मैदान मानगो में जन सभा को संबोधित करेंगे। जिसमें कांग्रेस पार्टी एवं गठबंधन दल के उम्मीदवार जमशेदपुर पश्चिम से बन्ना गुप्ता, जमशेदपुर पूर्वी से डॉ अजय कुमार, पोटका, जुगसलाई, घाटशिला एवं बहरागोड़ा के सीट से इंडिया गठबंधन के अधिकृत उम्मीदवार की जीत के लिए आह्वान करेंगे।

तैयारी समिति की बैठक में मुख्य अतिथि ने कहा कि इंडिया गठबंधन दल के सभी पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं आम जनता कांग्रेस नेता राहुल गाँधी के संबोधन को सुनने के लिए आमंत्रित होंगे। प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने पदाधिकारी एवं कार्यकत्ताओं से अपील किया कि गठबंधन उम्मीदवार को भारी बहुमत से विजयी बनाने के कार्य में जुट जाएं।

## एक नजर में

### राष्ट्रीय सुढ़ी समाज ने दिया भाजपा प्रत्याशी पूर्णिमा साहू को समर्थन



**जमशेदपुर।** राष्ट्रीय सुढी समाज ने होटल मिष्टी इन जमशेदपुर में एक संवाददाता सम्मेलन आयोजित किया। इसमें संगठन के केंद्रीय अध्यक्ष कृतिवास मंडल, केंद्रीय महासचिव डॉ अनुप कुमार मंडल, और युवा प्रकोष्ठ के केंद्रीय अध्यक्ष अजय मंडल ने संयुक्त रूप से कहा कि जमशेदपुर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी पूर्णिमा साहू का चयन सुढी समाज और वैश्य समाज के लिए गर्व की बात है। उन्होंने इस निर्णय के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी को आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सुढी समाज को विश्वास है कि पूर्णिमा साहू के झारखंड विधानसभा में पहुंचने पर सुढी समाज और वैश्य समाज के सर्वांगीण विकास में उनकी मजबूत भूमिका होगी और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा मिलेगा। समाज ने सभी बुद्धिजीवियों, युवाओं, महिलाओं और अन्य वर्गों से अपील की है कि वे पूर्णिमा साहू को भारी मतों से विजयी बनाकर विधानसभा भेजें ताकि समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की किरण पहुंचे। संवाददाता सम्मेलन में केंद्रीय उपाध्यक्ष नंदलाल साहू, केंद्रीय कोषाध्यक्ष सुब्रत मंडल, कार्तिक लाल गुप्ता, ममता लाल, शिव कुमार मंडल, शौलिन कुमार मंडल, प्रदीप कुमार गुप्ता सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### झारखंड में बनने जा रही है एनडीए की पूर्ण बहुमत की सरकार : धर्मेंद्र प्रधान

**जमशेदपुर।** भारत सरकार के केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान चाईबासा विधसनसभा की भारतीय जनता पार्टी की महिला प्रत्याशी गीता बालमुचू को जीत दिलाने के लिए चाईबासा के खिरवाल धर्मशाला में शहर के प्रबुद्ध जनों,सामाजिक संगठनों के सदस्यों के साथ जनसंवाद कार्यक्रम में शामिल हुए। जनसंवाद में आये गण्यमान्य जनता को उन्होंने कहा की सिंहभूम जिला में खनिजो की अकूत भंडार है पर चाईबासा क्षेत्र आज भी विकास से कोसों हैं,यह धरती वीर आदिवासियों की है ,जिसे कंग्रेस के शाशनकाल में गुवा में अनेक आदिवासियों को मौत के घाट बेरहमी से उतार दीया गया। झारखंड राज्य के घोर विरोधि काँग्रेस पार्टी की गोद मे बैठकर झारखंड मुक्ति मोर्चा वाले राज्य को गर्त मे ढकेल दिया। उन्होने प्रबुध जनों से कहा की राज्य मे एन डी ए की सरकार बनने जस रही है,जिसके लीयेअपिल किया की भारतीय जनता पार्टी कि प्रत्याशी गीता बालमुचू को भारी मतोंसे जितावें,जिससे कि आपसभी के समस्याओं का निदान हो सके। बैठक को गीता बालमुचू ने संबोधित करते हुए कहा कि आपलोगों ने मुझे चाईबासा का चेयरमैन बनाया था,हमने पूरी तरह आपकी सेवा किया था, एक बार उन्हें विधायक बनावें, वे चाईबासा को जमशेदपुर जैसा बनाने का प्रयास करेंगी और विगत अनेक वर्षों से लंबित लीज की समस्या का समाधन करवायेंगीं। कार्यक्रमें में जे बी तुबिड, अनूप सुल्तानिया, बंटी सिंह के साथ चाईबासा के सभी संस्थान एवम अनेक संगठनों के लोग मौजूद रहे।

# बस्तियों में कंपनी कमांड एरिया जैसी नागरिक सुविधा दिलायेंगे : डा अजय

■ मोहरदा एवं बारीडीह बस्ती में कांग्रेस प्रत्याशी डा अजय ने चलाया जनसम्पर्क अभियान

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर पूर्व विधानसभा क्षेत्र



**जमशेदपुर।** कांग्रेस प्रत्याशी डॉ अजय ने शुक्रवार को मोहरदा के रमनी फ्लैट,विजया गार्डेन,वास्तु विहार, मुराकाटी बस्ती, संताल बस्ती के साथ ही बारीडीह बस्ती में हरि मंदिर, निराला पथ, दिनकर पथ, मीरा पथ, गांधी रोड एवं नागा डुंगरी सहित अन्य क्षेत्रों में जनसम्पर्क अभियान चलाया। इस दौरान लोगों ने डा अजय कुमार का स्वागत किया। बस्तियों में नागरिक सुविधा की भारी कमी के संबंध में उनका ध्यान आकृष्ट कराया। लोगों ने कहा कि इस बार उनका वोट सिर्फ डॉ अजय को ही जाएगा। अजय कुमार एक शिक्षित एवं ईमानदार व्यक्ति है। उन्होंने अपने संसदीय कार्यकाल के दौरान बेहतर काम किया है।

वहीं मौके पर डॉ अजय ने कहा कि अगर लोंगों ने मुझे समर्थन किया तो मैं उनके विश्वास पर खरा उतरने की हरसंभव प्रयास करुंगा। बस्तियों में उच्च स्तरीय नागरिक सुविधा उपलब्ध कराना मेरी प्राथमिकता है।

# मीरा के लिए पोटका में जनसभा, तो पूर्णिमा के लिए आज रोड शो करेंगे गृह मंत्री शाह

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** देश के गृहमंत्री सह भाजपा के फायर ब्रांड नेता अमित शाह शनिवार को भाजपा की दो महिला प्रत्याशियों के लिए वोट मांगने जमशेदपुर पहुंच रहे हैं। शाह पहले पोटका में भाजपा प्रत्याशी सह पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा की धर्मपत्नी मीरा मुंडा के समर्थन में जनसभा को संबोधित करेंगे। वहां से वे सोनारी एयरपोर्ट आयेंगे और यहां से वे कार से जुबिली पार्क गेट पहुंचेंगे। जुबिली पार्क गेट से से एग्रिको गोलचक्कर तक जमशेदपुर पूर्व की भाजपा प्रत्याशी मीरा मुंडा के लिए रोड शो कर वोट



मांगेंगे। भाजपा सूत्रों के अनुसार अमित शाह दोपहर 2.35 बजे जुड़ी मैदान,पोटका में हेलिकॉप्टर से लैंड करेंगे और यहां पर 2.40 बजे से दोपहर 3.15 बजे तक जनसभा को संबोधित करेंगे,और मीरा मुंडा को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील कर जमशेदपुर एयरपोर्ट के लिए रवाना हो जायेंगे। हेलिकॉप्टर से वे दोपहर 2.35 बजे सोनारी एयरपोर्ट पर उतरेंगे। यहां से वे दोपहर 3.40 बजे साकची स्थित जुबिली पार्क मैदान पहुंचेंगे जहां वे जमशेदपुर पूर्व की भाजपा सह एनडीए प्रत्याशी पूर्णिमा साहू दास के लिए 1.5 किमी लंबा रोड शो करेंगे। रोड शो के दौरान उनके वाहन पर प्रत्याशी पूर्णिमा साहू दास भी रहेंगी, और कमल चुनाव चिन्ह प्रदर्शित करेंगी। रोड शो जुबिली पार्क गेट से शुरु होकर भाजपा कार्यालय होते हुए बंगाल क्लब गोलचक्कर और वहां से साकची मेन गोलचक्कर पहुंचेंगा यहां से अमित शाह साकची बारीडीह रोड होते हुए एग्रिको गोलचक्कर तक जायेंगे।

# पोटका को कमिशनखोरी से मुक्ति दिलाने के लिए कमल छाप पर बटन दबाइये : अर्जुन मुंडा

खबर मन्त्र टीम


धिरौल गांव में चुनावी सभा में जीत का संकल्प दिलवा कर नारेबाजी करवाते पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा।

**पोटका।** पोटका विधानसभा क्षेत्र में जनप्रतिनिधि स्वार्थ की राजनीति कर रहे हैं। जनप्रतिनिधि को विकास से कोई मतलब नहीं है। इसलिए पोटका के देवतुल्य जनता खुद को पीड़ित महसूस कर रहे हैं। यह बातें पूर्व मुख्यमंत्री सह पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने शुक्रवार को धिरौल गांव में एक सभा को संबोधित करते हुए कहा। उन्होंने कहा कि प्रखंड, अंचल व थाना में बिना कमीशन कोई काम नहीं हो रहा है। आदिवासी महिला का जमीन छिना जा रहा है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने लोगों से अपील किया कि पोटका को स्वार्थ की राजनीति से मुक्ति हेतु भाजपा को कमल फूल छाप पर वोट देकर चुने। भाजपा प्रत्याशी मीरा मुंडा को आगामी 13 नवंबर को इवीएम में एक नंबर क्रमांक पर बटन दबाकर विजय बनाएं। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार मंईयां योजना चुनाव से पूर्व शुरू किया है।

# जमशेदपुर पूर्व विस क्षेत्र: बाइक रैली में उमड़ा युवाओं का हुजूम

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** निर्दलीय उम्मीदवार शिव शंकर सिंह के पक्ष में शुक्रवार को बिरसानगर में बाइक रैली निकाली गई। 500 से अधिक युवाओं की ओर से निकाली गई इस बाइक रैली के जरिए पूरी बिरसानगर बस्ती में घूम-घूम कर शिव शंकर सिंह के पक्ष में गैस चूल्हा छाप पर वोट करने की अपील की गई। इस मौके पर मौजूद उम्मीदवार शिव शंकर सिंह ने युवाओं का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि यदि बिरसानगर जीते तो जमशेदपुर पूर्वी जीत जाएंगे। इस मौके पर उन्होंने शनिवार को बिरसानगर के संडे मार्केट मैदान में बड़ी चुनावी जनसभा करने का भी एलान किया। इसके पूर्व शुक्रवार को शिव शंकर सिंह ने ईस्ट प्लांट बस्ती, मिथिला कॉलोनी बारीडीह, भक्ति नगर, रघुवर नगर में वोट मांगा।

### माहौल बदलने वाला है और पूरे झारखंड में फूलों फलो का आशीर्वाद मिलने लगा है : सहिस



**जमशेदपुर।** आजसू पार्टी के केंद्रीय प्रधान महासचिव सह एनडीए प्रत्यासी रामचंद्र सहीस ने पटमदा में जनसंपर्क अभियान चलाया और अपने पक्ष में मतदान करने की अपील किये। साथ ही जनता से यह वादा की पिछले 15 वर्ष से मेरा सपना बोड़ाम पटमदा को स्वावलंबी बनाने का है और इसके लिए मैने क्षेत्र में सड़क का जाल बिछाया लोगो की उम्मीद को पूरा किया लेकिन कुछ आंदोलनकारी के नाम पर जनता को ठगने और दिग्भ्रमित कर लोगो के साथ छल करके चुनाव जीत लिया आज मैं पुनः बताना चाहता हु कि चुनाव जीतने से कोई जननेता नहीं बनता है बल्कि चुनाव जीतने के साथ लोगो के जनआकांक्षाओं को पूरा करना ही जननेता का कार्य है लेकिन वर्तमान विधायक यहां के मूलवासी , आदिवासी ,और स्थानीय लोगो के उम्मीद के साथ खिलवाड़ किया है यहां के लोगों की जमीन बेचने और व्यापारियों को बेच मोटी रकम वसूलने का कार्य किया है आज उसकी आमदनी 756 गुना से भी ज्यादा बढ़ा है उसका उम्र भी दुगना रफ्तार से बढ़ रहा है लेकिन लोगो की आमदनी में कोई इजाफा नहीं हुआ और नाही क्षेत्र का समुचित विकास हुआ है ,लोगो के आशवासन के बाद पुनः प्रत्यासी रामचंद्र सहीस ने हुरलुंग छठ घाट, बाड़ाबंकी छठ घाट, गोबिंदपुर, गदरा के कई छठ घाट का दौरा कर अस्तगामी भगवान भास्कर के दर्शन दे उन्हें प्रणाम करते हुए आगे बढ़े और यह बताया की सनातन धर्म में ही जल जंगल और जमीन के साथ साथ पत्थर और पहाड़ की पूजा की जाती है क्योंकि ये आस्था के पुजारी है और छठ पर्व की लोकप्रियता और स्वच्छता पूरे विश्व में प्रसिद्ध है यह पर्व लगातार हमारे घर की बहु बेटियां छ दिनों तक पूजा आराधना करती है और मै पुनः यही कहूंगा कि छठी मईया वैसे माफियाओं को सबक सिखाएंगे जो जनता के सेवक बनने के जगह उनका शोषण करते है। वहीं जुगसलाई में जिला अध्यक्ष कन्हैया सिंह द्वारा जनसंपर्क अभियान करते हुए लोगों से पार्टी प्रत्यासी के पक्ष मतदान करने की अपील किए साथ ही यह भी कहा कि समाज में सुधार हो और भटके हुए युवाओं को सही मार्ग दिखाना पार्टी की पहली प्राथमिकता है।

# नरीमन, भारद्वाज नहीं, कमल छाप पर बटन दबा घर की बहू-बेटी को चुनिये : पूर्णिमा

■ पूर्णिमा ने सूर्य को अर्घ्य देकर मांगी क्षेत्र की खुशहाली का आशीर्वाद

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पूर्व की भाजपा प्रत्याशी पूर्णिमा साहू जेम्को महानंद बस्ती में कुशवाहा समाज, बागुन नगर में बंगभाषी समाज,बारीडीह लोहिया पथ में कुशवाहा समाज की लिट्टी पार्टी, बिरसानगर बीएड कालेज के पास अन्ना हजारे फैंस क्लब द्वारा आयोजित भजन संध्या सहित कई कार्यक्रमों में शामिल हुईं। मौके पर अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए कमल छाप पर बटन दबा कर अपने घर की बहू-बेटी को आशीर्वाद दीजिये। वह हमेशा आपके बीच रह कर सेवा करेगी। यदि नरीमन और नीतीश भारद्वाज की तरह ग्लैमर और वादों की भूल-भुलइया में पड़ कर बाहरी को चुना तो धोखा के सिवा कुछ नहीं मिलेगा। बाहरी कभी भी चलते बनेंगे।

पूर्णिमा ने सिरोमन सिंह कैंपस,भालूबासा में आयोजित श्री आयुष्मान सिंह के जन्म दिन समारोह में भी भाग लिया और शुभकामनायें दी। इन कार्यक्रमों में ओम प्रकाश भगत,भरत सिंह,नीरज


सूर्यधाम में अपने पति ललित और श्वसुर राज्यपाल रघुवर दास के साथ अर्घ्य देती भाजपा प्रत्याशी पूर्णिमा साहू दास।

कुमार, दिनेश कुमार, कुलवंत सिंह बंटी, संजीव सिंह, भूपेन्द्र सिंह, सुशांतो पंडा, जीवन साहू, संतोष ठाकुर आदि शामिल थे।

इसके पूर्व जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा की भाजपा प्रत्याशी पूर्णिमा साहू ने शुक्रवार को सूर्य मंदिर छठ घाट में सूर्य देव को अर्घ्य देकर अपनी दिनचर्या शुरू की। उन्होंने घाट पर व्रतियों की सेवा कर पूर्वी क्षेत्र की जनता की खुशहाली के लिए आशीर्वाद मांगा। इसके बाद वह प्रचार अभियान पर निकल गईं। पूर्णिमा ने गोलमुरी के टुइलाडूंगरी, सरस्वती नगर, गाढ़ाबासा, मथुरा बगान, खान बगान, बजरंग नगर, केबुल बस्ती, केबुल टाउन, सीतारामडेरा के किशोरीनगर, छाया नगर, चंडीनगर, निर्मल नगर, ह्यूम पाइप, इंद्रा नगर, श्याम नगर, कल्याण नगर, नीतिबाग कालोनी, पटेल नगर, बृज बिहारी बगान, आदर्श नगर, कान्हू भट्ठा में वोट मांगी।

# हेमंत सरकार ने ढाई साल में जितना कार्य किया है भाजपा 20 साल के शासन में नहीं कर पाया: कल्पना

खबर मन्त्र संवाददाता


संबोधित करती कल्पना सोरेन।

**डंडई।** प्रखंड के रारो खेल स्टेडियम में शुक्रवार को झामुमो स्टार प्रचारक सह गांडेय विधायक कल्पना सोरेन ने भवनाथपुर विधानसभा से झामुमो प्रत्याशी अनंत प्रताप देव उर्फ छोटे राजा के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने लोगों से झामुमो प्रत्याशी अनंत प्रताप देव उर्फ छोटे राजा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। बड़ी संख्या में लोगों की मौजूदगी वाली चुनावी सभा में श्रीमती सोरेन ने भाजपा और केंद्र सरकार पर जमकर हमला बोला।

उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार ने अपने कार्यकाल में जो विकास किया है, उसके लिए हम आपके पास आशीर्वाद मांगने आये हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड की जनता को जवाब देने का समय आ गया है कि समाज को तोड़ने वालों की सरकार चाहिए या जोड़ने वाले की। भाजपा चाहती है कि हिंदू, मुस्लिम, अगड़ा-पिछड़ा व जात-पात में उलझा कर लोगों को समर्थन हासिल कर राज करते रहें। हालाकि यहां की जनता उनकी चाल समझ चुकी है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ढाई साल में जितना कार्य किया है, भाजपा के 20 साल के शासन में भी नहीं हो पाया है। हमारी सरकार ने कई तरह की योजनाओं को लागू किया है जिसमें मंईयां समान योजना, सर्वजन पेंशन योजना, बिजली बिल माफी, किसानों के 2 लाख तक के बिल माफी, फूलों झानो योजना सहित अन्य योजनाएं लागू किया है। उन्होंने मंईयां सम्मान योजना की चर्चा करते हुए कहा कि हेमंत सोरेन ने मंईयां सम्मान योजना से हर गरीब महिलाओं का सम्मान देने का काम किया है। इस योजना से हेमंत सोरेन ने आपके सिर से महंगाई के बोझ को कम किया है। उन्होंने कहा कि केंद्र की सरकार पीएम आवास बंद कर दी तो हमने अबुआ आवास लाकर 25 लाख परिवारों को लभान्वित किया है। यहां से संकल्प लेकर जाना है कि हेमंत सोरेन को फिर से सीएम बनाना है। हम आपके लिए लड़ाई लड़ते रहे हैं और आगे भी लड़ते रहेंगे। झामुमो प्रत्याशी अनंत प्रताप देव ने भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के बेरोजगारों के साथ-साथ छोटी बड़ी समस्या का निदान के लिए एक बार अवसर देने की अपील किया। मौके पर गढ़वा कांग्रेस पार्टी जिला अध्यक्ष ओबेदुल्ला हक अंसारी, झामुमो जिला सचिव मनोज ठाकुर, झामुमो नेता ताहिर अंसारी, जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी, पूर्व विधायक प्रत्याशी केपी यादव, पूर्व प्रत्याशी सोगरा बेगम, झामुमो नेता जवाहर पासवान सहित कई लोग उपस्थित थे।

# उदीयमान सूर्य को अर्घ्य के साथ छठ महापर्व सम्पन्न

खबर मन्त्र संवाददाता

## मध्य रात्रि में छठ घाट पर व्रती को पुत्र रत्न की प्राप्ति


छठ व्रति।

**केतार।** लोक आस्था का चार दिवसीय महापर्व छठ शुक्रवार को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य के साथ सम्पन्न हो गया। प्रखंड के नारायण वन मुकुंदपुर, बत्तो कला सूर्य मंदिर, अमराहीदह सूर्य मंदिर,केतार, केतरी सहित अन्य गांवों के पंडा और सोन नदी किनारे छठ घाट पर व्रतियों ने अर्घ्य दिया। इधर मुकुन्दपुर गांव के नारायण वन छठ घाट पर छठ व्रति गाजे-बाजे के साथ दंडवत प्रणाम करते हुए गुरुवार की शाम छठ घाट पर पहुंचे। छठ व्रतियों ने स्नान कर अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देकर पुरी रात सपरिवार नारायण वन छठ घाट रहकर व्रत पूरा किया। वही मध्य रात्रि में एक छठ व्रति जो उत्तर प्रदेष से चलकर आई थी, जिसे मध्य रात्रि के बाद पुत्र रत्न की प्राप्ति हुआ। जहां तैनात मेडिकल टीम ने सुरक्षित प्रसव कराया। हालाकि नारायण वन छठ घाट पर हर वर्ष एक प्रसव निश्चित होता है। ऐसा माना जाता है कि भगवान भास्कर जिसकी भक्ति से प्रसन्न होते है उन्हें सीधा फल की प्राप्ति होती है। वही केतरी पांडा नदी छठ घाट पर विधायक भानु प्रताप शाही ने छठ व्रतियों से आशीर्वाद लिया और फीता काटकर भक्ति जागरण शुरू कराया। शुक्रवार की सुबह व्रतियों ने उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देकर अपने परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। नारायण वन छठ घाट पर छठ व्रत करने झारखंड के अलावा पड़ोसी राज्य बिहार, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, मध्य विद्यालय और पश्चिम बंगाल से लगभग 40 हजार से अधिक छठ व्रति पहुंचे। पहली बार नारायण वन की सुरक्षा व्यवस्था बीएसएफ को सौंपा गया था। केतार थाना प्रभारी अरूण कुमार रवानी के नेतृत्व में बोर्डर सेक्रेटरी फोर्स और झारखंड पुलिस मेला व्यवस्था में तैनात रहे। मंदिर विकास समिति द्वारा चिकित्सा पदाधिकारी डॉ दिनेश कुमार सिंह, थाना प्रभारी अरूण कुमार रवानी बीपीओ निरज पाल, सहित सभी मेडिकल टीम और सुरक्षा व्यवस्था में लगे टीम और प्रतिनियुक्त मजिस्ट्रेट को भगवान सूर्य का प्रतिमा भेंट कर सम्मानित किया गया।

## स्पीड न्यूज

### जायन्ट्स ग्रुप ने किया पूजन सामग्री का वितरण



**गढ़वा।** आस्था का महापर्व छठ पूजा के अवसर पर जायन्ट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा के तत्वावधान में मुख्य पथ पर छठ व्रतियों के बीच पूजन सामग्री (सुपला के कपड़ा तथा फल) का वितरण किया गया। ग्रुप अध्यक्ष कमलेश कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 1500 छठ व्रतियों के बीच पूजन सामग्री का वितरण किया गया। मौके पर जायन्टस गढ़वा संस्थापक अध्यक्ष सह जायंट्स वेल्फेयर फाउंडेशन ब्रांच 8 के पूर्व अध्यक्ष अलखनाथ पांडेय, सेंट्रल कमिटी सदस्य अजयकांत पाठक, फेडरेशन के पूर्व अध्यक्ष विनोद कमलापुरी, फेडरेशन पदाधिकारी नंद कुमार गुप्ता, स्पेशल कमिटी के पूर्व सदस्य विजय केशरी, प्रशासनिक निदेशक मोजिबुद्दीन खान, मनोज केशरी, रवीन्द्र केशरी, चंदन चन्द्रवंशी, रितेश केशरी आदि लोग उपस्थित थे।

# गढ़वा : कोयल नदी में डूबने से चार की मौत

- दो शव बरामद
- दो की खोजबीन जारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**मझिआंव/कांडी (गढ़वा)।** छठ के मौके पर गढ़वा में घटित अलग-अलग घटनाओं में कोयल नदी में डूबने से एक युवती सहित चार बच्चों की मौत हो गई। इनमें दो का शव बरामद कर लिया गया है। जबकि दो शव की खोजबीन जारी है।

गढ़वा जिले के मझिआंव थाना क्षेत्र अंतर्गत मोरबे गांव में सूर्य मंदिर के सामने गुरुवार की दोपहर चार बच्चे नहाने गए थे। इनमें तीन बच्चों की डुबकर मौत हो गई। जबकि एक को किसी तरह बचा लिया गया। मृतकों में संजय चंद्रवंशी का लगभग 13 वर्षीय पुत्र पियुश कुमार, अमरनाथ चंद्रवंशी का नौ वर्षीय पुत्र अमन कुमार तथा नसीम अंसारी की सात वर्षीया पुत्री फिजा खातुन का नाम शामिल है। जबकि विरेन्द्र की पुत्री कजली को डुबने से बच गई। इसके बाद कजली ने शोर मचाकर घर एवं गांव वालों को घटना की जानकारी दी।


मृतका।

कांडी प्राप्त समाचार के अनुसार थाना क्षेत्र के भीम बराज के 7 नम्बर गेट के पास कोयल नदी में एक युवती की डूबने से मौत हो गयी। जबकि दो अन्य बच्चों को बचा लिया गया है। घटना गुरुवार की दोपहर की है। शव को बरामद कर लिया गया है। थाना प्रभारी गुलशन कुमार गौतम ने घटना स्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पंचनामा करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा भेज दिया है। मृतका की पहचान जपला थाना क्षेत्र के दरुआ गांव निवासी कुणाल किशोर तिवारी की 17 वर्षीया पुत्री निहारिका कुमारी के रूप में हुई है। जबकि जिन दो बच्चों को डूबने से बचा लिया गया है उनमें से एक मृतका का भाई और एक रिश्तेदार का पुत्र है। उक्त लोग वर्तमान में बोकारो में रहते हैं। वे अपने नाना के गांव चेचरिया निवासी दुदुन उपाध्याय के घर छठ पूजा में आये हुए थे। मृतका के पिता कुणाल किशोर तिवारी अपने बच्चों के साथ छठ पूजा का बाजार करने मोहम्मदगंज गए हुए थे। बाजार करने के बाद सभी अपनी चार पहिया गाड़ी से वापस चेचरिया लौट रहे थे। उसी दौरान सभी गाड़ी को ऊपर खड़ा कर कोयल नदी में नहाने चले गए। नहाने के दौरान सभी तीनों बच्चे कोयल नदी की गहराई में डूबने लगे। तीनों को डुबते देख कुणाल ने शोर मचाया। पिता व अन्य ग्रामीणों की मदद से दो बच्चों को बचा लिया गया। लेकिन निहारिका को नहीं बचाया जा सका।

## ग्रामीणों ने किया मुख्य सड़क जाम


मझिआंव में जाम स्थल पर परिजनों को समझाते पदाधिकारी।

घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। साथ ही बीडीओ श्रीमती कनक, सीओ प्रमोद कुमार एवं थाना प्रभारी आकाश कुमार, एसआई नसीम अंसारी दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच गये। आसपास के ग्रामीणों ने गोताखोरों ने खोजबीन का काफी प्रयास किया। लेकिन तीनों शव बरामद नहीं किया जा सका। शुक्रवार की सुबह सभी पदाधिकारी पुनः घटनास्थल पर पहुंचे। पलामू जिला के मोहम्मदगंज के भजनिया, गढ़वा के ओबरा, हरिहरपुर के श्रीनगर से गोताखोरों को बुलाया गया। नदी में अधिक पानी होने के कारण बीडीओ एवं थाना प्रभारी ने भीम बराज का फाटक को खुलवाया। पानी कम होने के बाद लगभग 1:30 बजे पीयूष कुमार का शव बरामद किया गया। जबकि दो शव नहीं मिलने से नाराज परिजनों एवं ग्रामीणों ने लगभग 12 बजे से मझिआंव-सुंडीपुर मुख्य सड़क को जाम कर दिया। लोग पीयूष का शव सड़क पर रखकर दोनों शव को खोजने व उचित मुआवजा देने की मांग कर रहे थे। पदाधिकारियों के समझाने एवं सीओ द्वारा लिखित आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने लगभग 3:00 बजे मुख्य सड़क से जाम हटाया। समचार लिखे जाने तक दोनों शव की खोजबीन पुनः शनिवार को की जाएगी। मौके पर एसआई चंदन प्रधान, नसीम अंसारी, परमानंद प्रसाद, राहुल कुमार, संजीव कुमार, पंचायत सचिव रविंद्र नाथ दुबे, कार्तिक कुमार, अमर पासवान, अशोक शर्मा, अनिल चैधरी, आतिफ नदीम, बीडीसी प्रतिनिधि मोहन प्रसाद, पुर्व मुखिया अनुज ठाकुर, अनिल बैठा सहित प्रखंड एवं अंचल के कई कर्मी मौजूद थे।

## एक नजर में

### पप्पू यादव को फिर मिली जान से मारने की धमकी, कनॉट प्लेस थाने में शिकायत



**पूर्णिया।** बिहार के पूर्णिया लोकसभा से सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव के निजी सचिव मोहम्मद सादिक आलम ने कनॉट प्लेस थाने में शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत के अनुसार सांसद को जान से मारने की धमकी मिली है। 7 नवंबर को रात 2:25 बजे और सुबह 9:49 बजे सांसद के व्हाट्सएप नंबर 9958228380 पर 7357853054 नम्बर से व्हाट्सएप चैट के माध्यम से धमकी दी गई है। इस नंबर पर 'कौडी भाई' लिखा हुआ है और व्हाट्सएप प्रोफाइल पर लौरेंस विश्नोई का फोटो लगा हुआ है। शिकायत में कहा गया है कि इससे पहले भी सांसद को कई अन्य नंबरों से जान से मारने की धमकी मिली थी। इस संबंध में पूर्णिया (बिहार) में भी लिखित शिकायत दर्ज कराई गई है। निजी सचिव ने थाने में शिकायत दर्ज कराते हुए मामले की गंभीरता को देखते हुए तुरंत कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने शिकायत दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### 14 साल की लड़की के साथ सामूहिक दुष्कर्म



**पूर्वी चंपारण।** जिले में मधुबन थाना क्षेत्र के एक गांव से एक शर्मनाक घटना सामने आयी है। जहां चार लड़कों ने मिलकर एक 14 साल की लड़की के साथ पहले गैंगरेप किया और उसके बाद वीडियो भी बना लिया। साथ ही घटना के बाद आरोपियों ने लड़की को धमकी दी कि अगर उसने किसी को बताया तो वो वीडियो वायरल कर देंगे। पुलिस के मुताबिक घटना बीते 30 अक्टूबर की बतायी जा रही है। जहां लड़की किसी काम से घर से बाहर निकली। इसी दौरान गांव के ही 4 लड़कों ने उसे पकड़ लिया और एक सुनसान जगह ले गए और उसके साथ गैंगरेप किया और वीडियो भी बनाया। ऐसे में जब लड़की ने इस बात को घर पर बताने के लिए कहा तो उन्होंने उसे वीडियो वायरल करने की धमकी भी दी। जिस कारण लड़की ने घरवालो से बात छुपा ली। लेकिन उसने घटना के कुछ दिन बाद पूरी आपबीती अपने परिजनों को बताई। जिसके बाद पीड़िता के परिजन आरोपियों के घर पहुंचे और मारपीट करने लगे। हालांकि विवाद बढता देख गांव में इसको लेकर पंचायत भी हुई। जिसमें मामला सुलझाने को लेकर कवायद चल ही रही थी कि आरोपियों ने 7 नवंबर को वीडियो वायरल कर दिया। वीडियो वायरल होने के बाद पीड़ित के घर वालों ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। मामले को लेकर एसपी स्वर्ण प्रभात ने बताया कि लड़की के साथ हुए गैंगरेप के मामले में एफआईआर दर्ज कर घटना के मुख्य आरोपी संदीप कुमार समेत चार लोगो को गिरफ्तार किया गया है। जिसमे एक अप्राथमिक अभियुक्त शामिल है।अन्य की तलाश जारी है। वही सोशल मीडिया में वायरल वीडियो को डिलीट करवा दिया गया है।

### पूर्णिया के बायसी में उपद्रवियों ने छठ घाट को तोड़ा, पांच गिरफ्तार



**पूर्णिया।** पूर्णिया के बायसी प्रखंड क्षेत्र के हरिनतोर पंचायत के माला गांव में छठ पूजा का अर्घ्य देने के बाद श्रद्धालु घर को लौट चुके थे कुछ ही समय बाद जब लोगों ने देखे तो छठ पूजा घाट में सजाये गये लगभग 56 घाट को कुछ मुस्लिम समुदाय के युवक द्वारा तमाम घाटों को तोड़फोड़ कर नदी में फेंक दिया गया। स्थानीय लोग इसकी खबर मिलते ही घटनास्थल पर पहुंच गए। सभी घाटों को देखा तो नदी में सभी सजावट के सामानों को फेंक दिया गया था। स्थानीय लोगों ने मामला को संज्ञान में लिया और प्रशासन को जानकारी दी। मौके पर जिलाधिकारी कुंदन कुमार ने पहुंचकर मामले को शांत कराया और उन्होंने कहा कि जिसने भी इस तरह की घटना को अंजाम दिया है उसे बक्शा नहीं जाएगा। धीरे-धीरे लोगों को पता चला तो घटना आग की तरह इलाके में फैल गई जिसके कारण चारों तरफ हड़कंप मच गया। दूरदराज से भी लोगों का आना प्रारंभ हो गया। स्थानीय प्रतिनिधि, समाज सेवी एवं तमाम संगठन के लोग आ गए।मुस्लिम युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।इधर राष्ट्र सेवा संघ के जिला अध्यक्ष एवं बजरंग दल के कार्यकताओं ने आकर तुरंत कार्रवाई करने की मांग की। जिलाधिकारी तथा एसपी ने लोगों को आश्वासन दिया किया अपराधी को जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा। उन्होंने आग्रह किया कि आप लोग शांतिपूर्वक पुनः इस त्यौहार को संपन्न करें । जिला प्रशासन के साथ डीएम कुंदन कुमार ने भी छठ घाट को सजाने में सहयोग किया। लेकिन लोगों का अभी भी मांग है कि अपराधी को 24 घंटे के अंदर में गिरफ्तार कर लिया जाए और सजा दे। बिहार के गौरव और आस्था के साथ खिलवाड़ करते बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### कांडी में हेलीकॉप्टर से पहुंचेंगे तेजस्वी

**कांडी।** झारखंड में जारी विधानसभा चुनाव के दौरान विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र से अपने उम्मीदवार के समर्थन में शनिवार को बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री सह वर्तमान में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव कांडी प्रखंड क्षेत्र के गरदाहा प्लस टू हाई स्कूल के मैदान में एक जनसभा को संबोधित करेंगे। इसकी जानकारी देते हुए महागठबंधन प्रत्याशी नरेश प्रसाद सिंह के चुनाव प्रतिनिधि जीशान अली ने बताया कि तेजस्वी प्रसाद यादव 9 नवंबर शनिवार को दोपहर के 2:30 बजे हेलीकॉप्टर से जमा दो उच्च विद्यालय गरदाहा के मैदान में पहुंचेंगे। वे यहां पर आयोजित एक जनसभा में अपने प्रत्याशी नरेश प्रसाद सिंह के लिए समर्थन की अपील करेंगे। चुनाव प्रतिनिधि ने अधिक से अधिक संख्या में लोगों से इस जनसभा में भाग लेकर तेजस्वी प्रसाद यादव की बातों को सुनकर लाभ उठाने की अपील की है।

# मझिआंव एवं बरडीहा में उदीयमान भगवान भास्कर के अर्घ्य के साथ छठ महापर्व सम्पन्न

खबर मन्त्र संवाददाता


गंगा आरती करते लोग।

**मझिआंव।** मझिआंव एवं बरडीहा प्रखंड में उदीयमान भगवान भास्कर के अर्घ्य के साथ लोक आस्था का छठ महापर्व का शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। नहाए खाए के साथ शुरू होने वाले चार दिवसीय अनुष्ठान सूर्य उपासना का महापर्व मझिआंव एवं में बरडीहा प्रखंड के नदी तालाब एवं जलाशयों में मनाया गया। वही नगर पंचायत क्षेत्र के कोयल नदी के रमणीय तट पर अवस्थित पानी टंकी घाट पर आयोजकों के द्वारा बनारस के विद्वान पंडितों के द्वारा गंगा महाआरती का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन ब्रह्मदेव प्रसाद उर्फ बीडी प्रसाद की धर्मपत्नी रजनी देवी एवं संरक्षक श्री श्री 1008 श्री बाबा केशव नारायण दास के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इसके अलावा आयोजकों के द्वारा भक्ति जागरण का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन सेवानिवृत प्रधानाध्यापिका सह समाज सेविका सतेश्वरी दुबे के द्वारा किया गया। इसी प्रकार राधा कृष्ण मंदिर छठ घाट के आयोजकों के द्वारा भी गंगामहा आरती का आयोजन किया गया। जो आकर्षण का केंद्र रहा। वही बैलगाड़ी छठघाट पर पर भक्ति जागरण का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन वर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष सुमित्रा देवी के द्वारा किया गया। इस दौरान आयोजित भक्ति जागरण में आए कलाकारों के द्वारा एक से बढ़कर एक धार्मिक गीतों की प्रस्तुति की गई। इसी प्रकार मेला छठ घाट,गहीडी छठ घाट,खरसोता, मोरबे,बकोइया, आमर,खजूरी, गोपालपुर,करूई गांव सहित बरडीहा प्रखंड के तमाम हिंदूबहुल क्षेत्र में लोकआस्था का छठ महापर्व मनाया गया। पानी टंकी घाटछठ पूजा कार्यक्रम को सफल बनाने में राहुल कुमार, विनोदानंद त्रिपाठी, गोल्डन सिंह, अरविंद सिंह, विक्की सिंह, वीरेंद्र सौंडीक राधा कृष्ण मंदिर छठ घाट के अध्यक्ष आनंद किशोर तिवारी, उपाध्यक्ष विकास कुमार उर्फ टिंबा, प्रीतम कुमार, शिवम कुमार, मुकेश कुमार जानू चंद्रवंशी, सुधीर कुमार एवं बैलगाड़ी छठ घाट पूजा समिति के भोला चंद्रवंशी उर्फ सोनू, बुचुन चंद्रवंशी आदि सदस्यों का भरपूर योगदान रहा।

# उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ छठ महापर्व का समापन

एजेंसी



**पटना।** देश-दुनिया में लोक आस्था के छठ महापर्व का चौथे दिन आज सुबह छठवर्तियों के उगते सूर्य भगवान को अर्घ्य देने के साथ समापन हो गया। इसके बाद सभी छठ व्रतियों ने व्रत का पारण किया।

मान्यता है कि सूर्योदय के समय अर्घ्य देने से सुख-समृद्धि, सौभाग्य, संतान प्राप्ति की मनोकामना और संतान की रक्षा का वरदान मिलता है।

छठ महापर्व के आखिरी दिन सूर्योदय के दौरान अर्घ्य देते समय मंत्र-ओम एहि सूर्य सहस्त्रांशो तेजोराशे जगत्पते, अनुकंपय माम् भक्तया गृहाणार्घ्यम् दिवाकर का जाप किया गया। महापर्व छठ का चार दिवसीय अनुष्ठान मंगलवार को नहाय-खाय के साथ आरंभ हुआ था। पहले दिन व्रतियों ने यहां गंगा स्नान के साथ सूर्यदेव को जल से अर्घ्य दिया। इसके बाद पूरी पवित्रता के साथ अरवा चावल, चना दाल, कद्दू की सब्जी और आंवले की चटनी आदि का भोग लगाकर प्रसाद तैयार किया। बुधवार को खरना पूजन के दिन व्रतियों ने पूरे दिन उपवास कर शाम में भगवान का भोग लगाकर प्रसाद ग्रहण किया। इसके बाद 36 घंटे का निर्जला उपवास शुरू हुआ। गुरुवार को व्रतियों ने डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया।

आज उदीयमान सूर्य को नदी-तालाब या अन्य जल स्त्रोतों के बीच खड़े होकर अर्घ्य देने के साथ ही छठ का चार दिवसीय अनुष्ठान पूरा हो गया। छठ व्रतियों ने अनुष्ठान के समापन की पूर्व संध्या पर अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया। इस दिन षष्ठी तिथि को छठी मैया का पूजन विधि-विधान के साथ हुआ। सात नवंबर को धृति व रवि योग का संयोग बना रहा। व्रतियों ने जल में खड़े होकर पवित्रता के साथ फल, मिष्ठान, नारियल, पान-सुपारी, फूल, अर्कपात से भगवान सूर्य को अर्घ्य देकर परिवार की कुशलता के लिए प्रार्थना की। आज सुबह कार्तिक शुक्ल सप्तमी तिथि को सर्वार्थ सिद्धि योग व रवि योग में उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ चार दिवसीय पर्व संपन्न हुआ। अर्घ्य व पूजन करने के बाद व्रतियों ने घाट पर पारण कर पर्व का समापन किया।

# दूसरे दलों को छोड़ कर दो हजार से अधिक लोगों ने थामा झामुमो का दामन

खबर मन्त्र संवाददाता

## मंत्री मिथिलेश को लगातार मिल रहा है जनता का समर्थन


पार्टी में शामिल लोगों के साथ मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर।

**गढ़वा।** गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग मंत्री, गढ़वा विधानसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन प्रत्याशी मिथिलेश कुमार ठाकुर को लगातार जनता का समर्थन मिल रहा है। प्रतिदिन विभिन्न दलों को छोड़कर काफी संख्या में लोग झामुमो में शामिल हो रहे हैं। पिछले दो दिनों में दो हजार से अधिक लोगों ने मंत्री श्री ठाकुर के प्रति समर्थन व्यक्त करते हुए झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन थाम लिया है। कई लोगों ने मंत्री के आवास पर पहुंचकर झामुमो की सदस्यता ग्रहण की। साथ ही क्षेत्र भ्रमण के दौरान भी काफी संख्या में लोगों ने झामुमो का दामन थामा। मंत्री श्री ठाकुर ने सभी को माला व पार्टी का पट्टा पहना कर स्वागत करते हुए झामुमो में शामिल किया। सभी ने इंडिया गठबंधन प्रत्याशी मिथिलेश कुमार ठाकुर को तीर धनुष छाप पर वोट देकर भारी बहुमत से जीताने का संकल्प लिया।

पार्टी में शामिल होने वालों में मुख्य रूप से एआईएमआईएम को छोड़कर ग्राम छपरदागा से जसमुदीन अंसारी, नौशाद आलम, जेयारत अंसारी, फखरुद्दीनअंसारी, श्याम कुमार किशोर, दिलशाद अंसारी, गढ़वा शहरी क्षेत्र से आजाद अंसारी का नेतृत्व में एआइएमआइएम छोड़कर रफीक अंसारी, राज अंसारी, मो. लड्डू, सिराज आलम, मनीष कुमार, सुनील कुमार, टुन्नू पंडित, सुशील कुमार, गुड्डू राम, ऐनुल हक, विकास राम, मेराल प्रखंड के ग्राम रेजो से तुलसी कृत रामचरित मानस मंडली से अतुल पांडेय, सनू पांडेय, श्याम पांडेय, राहुल मिश्रा, जितेंद्र मिश्रा, बाबूराम पंडित, अमरेंद्र पंडित, उपेंद्र पंडित, सत्येंद्र मिश्रा, निरहू पंडित, उदित विश्वकर्मा, पीयूष मिश्रा, हूर मध्या से दीनानाथ चैबे, मनोज प्रजापति, गढ़वा प्रखंड के महुलिया, लोटो, पचपड़वा, नवादा, रंका प्रखंड के मानपुर, मेराल प्रखंड के हासनदाग, गेरुआ आदि गांवों के दो हजार से अधिक लोगों का नाम शामिल है।

## झामुमो ही माटी की पार्टी है : मिथिलेश ठाकुर

श्री ठाकुर ने कहा कि झामुमो ही माटी की पार्टी है। इसी पार्टी से राज्य एवं राज्य की जनता का भला हो सकता है। बाकी दूसरे दलों के लोगों ने अब तक सिर्फ राज्य को लूटने का ही काम किया है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार जब आम आवाम व महिलाओं के उत्थान के लिए बेहतर कार्य करने लगी तब भाजपाइयों के पेट में दर्द होने लगा। जनता अब भाजपा की करतूतों को अच्छी तरह से समझ चुकी है। आगामी विधानसभा चुनाव में अपना हक लूटने वालों को सबक सिखाने के लिए तैयार है।

स्पीड न्यूज

### कियारा ने ब्लू हॉट लुक में मचाया धमाल



**मुंबई ।** मशहूर अभिनेत्री कियारा आडवाणी के फैंस को उनका ब्लू हॉट लुक स्टाइल काफी पसंद आया है। कियारा ने अपनी आगामी फिल्म गेम चेंजर के टीजर की घोषणा की है। उन्होंने इसकी जानकारी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर कर दी है। पोस्ट में उन्होंने दो फोटो शेयर की। फोटो में ब्लू रंग की ड्रेस में अभिनेत्री जलपरी की तरह दिख रही हैं।

### अमृतसर में हथियार के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**अमृतसर।** अवैध हथियारों की तस्करी करने वाले नेटवर्क को बड़ा झटका देते हुए काउंटर इंटेलिजेंस, अमृतसर ने दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। पंजाब पुलिस के महानिदेशक गौरव यादव ने शुक्रवार को बताया कि पकड़े गए तस्करों की पहचान आदित्य कपूर उर्फ मक्खन और रविंदर सिंह के तौर पर हुई है। पुलिस ने उनके पास से ग्लॉक पिस्तौल समेत चार हथियार, पांच मैगजीन और 14 राउंड बरामद किए हैं।

### जगदलपुर में मुठभेड़ दो नक्सली मारे गये

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ के दक्षिण बस्तर क्षेत्र में शुक्रवार को सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में दो नक्सली मारे गए तथा उनके पास से भारी मात्रा में हथियार बरामद किया गया। दक्षिण बस्तर क्षेत्र के पुलिस उप महानिरीक्षक कमलोचन कश्यप ने बताया कि बीजापुर जिले के छत्तीसगढ़-तेलंगाना सीमा क्षेत्र के उसूर, बासागुड़ा पामेड़ क्षेत्र में माओवादियों की उपस्थिति की सूचना पर केन्द्रीय सुरक्षा बल, कोबरा बटालियन व जिला रिजर्व पुलिस संयुक्त बल को इस इलाके में भेजा गया जहां दोपहर से ही रूक-रूक हो रही है गोलबारी ।

### पाकिस्तान में पांच आतंकी व चार सुरक्षार्मी मारे गये

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पश्चिमोत्तर प्रांत खैबर पख्तूनख्वा में सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ के दौरान पांच आतंकवादी और चार सुरक्षाकर्मी मारे गये। पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशन (आईएसपीआर) ने बयान में कहा कि सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ प्रांत के दक्षिणी जिला वजीरिस्तान में गुरुवार को हुई।

### विदेशी मुद्रा भंडार 2.7 अरब डॉलर घटा

**मुंबई ।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति और विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) में भारी कमी होने से 01 नवंबर को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.7 अरब डॉलर घटकर 682.1 अरब डॉलर पर आ गया। इसी तरह इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 3.5 अरब डॉलर गिरकर 684.8 अरब डॉलर पर रहा था।

# कश्मीर में कभी वापस नहीं आयेगा 370

## कांग्रेस का विभाजनकारी एजेंडा, आदिवासी समुदायों की सामूहिक ताकत को नष्ट करना : मोदी

एजेंसी

नयी दिल्ली। भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कश्मीर विधानसभा में अनुच्छेद-370 को लेकर छिड़े विवाद पर कहा कि अनुच्छेद-370 कभी वापस नहीं आएगा। उन्होंने कहा कि कश्मीर में बाबा साहेब का संविधान लागू रहेगा और कोई भी ताकत इसे बदल नहीं सकती।

प्रधानमंत्री ने महाराष्ट्र के धुले में भाजपा की एक चुनावी जनसभा में महात्मा गांधी के विजन को याद करते हुए कहा कि आजादी के बाद, गांधीजी चाहते थे कि कांग्रेस भंग हो जाए, क्योंकि उन्होंने इसकी विभाजनकारी प्रकृति को देखा था। कांग्रेस पर हमला तेज करते हुए मोदी ने कहा कि कांग्रेस हमेशा से ही राष्ट्र-विरोधी षड्यंत्रों का हिस्सा रही है। इसका एक प्रमुख उदाहरण जम्मू और कश्मीर है, जहां कांग्रेस ने अनुच्छेद-370 के साथ इसे देश से अलग कर दिया, दलितों और हाशिए के समुदायों को उनके अधिकारों से वंचित किया और



आतंकवाद और अलगाववाद का समर्थन किया। हमने अनुच्छेद 370 को निरस्त करके इसे समाप्त कर दिया, जो भारत के सबसे महान निर्णयों में से एक था। लेकिन अब, कांग्रेस और उसके सहयोगी इसे वापस लाने की साजिश कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कांग्रेस पर दलितों, पिछड़ों और आदिवासियों को विभाजित करने का आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस ने हमेशा इन समुदायों की प्रगति का विरोध किया और उनकी एकता को कमजोर करने की कोशिश की है। मोदी ने कहा कि आजादी के दौरान, डॉ. अंबेडकर ने शोषितों के लिए

**महाराष्ट्र विस चुनाव**

**▸▸ अंबेडकर ने शोषितों के लिए आरक्षण की लड़ाई लड़ी नेहरू ने किया इसका विरोध**

आरक्षण की लड़ाई लड़ी, लेकिन नेहरू ने इसका विरोध किया। आरक्षण पाने के लिए लंबा संघर्ष करना पड़ा। नेहरू के बाद भी इंदिरा गांधी और राजीव गांधी इसका विरोध करते रहे। उनका लक्ष्य एससी, एसटी और ओबीसी समुदायों को कमजोर रखना था। प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस पर भील, कोकना, वारली और अन्य आदिवासी समुदायों को विभाजित करने और उनकी एकता को कमजोर करने का प्रयास करने का आरोप लगाते हुए कहा कि उनके विभाजनकारी एजेंडे का उद्देश्य आदिवासी समुदायों की सामूहिक ताकत को नष्ट करना है। कांग्रेस की योजना का मुकाबला करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी ने दोहराया ₹एक हैं तो सेफ हैं। मोदी ने कहा कि महाराष्ट्र आर्थिक विकास के पथ पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। महायुति सरकार महिलाओं, युवाओं और आदिवासियों पर ध्यान केंद्रित करते हुए हर वर्ग के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। निरंतर प्रगति के लिए आपका समर्थन महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि जब महिलाएं आगे बढ़ती हैं, तो समाज भी आगे बढ़ता है। पिछले एक दशक में हमारी सरकार ने सभी बड़े फैसलों में महिलाओं को प्राथमिकता दी है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि कुछ लोग केवल शोषण करने के लिए राजनीति में प्रवेश करते हैं। महा-अघाड़ी के शासन ने विकास को रोक दिया, हर परियोजना को भ्रष्टाचार से भर दिया और मेट्रो परियोजनाओं, वधावन बंदरगाह और समृद्धि महामार्ग जैसी महत्वपूर्ण पहलों को अवरुद्ध कर दिया है। उन्होंने आश्वासन देते हुए कहा कि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में भाजपा-महायुति सरकार ने प्रगति को बहाल किया है। महाराष्ट्र ने विकास में अपना गौरव और विश्वास पुनः प्राप्त किया है। जहां भाजपा-महायुति है, वहां गति है, वहां महाराष्ट्र की प्रगति है। प्रधानमंत्री ने कहा कि एक विकसित महाराष्ट्र और एक मजबूत भारत के लिए महिलाओं को सशक्त बनाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जब महिलाएं आगे बढ़ती हैं, तो समाज आगे बढ़ता है। पिछले एक दशक में हमारी सरकार ने सभी बड़े फैसलों में महिलाओं को प्राथमिकता दी है। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तीकरण के लिए हमारी सरकार के कदमों से कांग्रेस और उसके सहयोगी नाराज हैं। महायुति सरकार की 'माझी लड़की बहिन योजना' को व्यापक सराहना मिली है, फिर भी कांग्रेस इसे बंद करने की साजिश कर रही है।

### महाविकास आघाड़ी की गाड़ी बिना पहिए व ब्रेक वाली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महाराष्ट्र में विपक्षी दलों का गठबंधन महा विकास अघाड़ी एक ऐसी गाड़ी है जिसमें न तो पहिए हैं और न ही ब्रेक है तथा वहां हर कोई ड्राइवर की सीट पर बैठने के लिए लड़ रहा है। मोदी ने कहा कि सिर्फ भाजपा नीत महायुति गठबंधन ही महाराष्ट्र का तेजी से विकास सुनिश्चित करेगा। मोदी ने कहा कि आप सभी जानते हैं कि महाराष्ट्र के साथ मेरा लगाव रहा है। उन्होंने कहा कि जब भी उन्होंने महाराष्ट्र से कुछ मांगा है, राज्य के लोगों ने उन्हें दिल खोल कर अपना आशीर्वाद दिया है। मोदी ने कहा, ह्यह्यमैं आपको आश्वस्त करता हूं कि पिछले ढाई वर्षों से जारी महाराष्ट्र के विकास की गति को रुकने नहीं दिया जाएगा।

# भारत भी वैश्विक महाशक्तियों की सूची का हकदार: पुतिन

## आर्थिक प्रगति में दुनिया का नेतृत्व कर रहा भारत : रूस

एजेंसी

**मॉस्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा है कि भारत वैश्विक महाशक्तियों की सूची में शामिल होने का हकदार है क्योंकि इसकी अर्थव्यवस्था वर्तमान में किसी भी अन्य देश की तुलना में तेजी से बढ़ रही है। सोचि में वल्दाई डिस्कशन क्लब के पूर्ण सत्र को संबोधित करते हुए पुतिन ने गुरुवार को यह भी कहा कि भारत के साथ रूस सभी दिशाओं में संबंध विकसित कर रहा है और द्विपक्षीय संबंधों में एक-दूसरे पर दोनों देशों का गहरा विश्वास है। उन्होंने कहा कि डेढ़ अरब की आबादी, दुनिया की सभी अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेज प्रगति, प्राचीन संस्कृति और भविष्य में विकास की बहुत अच्छी संभावनाओं की वजह से भारत को निःसंदेह महाशक्तियों की सूची में शामिल किया जाना चाहिए। भारत को महान देश बताते हुए पुतिन ने कहा कि हम भारत के साथ सभी दिशाओं में संबंध विकसित कर रहे हैं। भारत एक महान देश है, अब

**सुरक्षा व रक्षा क्षेत्र में दोनों देशों के बीच विकसित हो रहे संपर्क**

जनसंख्या के मामले में सबसे बड़ा देश है जहां की आबादी 1.5 अरब है और साथ ही जहां हर साल आबादी में एक करोड़ की वृद्धि होती है। उन्होंने कहा कि भारत आर्थिक प्रगति में दुनिया का नेतृत्व कर रहा है। रूसी समाचार एजेंसी तास ने पुतिन के हवाले से कहा कि हमारे संबंध कहाँ और किस गति से विकसित होंगे, इसका हमारा दृष्टिकोण आज की वास्तविकताओं पर आधारित है। हमारा सहयोग हर साल कई गुना बढ़ रहा है।

पुतिन ने कहा कि सुरक्षा और रक्षा क्षेत्र में भारत तथा रूस के बीच संपर्क विकसित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि देखिए कितने प्रकार के रूसी सैन्य उपकरण भारतीय सशस्त्र बलों की सेवा में हैं। इस रिश्ते में काफी हद तक विश्वास है। हम भारत को केवल अपने हथियार नहीं बेचते हैं; हम उन्हें



संयुक्त रूप से डिजाइन भी करते हैं। पुतिन ने उदाहरण के तौर पर ब्रह्मोस क्रूज मिसाइल परियोजना का उल्लेख किया।

उन्होंने कहा कि वास्तव में, हमने इसे (मिसाइल) तीन वातावरणों में उपयोग के लिए उपयुक्त बनाया है, हवा में, समुद्र में और जमीन पर। भारत के सुरक्षा लाभ के लिए संचालित ये परियोजनाएं जारी हैं। रूसी राष्ट्रपति ने कहा कि यह व्यापक रूप से ज्ञात है और किसी को भी इससे कोई समस्या नहीं है, लेकिन ये परियोजनाएं उच्च स्तर के आपसी विश्वास और सहयोग को प्रदर्शित करती हैं। इसलिए हम निकट भविष्य में यह जारी रखेंगे और मुझे उम्मीद है कि दूर भविष्य में भी हम ऐसा करना जारी रखेंगे। एजेंसी के अनुसार, पुतिन ने भारत और चीन के बीच सीमा पर कुछ कठिनाइयों को स्वीकार किया। हालाँकि, उन्होंने कहा कि अपने राष्ट्रों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए बुद्धिमान और सक्षम लोग समझौते की तलाश में हैं और अंततः उसे पा लेंगे।

### ट्रंप से बात करने को तैयार हैं पुतिन

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने अमेरिकी चुनाव जीतने पर डोनाल्ड ट्रंप को बधाई देते हुए कहा कि वह अमेरिका के अगले राष्ट्रपति से बात करने के लिए तैयार हैं। पुतिन ने अमेरिकी चुनावों के नतीजों पर अपनी पहली सार्वजनिक टिप्पणी रूस के सोची शहर में एक पोलिसी फोरम के दौरान की। एक लंबे भाषण के अंत में सवालों के जवाब देते हुए पुतिन ने कहा कि वह 'इस अवसर पर (ट्रंप को) संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति के रूप में उनके चुनाव पर बधाई देना चाहते हैं।' जब उनसे पूछा गया कि क्या वह ट्रंप के साथ चर्चा के लिए तैयार हैं, तो उन्होंने जवाब दियाः हम तैयार हैं। पुतिन ने कहा कि उन्हें नहीं पता कि यूक्रेन में युद्ध को जल्दी खत्म करने के लिए बातचीत करने के ट्रंप के प्रस्ताव का क्या नतीजा निकलेगा। हालांकि उन्होंने कहा कि अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति के प्रस्ताव अध्ययन के लायक हैं। रूसी राष्ट्रपति ने यह भी कहा कि इस साल की शुरूआत में पेंसिल्वेनिया में एक रैली में हत्या के प्रयास के दौरान ट्रंप ने जिस तरह से खुद को संभाला, उससे वे प्रभावित हैं। उन्होंने कहा कि वह एक साहसी व्यक्ति निकले।

# जहां दिखे सपाई, वहां बिटिया घबराई : योगी

**उप्र के सीएम बोले- डबल इंजन की सरकार बेटी और बहन के साथ खिलवाड़ नहीं करने देगी**

मुजफ्फरनगर । उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को मोरना में विधानसभा उपचुनाव में मीरापुर सीट के अपने पक्ष के उम्मीदवार के समर्थन में एक जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंन सपा पर जोरदार निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जहां दिखे सपाई, वहां बिटिया घबराई। यह सपा का नया ब्रांड है। यह बेटी-बहन की सुरक्षा में सेंध लगाने वाले लोग हैं। उन्होंने कहा 2012 से 2107 के बीच में एक नारा चलता था। एक बार मैं मुजफ्फरनगर आया था, तब एक नौजवान भीड़ से कह रहा था कि जिस गाड़ी पर सपा का झंडा, समझो बैठा है कोई गुंडा। आज मैं कह सकता हूं, जहां दिखे सपाई, वहां बिटिया घबराई। इनके कारनामे अयोध्या और कन्नौज में देखने को मिले हैं। इनको लोकलाज नहीं है। बेटियों और बहन की सुरक्षा में सेंध लगाने वाले लोग हैं। इनके वास्तविक संस्कार



देखने हैं तो सपा के सोशल मीडिया के हैंडल देखें, कितने घटिया स्तर की बातें करते हैं। यह सपा के चरित्र को दिखाता है। डबल इंजन की सरकार बेटी और बहन के साथ खिलवाड़ नहीं करने देगी। उन्होंने कहा कि पुलिस भर्ती के परिणाम आने वाले हैं। पहले जो उपेक्षित रहते थे। अब कोई दिक्कत नहीं है। बागपत, शामली, बुलंदशहर के लोगों को बड़े आराम से नौकरी मिल रही है।



चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ को सम्मानित करते अधिवक्ता कपिल सिब्बल।

### ट्रंप ने विल्स को व्हाइट हाउस का चीफ ऑफ स्टाफ बनाया



**वाशिंगटन।** संयुक्त राज्य अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड जे. ट्रंप ने अपने चुनाव में फ्लोरिडा की रणनीतिकार सूसी विल्स को व्हाइट हाउस का चीफ ऑफ स्टाफ नियुक्त किया है। वह व्हाइट हाउस की पहली अमेरिकन महिला चीफ ऑफ स्टाफ होंगी। उन्होंने लगभग चार साल तक ट्रंप के चुनाव अभियान की कमान संभाली। द न्यूयॉर्क टाइम्स की खबर के अनुसार, मंगलवार को चुनाव जीतने के बाद ट्रंप ने सूसी के रूप में व्हाइट हाउस में पहली नियुक्ति की है। 67 वर्षीय सूसी विल्स उनके परिवार के बेहद करीब हैं। विल्स ने ट्रंप को अराजक प्रबंधन शैली से उबारा है। वह 2016 और 2020 में भी ट्रंप के राजनीतिक अभियान से जुड़ी रही हैं। साथ ही मुकदमों से निपटने में भी ट्रंप की मदद की है। ट्रंप ने उनकी नियुक्ति की घोषणा करते हुए एक बयान में कहा कि सूसी सख्त, स्मार्ट, नवोन्मेषी हैं और सार्वभौमिक रूप से प्रशंसित और सम्मानित हैं। मुझे इसमें कोई संदेह नहीं है कि वह हमारे देश को गौरवान्वित करेंगी। सूसी के नवनिर्वाचित उपराष्ट्रपति जेडी वेंस, ट्रंप के दो बड़े बेटों डोनाल्ड ट्रम्प जूनियर और एरिक से घनिष्ठ संबंध हैं।



### मोदी ने आडवाणी को दी जन्मदिन की बधाई

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को भारत रत्न लाल कृष्ण आडवाणी से उनके आवास पर जाकर मुलाकात की और उन्हें जन्मदिन की शुभकामनायें दीं। महाराष्ट्र में चुनाव प्रचार के बाद दिल्ली लौटे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देर शाम आडवाणी से मुलाकात करने उनके आवास पहुंचे। लगभग आधा घंटा तक आडवाणी से मुलाकात की। प्रधानमंत्री ने अपने एक्स अकाउंट से तस्वीर साझा की है। उन्होंने लिखा कि आडवाणी जी के आवास पर जाकर उन्हें जन्मदिन की बधाई दी।

### बाजार को रास नहीं आया फेड की ब्याज दर में कटौती सेंसेक्स 55 अंक फिसला

**मुंबई।** अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के ब्याज दर में चौथाई फीसदी की एक और कटौती करने से विश्व बाजार में आई गिरावट के दबाव में स्थानीय स्तर पर ऊर्जा, तेल एवं गैस, रियल्टी, यूटिलिटीज और पावर समेत पंद्रह समूहों में हुई बिकवाली से शुक्रवार को शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन गिरकर बंद हुआ। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 55.47 अंक उतरकर 79,486.32 अंक पर आ गया। निफ्टी 51.15 अंक फिसलकर 24,148.20 अंक रह गया। इस दौरान बीएसई की दिग्गज कंपनियों से कहीं अधिक मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में गिरावट रही। इससे मिडकैप 1.18 प्रतिशत लुढ़ककर 46,080.07 अंक और स्मॉलकैप 1.52 प्रतिशत का गोता लगाकर 54,913.85 अंक पर रहा। बीएसई में 4064 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2575 में बिकवाली जबकि 1396 में लिवाली हुई वहीं 93 में कोई बदलाव नहीं हुआ।

# मैं ट्रोल किये जाने वाले जजों में से एक : सीजेआइ

## सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन ने चीफ जस्टिस चंद्रचूड़ को दी विदाई

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन की ओर से आयोजित अपने विदाई समारोह में कहा कि मैं सबसे अधिक ट्रोल किए जाने वाले जजों में से एक हूं। उन्होंने कहा कि सवाल तो अब उन ट्रोल करने वालों के लिए है, जो 11 नवंबर से क्या करेंगे। इस मौके पर सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कपिल सिब्बल ने सीजेआई के कार्यकाल में किये गए अहम फैसलों का उल्लेख करते हुए धन्यवाद दिया। इसके बाद सीजेआई को बार एसोसिएशन की तरफ से सम्मानित किया गया। चीफ

**मुखालिफत से मेरी शाख्सियत संवरती है मैं दुश्मनों का बड़ा एहतराम करता हूं : चंद्रचूड़**

जस्टिस ने बशीर बद्र का एक शेर पढ़कर ट्रोल करने वालों को जवाब दिया। उन्होंने जो शेर पढ़ा वो है मुखालिफत से मेरी शाख्सियत संवरती है मैं दुश्मनों का बड़ा एहतराम करता हूं। अपने विदाई समारोह को संबोधित करते हुए भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि सूर्य का प्रकाश सबसे अच्छा कीटाणुनाशक है। मैं जानता हूं कि मैंने कई तरीकों से अपने निजी जीवन को सार्वजनिक

**आईआईटी, धनबाद में एक दलित प्रतिभाशाली बच्चे का दाखिला करवाया : सीजेआइ**

ज्ञान के सामने उजागर किया है। जब आप अपने जीवन को सार्वजनिक ज्ञान के सामने उजागर करते हैं, तो आप खुद को आलोचना के लिए भी उजागर करते हैं, खासकर आज के सोशल मीडिया के युग में। मेरे कंधे इतने चौड़े हैं कि हम उन सभी आलोचनाओं को स्वीकार कर सकते हैं, जिनका हमने सामना किया है। बार ने हमारे द्वारा उठाए गए सभी कदमों को जबरदस्त समर्थन दिया है। चीफ जस्टिस ने कहा कि जब मैं बचपन में बीमार होता तो मेरी मां कहती कि औषधि नारायण के हाथों से मिलती है। डॉक्टर नारायण का स्वरूप है। उन्होंने कहा कि मेरे पिताजी ने बार के कई महान वकीलों को भी पढ़ाया। वो काफी अनुशासित थे। उन्होंने पुणे में एक छोटा फ्लैट लिया। मैंने पूछा तो उनका उत्तर था कि इसे अपनी सेवा के अंतिम दिन तक रखना, क्योंकि कभी भी अपने सिद्धांतों की वजह से ऐसी कोई स्थिति आए तो तुम्हें भरोसा रहेगा कि तुम्हारे सिर पर छत है। चीफ जस्टिस ने कहा कि हमने दो दिन पहले राजस्थान में दो ऐसे दृष्टिहीन छात्रों को लेकर आदेश दिया, जिनको साक्षात्कार में शामिल नहीं होने दिया गया, जबकि वो प्रतिभाशाली थे, मेरिट में थे। आईआईटी, धनबाद में एक दलित प्रतिभाशाली बच्चे का दाखिला करवाया। उसके पास 17500 रुपये नहीं थे। चीफ जस्टिस ने कहा कि वकील मुकदमे लेने या ना लेने का फैसला कर सकते हैं, लेकिन जज बनने के बाद ऐसा नहीं किया जा सकता। इस डर की भावना से ऊपर उठना होता है। बार की अहमियत भी तभी पता चलती है। रोज नया ज्ञान और नया तौर तरीका सीखने

